

परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

जिनवाणी-महोत्सव

सहस्रग्रन्थसंग्रह

❊ जन्मदिवस 19–03–1971 ❊ मुनिदीक्षा–11–05–1989 ❊ आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)


परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणाः–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)

जैन शिलालेखसंग्रह

= ०४



संग्राहक-सम्पादक
डॉक्टर विद्याधर जोहरापुरकर

प्रकाशक
भारतीय ज्ञानपीठ

(परम्परानायक)



परम पूज्य चारित्र-चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)




परम पूज्य तीर्थभक्त-शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)



परम पूज्य सिद्धान्त-चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)



परम पूज्य तपश्चर्या-चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्रायः होता है। फलतः उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तृत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि-परिवार

माणिकचन्द्र दि० जैन ग्रन्थमाला : ग्रन्थांक-४८

जैन शिलालेख संग्रह

[भाग चार]

संग्राहक-संपादक

डॉ० विद्याधर जोहरापुरकर,

एम० ए०, पीएच० डी०

प्रकाशक

भारतीय ज्ञानपीठ काशी

प्रथमावृत्ति] वीर निर्वाण संवत् २४९१ [मूल्य ७ रुपये

(आ) दक्षिण भारतके राजवंश १९-३२
(इ) राजाश्रयके विषयमें साधारण विचार ३२
४ जैन संघकी दुरवस्था ३२-३३
५ उपसंहार ३३

मूल लेख (तिथिक्रमसे) १–३८४

परिशिष्ट

१ श्वेताम्बर लेखोंकी सूचना ३८५-३८८
२ जैनेतर लेखोंमें जैन व्यक्ति आदिके उल्लेख ३८९-३९२
३ नागपुर प्रतिमा लेख संग्रह ३९३-४२९

मन्दिरों व मूर्तियोंका विवरण ४३०–४५४

नामसूची— ४५५

■

प्रधान-सम्पादकीय

प्राचीन कालकी मानवीय प्रवृत्तियोंका विधिवत् वर्णन व विश्लेषण ही इतिहास है। ऐसे इतिहासके लिए आधारभूत सामग्री प्राप्त होती है मानव-की निर्मितियोंके भग्नावशेषों अर्थात् गुफाओं, चैत्यों, स्तूपों, समाधियों, गृहों, मन्दिरादि धर्मायतनों व मूर्तियों जैसे स्थापत्यके भग्नावशेषोंसे, चित्रोंसे व साहित्यिक रचनाओंसे। किन्तु इनसे भी अधिक प्रामाणिक और यथावत् वृत्तान्त उन लेखोंसे मिलता है जो राजाओं व अन्य धनिकोंके दानकी तथा उनके द्वारा निर्माण कराये गये मन्दिरादिकी स्मृति-रक्षणार्थ पाषाणखण्डों व ताम्रपटों आदि पर उत्कीर्ण कराये गये पाये जाते हैं। ऐसे प्राचीनतम लेखोंकी लिपि बहुधा वही ब्राह्मी है जिससे आजकी नागरी लिपि विकसित हुई है, तथापि उसका प्राचीनतम रूप इतना भिन्न था कि उसे पढना बहुत कठिन सिद्ध हुआ। बड़े परिश्रमके पश्चात् उस लिपिकी कुंजी हाथ लगी, जिससे लगभग गत अढाई सहस्र वर्षोंके शिलालेख पढ़े और समझे जा सके। किन्तु चालीस-पचास वर्ष पूर्व सिन्धु घाटीसे ऐसे भी मुद्रालेख प्राप्त हुए हैं, जिन्हें पढ़ने और समझनेका अभी प्रयास ही चल रहा है, कोई सफलता प्राप्त नहीं हो सकी।

जो प्राचीन शिलालेख पढ़े गये और प्रकाशित हुए वे पुरातत्त्व विभागके बहुमूल्य व दुर्लभ ग्रन्थमालाओं व पत्रिकाओंमें समाविष्ट पाये जाते हैं। इनमें जैन धर्म सम्बन्धी शिलालेखोंका विवरण भी यत्र-तत्र बिखरा पाया जाता है। इन लेखोंका ऐतिहासिक महत्त्व तब प्रकट हुआ जब सन् १८८९ में मैसूरके पुरातत्त्व विभागकी ओरसे श्रवणबेल्गोलके १४४ शिला-लेखोंका अलगसे संग्रह एक विद्वत्तापूर्ण प्रस्तावना सहित प्रकाशित हुआ। सन् १९२२में इसका संशोधित और परिवर्धित संस्करण प्रकाशमें आया

जिसमे शिलालेखोंकी संख्या ५०० हो गयी। इसी बीच सन् १९०८ में फ्रासीसी विद्वान् गैरीनोकी एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई, जिसमें उन्होंने तब तक प्रकाशित हुए आठ सौ पचास जैन शिलालेखोंका परिचय कराया। इस सब सामग्रीके सम्मुख आनेपर कुछ जैन विद्वानोंकी आँखें खुलीं, और उन्हें अनुभव हुआ कि जब तक इस सामग्रीका उपयोग करते हुए धर्म व साहित्य सम्बन्धी लेख नहीं लिखे जायेंगे तबतक जैनधर्मका प्रामाणिक इतिहास प्रस्तुत नहीं किया जा सकता। स्वभावतः उस समय जो विद्वान् जैन साहित्य और इतिहासके संशोधनमें तल्लीन थे उन्हें इस आवश्यकताका विशेष रूपसे बोध हुआ। इनमे माणिकचन्द्र ग्रन्थमालाके संस्थापक व प्रधान सम्पादक स्वर्गीय पं० नाथूरामजी प्रेमीकी याद आती है। उन्होंने ही अपनी प्रेरणा-द्वारा जैनशिलालेख संग्रहका प्रथम भाग तैयार कराकर प्रस्तुत ग्रन्थमालाके २८वें पुष्पके रूपमे प्रकाशित किया, जिसमें श्रवणबेल्गोलके उपर्युक्त पाँच सौ शिलालेख नागरी लिपिमें हिन्दी सारांश तथा विस्तृत भूमिका व अनुक्रमणिकाओं सहित जिज्ञासुओं व लेखकोंको अति सुलभ हो गये। इसका तुरन्त ही हमारे साहित्य व इतिहास संशोधन कार्यपर महत्त्वपूर्ण प्रभाव दृष्टिगोचर होने लगा। तद्विषयक लेखोंमे इनके उपयोग द्वारा बड़ी वांछनीय प्रामाणिकता आने लगी जिसके लिए प्रेमीजी-जैसे विद्वान् बहुत आतुर थे। अब उन्हे अन्य शिलालेखों को भी इसी रूपमे सुलभ पानेकी अभिलाषा तीव्र हुई जिसके फलस्वरूप उक्त गैरीनो महोदयकी रिपोर्टके आधार शिलालेख संग्रह भाग २ और ३ में (ग्र० ४५-४६ सन् १९५२, १९५७) आठ सौ पचास लेखोंका पाठ व परिचय हमारे सम्मुख आ गया।

आगेका लेख-संग्रह कार्य बड़ा कठिन प्रतीत हुआ, क्योंकि इसके लिए कोई व्यवस्थित सूचियाँ उपलभ्य नहीं थीं। किन्तु इस कार्यको पूरा कराना हमने अपना विशेष कर्तव्य समझा। सौभाग्यसे डॉक्टर विद्याधर जोहरापुरकरने यह कार्य-भार अपने ऊपर लेकर विशेष प्रयासों द्वारा यह छह सौ

चौवन लेखोंका परिचय करानेवाला चौथा संग्रह प्रस्तुत कर दिया। प्रस्तावनामें उन्होंने लेखोंका काल, प्रदेश, भाषा, प्रयोजन, मुनिसंघ, राजवंश आदि दृष्टियोंसे जो विश्लेषण व अध्ययन किया है वह बहुत महत्त्वपूर्ण है इसके लिए हम उनके बहुत कृतज्ञ हैं। हमें दुःख है कि पण्डित नाथूरामजी प्रेमी आज हमारे बीच नहीं रहे! कितना हर्ष होता उन्हें इस नये लेख संग्रहको देखकर!

शिलालेख-संग्रहके इन भागोंमें संकलित सामग्रीका जैन साहित्य और इतिहासके संशोधन कार्यमें विशेष उपयोग हो रहा है, और होगा इसमें सन्देह नहीं। किन्तु इस विषयमें अब तकके अनुभवके आधारसे कुछ सूचनाएँ कर देना हम अपना कर्तव्य समझते हैं—

१. लेखोंका जो मूल पाठ यहाँ प्रस्तुत किया गया है, वह सावधानी पूर्वक तो अवश्य लिया गया था, तथापि उसे अन्त-प्रमाण होनेका दावा नहीं किया जा सकता। कन्नड लेखोंको यहाँ जो देवनागरीमे लिखा गया है उसमे भी लिपिभेदसे अशुद्धियाँ हो जाना सम्भव है। आगे-पीछे विशिष्ट विद्वानों-द्वारा पाठ व अर्थ-संशोधन सम्बन्धी लेख लिखे ही गये होंगे। अतएव विशेष महत्त्वपूर्ण मौलिक स्थापनाओंके लिए संशोधकोंको मूलस्रोतों का भी अवलोकन कर लेना चाहिए।

२. इधर कुछ कालसे ऐसी प्रवृत्ति दिखाई देती है कि जहाँ दो आचार्योंमें नाम-साम्य दिखाई दिया वहाँ उन्हे एक ही मान लिया गया। किन्तु यह बात भ्रामक है। एक ही नामके अनेक आचार्य विविध कालोंमें भी हुए हैं और सम-सामयिक भी। अतएव उन्हे एक सिद्ध करनेके लिए नाममात्रके अतिरिक्त अन्य प्रमाणोंकी भी खोज करना चाहिए।

३. इन प्रकाशित शिलालेखोंसे यह अपेक्षा नहीं करना चाहिए कि उनमें समस्त प्राचीन आचार्योंका उल्लेख आ ही गया है: अतएव इनमे किसी आचार्यके नामका अभाव किसी विशिष्ट अनुमान व तर्कका आधार

नहीं बनाया जा सकता। ये लेख जैन मुनियोंकी पूरी गणनाका लेखा नहीं समझना चाहिए।

४. कन्नड लेखोंका जो सार हिन्दीमें दिया गया है उसीके आधार मात्रसे कोई नयी कल्पनाएँ नहीं करना चाहिए। उसके लिए मूल पाठ और उसके शब्दशः अनुवादका अवश्य अवलोकन करना चाहिए।

यथार्थतः ये लेख-संग्रह सामान्य जिज्ञासुओके लिए तो पर्याप्त हैं। किन्तु विशेष संशोधकोंके लिए तो ये मूल सामग्रीकी ओर दिग्निर्देश मात्र ही करते हैं।

इस ग्रन्थमालाको अपनी गोदमें लेकर श्री शान्तिप्रसादजी व श्रीमती रमारानीजीने न केवल समाजके एक अग्रणी हितैषी सेठ माणिकचन्द्रजीकी स्मृतिकी रक्षा की है व ग्रन्थमालाके जन्मदाता पं० नाथूरामजी प्रेमीकी भावनाको सम्मान दिया है किन्तु जैन साहित्यकी रक्षा व जैन इतिहासके नवनिर्माण कार्यमे बड़ी महत्त्वपूर्ण सेवा की है जिसके लिए समाज सदैव उनका ऋणी रहेगा।

– ही. ला. जैन
– आ. ने. उपाध्ये
(प्रधान सम्पादक)

प्राक्कथन

प्रस्तुत संग्रहका प्रथम भाग डॉ० हीरालालजी जैन-द्वारा संपादित होकर सन् १९२८ मे प्रकाशित हुआ था। उसमें श्रवणबेलगोल तथा निकटवर्ती स्थानोंके ५०० लेख संकलित हुए थे। इसका दूसरा तथा तीसरा भाग श्री विजयमूर्ति शास्त्री-द्वारा संकलित हुआ। इन दो भागोंमें फ्रेन्च विद्वान् डॉ० गेरिनो-द्वारा संपादित पुस्तक 'रिपोर्टेर द एपिग्राफी जैन'के आधारसे ८५० लेख दिये हैं। डॉ० गेरिनोकी पुस्तक पैरिससे सन् १९०८ में प्रकाशित हुई थी। अतः इन दो भागोंमे सन् १९०८ तक प्रकाशित हुए लेख ही आ सके है। इन ८५० लेखोंमे-से १४० लेख प्रथम भागमे आ चुके है तथा १७५ लेख श्वेताम्बर सम्प्रदायके है अतः इनकी सूचना-भर दी गयी है — शेष ५३५ लेखोंका पूरा विवरण दिया गया है। इस तरह पहले तीन भागोंमें कुल १०३५ लेखोंका संग्रह हुआ है।

सन् १९५७ में इस संग्रहके तीसरे भागके प्रकाशित होनेपर श्रीमान् डॉ० उपाध्येजीने हमे प्रस्तुत चौथे भागके संपादनके लिए प्रेरित किया। तबसे कोई चार वर्ष तक अवकाशके समयका उपयोग कर यह कार्य हमने किया। इसे कुछ विस्तृत रूप देनेके लिए हमने सन् १९६१ की गर्मियोंकी छुट्टियोंमें दो सप्ताह तक उटकमंड स्थित प्राचीनलिपिविद्— कार्यालयमें भी अध्ययन किया। इसके फलस्वरूप सन् १९०८ के बाद प्रकाशित हुए कोई ६५४ लेखोंका संग्रह प्रस्तुत भागमें प्रकाशित हो रहा है।

यद्यपि ये सब लेख पुरातत्त्वविभागके प्रकाशनोंमें पहले प्रकाशित हो चुके हैं तथापि साधारण अभ्यासकके लिए वे सुलभ नहीं हैं — उनका संपादन अँगरेजीमें हुआ है तथा उनका मूल्य भी बहुत अधिक है। अतः इस संग्रहमे उनका पुनः प्रकाशन उपयोगी होगा

इसमें सन्देह नहीं है।

यह कहना तो संभव नहीं है कि इन भागोंमें अबतक प्रकाशित सब लेख संगृहीत हो चुके हैं – तथापि अधिकांश लेखोंका संग्रह करनेकी हमने कोशिश की है।

यह स्पष्ट ही है कि इन प्रकाशित लेखोंके अतिरिक्त अभी सैकड़ों लेख अप्रकाशित भी हैं – विशेषकर मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात तथा उत्तरप्रदेशके सैकडों मूर्तियो तथा मन्दिरों आदिके लेखों-का अध्ययन अभी बहुत कम हुआ है। परिशिष्टमे दिये हुए नागपुर मूर्तिलेख संग्रहसे इस कार्यके विस्तारकी कल्पना हो सकती है। हमें आशा है कि इन लेखोंका संग्रह भी प्रस्तुत मालाके अगले भागोंमे प्रकाशित हो सकेगा।

माणिकचन्द्र ग्रन्थमालाके प्रारम्भसे ही इसका कार्य स्व० नाथू-रामजी प्रेमीने बहुत श्रद्धा तथा उत्साहसे सँभाला था। हमें जैन इतिहासके अध्ययनमें उनसे बहुत प्रोत्साहन मिला है। खेद है कि इस पुस्तकके सम्पादनके पूर्ण होनेसे पहले ही उनका स्वर्गवास हो गया। हम उन्हें कृतज्ञतापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

प्रस्तुत संग्रहकी प्रेरणाके लिए हम आदरणीय डॉ० उपाध्येजीके भी ऋणी है। उटकमंडके प्राचीन लिपिविद् कार्यालयके प्रमुख डॉ० दिनेशचन्द्र सरकारसे वहाँके पुस्तकालयमें अध्ययनकी सुविधा मिली तथा वहाँके अन्य अधिकारी डॉ० गै एवं श्री० रित्तीसे अच्छा सहयोग मिला एतदर्थ हम उनके ऋणी हैं। उन सब विद्वानोंका ऋण तो स्पष्ट ही है जिन्होंने इन लेखोंका पहले सम्पादन किया था तथा विभिन्न पत्रिकाओंमें उन्हें प्रकाशित किया था।

अन्तमे कन्नड भाषा अथवा इतिहासके अज्ञानवश जो त्रुटियाँ रही हों उनके लिए हम पाठकोंसे क्षमा चाहते हैं।

जावरा – दिसम्बर १९६१　　– वि० जोहरापुरकर

संकेत-सूची

(अ) पूर्णतः उपयुक्त पत्रिकाएँ –

ए० इ०	एपिग्राफिया इण्डिका
रि० इ० ए०	एन्युअल रिपोर्ट ऑन इण्डियन एपिग्राफी
रि० सा० ए०	एन्युअल रिपोर्ट ऑन साउथ इण्डियन एपिग्राफी
इ० म०	इन्स्क्रिप्शन्स ऑफ़ दि मद्रास प्रेसिडेन्सी
इ० पु०	इन्स्क्रिप्शन्स ऑफ़ दि पुदुकोट्टै स्टेट
ए० रि० मै०	एन्युअल रिपोर्ट ऑफ़ दि मैसोर आर्किऑलॉजिकल डिपार्टमेण्ट
रि० आ० स०	एन्युअल रिपोर्ट ऑफ दि आर्किऑलॉजिकल सर्व्हे ऑफ़ इण्डिया

(आ) अंशतः उपयुक्त पत्रिकाएँ –

सा० इ० इ०	साउथ इण्डियन इन्स्क्रिप्शन्स
इ० ए०	इण्डियन एण्टिक्वेरी
मे० आ० स०	मेमॉयर्स ऑफ दि आर्किऑलॉजिकल सर्व्हे ऑफ़ इण्डिया
इ० हि० का०	इण्डियन हिस्टॉरिकल काँग्रेस-रिपोर्ट
इ० ओ० का०	इण्डियन ओरिएण्टल कॉन्फरन्स-रिपोर्ट

प्रस्तावना

१. लेखोंका साधारण परिचय—

जैन शिलालेख संग्रहके प्रस्तुत चौथे भागमे कुल ६५४ लेख संगृहीत है। इन्हे समयके क्रमसे प्रस्तुत किया है। इसमे सन्पूर्व चौथी सदीका १ (क्र० १) सन्पूर्व तीसरी सदीका १ (क्र० २), सन्पूर्व पहली सदीके ११ (क्र० ३ से १३,) सन् पहली सदीका १ (क्र० १४), दूसरी सदीके ४ (क्र० १५ से १८), पाँचवी सदीका १ (क्र० १९), छठी सदीके दो (क्र० २० व २१), सातवीं सदी के २२ (क्र० २२ से ४३) आठवीं सदीके १० (क्र० ४४ से ५३), नौवीं सदीके २० (क्र० ५४ से ७३), दसवीं सदीके ४२ (क्र० ७४ से ११५), ग्यारहवी सदीके ६७ (क्र० ११६ से १८२), बारहवीं सदीके १३४ (क्र० १८३ से ३१६,) तेरहवी सदीके ७३ (क्र० ३१७ से ३८९), चौदहवीं सदीके ३० (क्र० ३९० से ४१९), पन्द्रहवीं सदीके ३५ (क्र० ४२० से ४५४) सोलहवी सदीके ४७ (क्र० ४५५ से ५०१), सत्रहवीं सदीके १५ (क्र० ५०२ से ५१६), अठारहवीं सदीके ११ (क्र० ५१७ से ५२७), तथा उन्नीसवीं सदीके ८ (क्र० ५२८ से ५३५) लेख है। शेष ११९ लेखोंका समय अनिश्चित है।

इन ६५४ लेखोंमे राजस्थानके २१, उत्तरप्रदेशके ९, बिहारके ४, बंगालका १, गुजरातके ३, मध्यप्रदेशके १५, उड़ीसाके १६, महाराष्ट्रके ७, आन्ध्रके ४६, मद्रासके ८२, केरलका १ एवं मैसूर प्रदेशके ४४७ लेख हैं।

भाषाकी दृष्टिसे इन लेखोंका विभाजन इस प्रकार है – प्राकृतके १८, संस्कृतके ८८, हिन्दीके ३, तेलुगुके ८, तमिलके ७७ एवं कन्नडके ४६०।

प्रयोजनकी दृष्टिसे ये लेख मुख्यतः चार भागोंमें बाँटे जा सकते है –८७ लेखोंमें जिनमन्दिरोंके निर्माण अथवा जीर्णोद्धारका वर्णन है, १२६ लेखोंमें जिनमूर्तियोंकी स्थापनाका वर्णन है, २०८ लेखोंमें मन्दिरों तथा मुनियोंको गाँव, ज़मीन, सुवर्ण, करोंकी आय आदिके दानका वर्णन है, तथा १६४ लेखोंमें मुनियों, गृहस्थों तथा महिलाओंके समाधिमरणका उल्लेख है। इसके अतिरिक्त १३ लेखोंमें गुहा-निर्माणका, ४ लेखोंमें (क्र० ४८६, ४८७, ४८९ तथा ५७६) मठोंके आर्थिक व्यवहारोंका, ३ लेखोंमें (क्र० ४२५, ४७१ तथा ४७२) साम्प्रदायिक समझौतोंका एवं एक लेख (क्र० ५०७) में सामाजिक कुरूढिके निवारणका वर्णन है।

लेखोंके इस स्थूल परिचयके बाद हम इनसे प्राप्त ऐतिहासिक तथ्योंका कुछ विस्तारसे अवलोकन करेंगे – पहले जैनसंघके बारेमें तथा बादमें राजवंशों आदिके विषयमें।

२. जैनसंघका परिचय—

(अ) **यापनीय संघ**—प्रस्तुत संग्रहमें यापनीय संघका उल्लेख कोई १७ लेखोंमें हुआ है। इनमें सबसे प्राचीन लेख गंग राजा अविनीतका ताम्रपत्र है जो छठी सदीके पूर्वार्धका है (ले० २०)[1]। इसमें 'यावनिक' संघ-द्वारा अनुष्ठित एक मन्दिरके लिए राजा-द्वारा कुछ दान दिये जानेका वर्णन है।

इस संघके कुमिलि अथवा कुमुदि गणका उल्लेख चार लेखोंमें है[2] (क्र० ७०, १३१, ६११ एवं ६१२)। इनमें पहले लेख (क्र० ७०) में नौवीं सदीमें इस गणके महावीर गुरुके शिष्य अमरमुदल गुरुका वर्णन है। इन्होंने कीरेप्पाक्कम् ग्रामके उत्तरमें देशवल्लभ जिनालयका निर्माण

---

१. पहले संग्रहके क्र० ९९, १०० तथा १०५ लेखोंमें ५वीं सदीके उत्तरार्धमें भी यापनीय संघका उल्लेख है।

२. पहले संग्रहमें इस गणका कोई उल्लेख नहीं है।

कराया था। दूसरे लेख (क्र० १३१) में सन् १०४५ में इस गणके कुछ आचार्योंका वर्णन है। इस समय चावुण्ड नामक अधिकारीने मुगुन्द ग्राममे एक जिनालय बनवाया था। अन्य दो लेख (क्र० ६११ तथा ६१२) अनिश्चित समयके निषिधि लेख हैं। इनमे पहला लेख इस गणके शान्त-वीरदेवके समाधिमरणका स्मारक है।

यापनीय संघका दूसरा गण पुन्नागवृक्षमूल गण चार लेखोंसे ज्ञात होता है (क्र० १३०, २५९, १६८, ६०७)। पहले लेखमें सन् १०४४ में इस गणके बालचन्द्र आचार्यको पूलि नगरके नवनिर्मित जिनालयके लिए कुछ दान दिये जानेका वर्णन है। इसी लेखके उत्तरार्धमे सन् ११४५ मे इस गणके रामचन्द्र आचार्यको कुछ दान दिये जानेका उल्लेख है। इस गणका अगला उल्लेख (क्र० २५९) सन् ११६५ का है। इसमें इस गणकी गुरुपरम्परा इस प्रकार दी है – मुनिचन्द्र – विजयकीर्ति – कुमार-कीर्ति त्रैविद्य – विजयकीर्ति (द्वितीय)। शिलाहार राजा विजयादित्यके सेनापति कालणने एक्कसम्बुगे नगरमे एक जिनालय बनवाकर उसके लिए विजयकीर्ति (द्वितीय) को कुछ दान दिया था। एक लेखमें (क्र० १६८) वृक्षमूलगणके मुनिचन्द्र त्रैविद्यके शिष्य चारुकीर्ति पण्डित-को कुछ दान दिये जानेका वर्णन है – यह सन् १०९६ का लेख है। एक अनिश्चित समयके लेख (क्र० ६०७) में भी वृक्षमूलगणके एक मन्दिर कुसुमजिनालयका उल्लेख है। हमारा अनुमान है कि इन दो लेखोंका वृक्षमूलगण पुन्नागवृक्षमूलगणसे भिन्न नही होगा।[1]

यापनीय संघके कण्डूर गणका उल्लेख तीन लेखोमें है (क्र० २०७, ३६८,३८६) इनमें पहला लेख १२वीं सदीके पूर्वार्धका है तथा इसमे

---

१. पहले संग्रहमें पुन्नागवृक्षमूलगणके दो उल्लेख सन् ८१२ तथा सन् ११०८ के हैं (क्र० १२४, २५०)।

इस गणके बाहुबली, शुभचन्द्र, मौनिदेव एवं माघनन्दि इन चार आचार्यों-का वर्णन है – इनमें परस्पर सम्बन्ध बतलाया नहीं है। दूसरे लेखमें १३वीं सदीमें इस गणके एक मन्दिरका उल्लेख है तथा तीसरे लेखमें इसी समयकी एक जिनमूर्तिका उल्लेख है।[1]

इसी संघके कारेयगणका उल्लेख १२वीं सदीके पूर्वार्धके एक लेख (क्र० २०९) में है। मुल्लभट्टारक तथा जिनदेवसूरि ये इस गणके आचार्य थे।[2]

पाँच लेखोंमें यापनीय संघका उल्लेख किसी गण या गच्छके बिना ही प्राप्त होता है (क्र० १४३,२९८–३००,३८४)। इनमें पहला लेख सन् १०६० का है तथा इससे जयकीर्ति – नागचन्द्र – कनकशक्ति इस गुरुपरम्पराका पता चलता है। अगले दो लेख १२वीं सदीके है तथा इनमें मुनिचन्द्र एवं उनके शिष्य पाल्यकीर्तिके समाधिमरणका उल्लेख है। अन्तिम लेखमें १३वीं सदीमें त्रैकीर्ति आचार्यका उल्लेख है।

इस तरह प्रस्तुत संग्रहसे यापनीय संघका अस्तित्व छठी सदीसे तेरहवीं सदी तक प्रमाणित होता है।[3]

(आ) मूलसंघ—प्रस्तुत संग्रहमें मूलसंघके अन्तर्गत सेनगण, देशी गण, सूरस्थगण, बलगारगण (बलात्कार गण) क्राणूरगण तथा निगमा-

---

१. पहले संग्रहमें इस गणका उल्लेख सन् ९८० में हुआ है (क्र० १६०)।

२. पहले संग्रहमें इस गणके दो लेख सन् ८७५ तथा दसवीं सदी-पूर्वार्धके हैं (क्र० १३०,१८२)।

३. पहले संग्रहमें यापनीय संघके तीन और गणोंका उल्लेख है – कनकोपलसम्भूत वृक्षमूल गण, श्रीमूलमूलगण तथा कोटिमडुव गण-(तीसरा भाग-प्रस्तावना पृ० २७–२९)।

न्वय इन छह परम्पराओंके उल्लेख विस्तारसे मिलते है।[1] इनका अब क्रमशः विवरण प्रस्तुत करेंगे।

(आ १) सेनगण—इसका प्राचीनतम उल्लेख सन् ८२१ का है (क्र० ५५)। इस लेखमे इसे 'चतुष्टय मूलसंघका उदयान्वय सेनसंघ' कहा है। इसकी आचार्यपरम्परा मल्लवादी-सुमति पूज्यपाद-अपराजित इस प्रकार थी। लेखके समय गुजरातके राष्ट्रकूट शासक कर्कराज सुवर्णवर्षने अपराजित गुरुको कुछ दान दिया था।[2]

सेनगणके तीन उपभेद थे – पोगरि अथवा होगरि गच्छ, पुस्तक गच्छ, एवं चन्द्रकवाट अन्वय। पोगरि गच्छका पहला लेख (क्र० ६१) सन् ८९३ का है तथा उसमें विनयसेनके शिष्य कनकसेनको कुछ दान दिये जानेका उल्लेख है। इस लेखमे इसे मूलसंघ-सेनान्वयका पोगरियगण कहा है। दूसरा लेख (क्र० १३४) सन् १०४७ का है तथा इसमें नागसेन पण्डितको सेनगण-होगरि गच्छके आचार्य कहा है। इन्हे चालुक्य राज्ञी अक्कादेवीने कुछ दान दिया था।[3]

चन्द्रकवाट अन्वयका पहला लेख (क्र० १३८) सन् १०५३

---

१. पहले संग्रहमें उल्लिखित देवगणका कोई लेख इस संग्रहमें नहीं है। पहले संग्रहमें मूलसंघके प्राचीन उल्लेख (क्र० ९०, ९४) पाँचवीं सदीके हैं। तथा उनमें गण आदिका उल्लेख नहीं है।

२. पहले संग्रहमें सेनगणका प्राचीनतम उल्लेख सन् ९०३ का है (क्र० १३७)। इसे देखकर डॉ० चौधरीने कल्पना की थी कि आदिपुराणकर्ता जिनसेन ही सेनगणके प्रवर्तक होंगे (तीसरा भाग प्रस्तावना पृ० ४४) किन्तु प्रस्तुत लेखसे जिनसेनके गुरु वीरसेनके समयमें ही सेनसंघकी परम्पराका अस्तित्व प्रमाणित होता है। वीरसेनने धवलाटीकाकी रचना सन् ८१६ में पूर्ण की थी।

३. पहले संग्रहमें पोगरिगच्छके चार उल्लेख सन् १०४५ से १२७१ तक के आय हैं। (क्र० १८६,२१७,१८६,५११)

का है तथा इसमें अजितसेन-कनकसेन-नरेन्द्रसेन-नयसेन इस परम्पराका वर्णन है। लेखके समय सिन्द कुलके सरदार कंचरसने नयसेनको कुछ दान दिया था। नयसेनके शिष्य नरेन्द्रसेन (द्वितीय) का उल्लेख सन् १०८१ के लेख (क्र० १६५) में मिलता है। दोण नामक अधिकारी-द्वारा इन्हें कुछ दान दिया गया था। इन लेखोंमें नरेन्द्रसेन तथा नयसेनकी व्याकरण-शास्त्रमें निपुणताके लिए प्रशंसा की गयी है।[1]

एक लेख (क्र० १४७) मे चन्द्रिकवाट वंशके शान्तिनन्दि भट्टारकका सन् १०६६ में उल्लेख है। इसमे मूलसंघका उल्लेख है किन्तु सेनगणका उल्लेख नहीं है।

सेनगणके तीसरे उपभेद पुस्तकगच्छका वर्णन १४वीं सदीके एक लेख (क्र० ४१५) में है। इसमे ग्यारह आचार्योंकी परम्परा बतलायी है। इस परम्पराके प्रभाकरसेनके शिष्य लक्ष्मीसेनके समाधिमरणका प्रस्तुत लेखमें वर्णन है। लक्ष्मीसेनके शिष्य मानसेनका समाधिमरण सन् १४०५ में हुआ था (ले० ४२१)।

प्रस्तुत, संग्रहके पाँच लेखोंमे सेनगणका उल्लेख किसी उपभेदके बिना हुआ है (क्र० ४९२, ४९३, ५०४, ५०७, ६२६)। पहले दो लेखोंमे सन् १५९७ में सोमसेन भट्टारक-द्वारा एक मन्दिरके जीर्णोद्धारका वर्णन है। अगले दो लेखों (५०४, ५०७) मे समन्तभद्र आचार्यका सन् १६२२ एवं १६३२ मे उल्लेख है। सन् १६२२ में उन्होंने एक मन्दिरका जीर्णोद्धार किया था तथा सन् १६३२ मे दीवालीका त्यौहार मनानेके ढंगमे कुछ सुधार किया था। अन्तिम लेख अनिश्चित समयका है तथा इसमें प्रसिद्ध वादी भावसेन त्रैविद्यचक्रवर्तीके समाधिमरणका उल्लेख है।[2]

१. पहले संग्रहमें चन्द्रकवाट अन्वयका कोई वर्णन नहीं है।

२. भावसेन कृत संस्कृत ग्रन्थ विश्वतत्त्वप्रकाश जीवराज ग्रन्थमाला (शोलापुर) द्वारा प्रकाशित हो रहा है। इसकी प्रस्तावनामें हमने भावसेनका समय १३वीं सदीका उत्तरार्ध निश्चित किया है।

इस तरह प्रस्तुत संग्रहके १३ लेखोंसे सेनगणका अस्तित्व आठवीं सदीसे सत्रहवीं सदी तक प्रमाणित होता है।[1]

(आ २) देशीगण—प्रस्तुत संग्रहमे देशीगणके पुस्तकगच्छ, आर्य-संघग्रहकुल, चन्द्रकराचार्याम्नाय, तथा मैणदान्वय इन चार परम्पराओंका उल्लेख हुआ है।

पुस्तकगच्छका एक उपभेद पनसोगे (अथवा हनसोगे) बलि था। इसका पहला उल्लेख (क्र० ७४) दसवीं सदीके प्रारम्भका है[2] तथा इसमें श्रीधरदेवके शिष्य नेमिचन्द्रके समाधिमरणका उल्लेख है। इस बलिका दूसरा लेख (क्र० २७२) सन् ११८० के आसपासका है तथा इसमें नयकीर्तिके शिष्य अध्यात्मी बालचन्द्र-द्वारा एक मूर्तिकी स्थापनाका वर्णन है। इस शाखाके चार लेख और हैं (क्र० २९२, ३३५, ४१६ तथा ५३८) जो बारहवींसे चौदहवीं सदी तकके है। इनमें ललितकीर्ति, देवचन्द्र तथा नयकीर्ति आचार्योंका उल्लेख है। अन्तिम लेखमें 'घनशोकवली' इस प्रकार इस शाखाके नामका संस्कृतीकरण किया गया है।

पुस्तकगच्छका दूसरा उपभेद इंगुलेश्वर बलि था। इसका उल्लेख सात लेखोंमें (क्र० २९०, ३१०, ३६९, ३७८, ३८२, ६०६, ६४२) मिला है। ये सब लेख १२वीं – १३वीं सदीके हैं। तथा इनमें हरि-चन्द्र, श्रुतकीर्ति, भानुकीर्ति, माघनन्दि, नेमिदेव, चन्द्रकीर्ति तथा जयकीर्ति

---

१. सेनगणकी पुष्करगच्छ नामक शाखा कारंजा (विदर्भ) में १५वीं सदीसे २०वीं सदी तक विद्यमान थी। इसका विस्तृत वृत्तान्त हमारे ग्रन्थ 'भट्टारक सम्प्रदाय' में दिया है। पुष्करगच्छ सम्भवतः पोगिरि गच्छका ही संस्कृत रूप है।

२. यही इस संग्रहमें देशीगणका पहला उल्लेख है। पहले संग्रहमें देशीगणके उल्लेख सन् ८६० (क्र० १२७) से मिले हैं तथा पन-सोगे शाखाके उल्लेख सन् १०८० (क्र० २२३) से प्राप्त हुए हैं।

इन आचार्योंके उल्लेख मिलते हैं।[1]

प्रस्तुत संग्रहमें पुस्तकगच्छके उल्लेख बिना किसी उपभेदके भी कई लेखोंमें मिलते हैं। इनमें पहला लेख (क्र० १६४) सन् १०८१ का है तथा इसमें सकलचन्द्र भट्टारकका उल्लेख है। इस प्रकारके अन्य लेख १७ हैं (क्र० १७१, १७७–८, १९०, २०३, २३४, २५१, ३१८–९, ३६१-६, ४९०, ५६१)। ये लेख १६वीं सदी तकके हैं। इनसे कोई विस्तृत गुरु-परम्पराका पता नहीं चलता[2]!

देशीगणके दूसरे उपभेद आर्यसंघग्रहकुलका उल्लेख एक ही लेख (क्र० ९४) में मिला है। यह लेख दसवीं सदीका है तथा इसमें कुलचन्द्र-के शिष्य शुभचन्द्रका उल्लेख है। विशेष यह है कि यह लेख उड़ीसाके खण्डगिरिपर्वतपर मिला है जब कि देशीगणके अन्य उल्लेख मैसूर प्रदेशके हैं।[3]

देशी गणका तीसरा उपभेद चन्द्रकराचार्याम्नाय भी एक ही लेखसे ज्ञात होता है (क्र० २१७) तथा यह मध्यप्रदेशमें मिला है। इसमें प्रतिष्ठाचार्य सुभद्र-द्वारा १२वीं सदीके पूर्वार्धमें एक मन्दिरकी प्रतिष्ठाका उल्लेख है।[4]

देशी गणके चौथे उपभेद मैणदान्वयके शुभचन्द्र आचार्यका एक उल्लेख १३वीं सदीमें मिला है (क्र० ३७२)।[5]

---

१. पहले संग्रहमें इंगुलेश्वर बलिके उल्लेख सन् ११८३ (क्र० ४११) से सन् १५४४ (क्र० ६७३) तकके हैं।

२. पहले संग्रहमें पुस्तक गच्छके उल्लेख सन् ८६० (क्र० १२७) से सन् १८१३ (क्र० ७५३) तक के हैं।

३, ४ पहले संग्रहमें इन दोनों उपभेदोंका कोई उल्लेख नहीं है।

५. पहले संग्रहमें इस अन्वयका उल्लेख नहीं है इससे मिलता जुलता एक उपभेद वाणद बलि है जो पुस्तकगच्छके अन्तर्गत था (क्र० ४७८) इसका उल्लेख सन् १२३२ का है।

किसी उपभेदके बिना भी देशीगणके कई उल्लेख मिले है। इनमे दो लेखोंमें (क्र० ८३, १६९) सन् ९५० तथा १०९६ में गुणचन्द्र और रविचन्द्र आचार्योंका उल्लेख है। इन लेखोंमें देशी गणके साथ सिर्फ़ कोण्डकुन्दान्वय यह विशेषण है। कोई १८ लेखोंमें मूलसंघ – देशीगण इस प्रकार उल्लेख है। इनमें प्राचीनतर लेख (क्र० १९३, २२९, २५६) बारहवीं सदीके हैं। कोई ८ लेखोंमे देशीगणके साथ अन्य कोई विशेषण नहीं है। ऐसे लेखोंमे प्राचीनतर लेख (क्र० १२६, १३९, १४०) सन् १०३२ तथा १०५४ के है और इनमें अष्टोपवासी कनकनन्दि आचार्यको कुछ दान देनेका वर्णन है।

(आ ३) कोण्डकुन्दान्वय—देशी गणके पुस्तक गच्छको प्रायः कोण्डकुन्दान्वय यह विशेषण दिया गया है। कुछ लेखोंमें किसी संघ या गणके बिना सिर्फ़ कोण्डकुन्दान्वयका उल्लेख है। ऐसे लेखोंमें प्राचीनतर लेख (क्र० १८०, २२२) ग्यारहवीं-बारहवीं सदीके हैं। एक प्राचीन लेख (क्र० ५४) मे सन् ८०८ मे कोण्डकुन्देय अन्वयके सिंमलगेगूरु गण-के कुमारनन्दि-एलवाचार्य-वर्धमानगुरु इस परम्पराका उल्लेख है। वर्ध-मानगुरुको राष्ट्रकूट राजा कम्भराजने एक ग्राम दान दिया था। इस लेखमे कोण्डकुन्देय अन्वय यह शब्द प्रयोग है जो स्पष्टतः कोण्डकुन्दे स्थान-का सूचक है।[१]

(आ ४) सूरस्थ गण – प्रस्तुत संग्रहमें इस गणका पहला उल्लेख सन् ९६२ का है (क्र० ८५)। इसमे प्रभाचन्द्र – कलनेलेदेव-रविचन्द्र-

---

१. पहले संग्रहमें कोण्डकुन्दान्वयका प्रथम उल्लेख सन् ७९७ में (क्र० १२२) बिना किसी गणके हुआ है। वहाँ सिंहल-गेगूल गणका कोई उल्लेख नहीं है। कोण्डकुन्दान्वय यह विशेषण क्वचित् द्राविड़ संघ, सेनगण आदिके लिए भी प्रयुक्त हुआ है (तीसरा भाग प्रस्तावना पृ० ४५, ५१)

रविनन्दि-एलाचार्य इस परम्पराका वर्णन है। गंग राजा मारसिंह २ ने एलाचार्यको एक ग्राम अर्पण किया था।[1]

सूरस्थ गणके दो उपभेदोंका पता चला है – कौरूर गच्छ तथा चित्रकूटान्वय।[2] कौरूर गच्छका एक ही लेख है (क्र० ११७) तथा इसमें सन् १००७ में अर्हणन्दि पण्डितका वर्णन है। चित्रकूटान्वयके १० लेख हैं। पहले लेखमें (क्र० १५३) सन् १०७१ में इस अन्वयके श्रीनन्दि पण्डितकी एक शिष्याको कुछ दान दिये जानेका वर्णन है। श्रीनन्दिकी गुरुपरम्परा इस प्रकार थी – चन्द्रनन्दि-दामनन्दि-सकलचन्द्र-कनकनन्दि-श्रीनन्दि। श्रीनन्दि तथा उनके गुरुबन्धु भास्करनन्दिके समाधिलेख सन् १०७७-७८ के हैं (क्र० १६०)। इस अन्वयका तीसरा लेख (क्र० १५८) सन् १०७४ का है तथा इसमें अरुहणन्दिके शिष्य आर्य पण्डितको कुछ दान मिलनेका वर्णन है। अगले दो लेखोंसे (क्र० २३७-३८) इस अन्वयकी एक परम्पराका पता चलता है जो इस प्रकार थी – वासुपूज्य-हरिणन्दि-नागचन्द्र। हरिणन्दि तथा नागचन्द्रको सन् ११४८ में कुछ दान मिला था। इस अन्वयके अन्य लेख अनिश्चित समयके हैं। इस प्रकार कोई १४ लेखोंसे सूरस्थ गणका अस्तित्व दसवीं सदीसे बारहवीं सदी तक प्रमाणित होता है।[3]

(आ ५) बलगार-(बलात्कार)-गण – इस गणका पहला उल्लेख

---

१. सूरस्थ गणका प्राचीन लेख पहले संग्रहमें सन् १०५४ का है (क्र० १८५)।

२. पहले संग्रहमें इन दोनों उपभेदोंका वर्णन नहीं है। वहाँ चित्रकूटान्वयका सम्बन्ध बलगार गणसे भी पाया गया है (क्र० २०८)

३. कुछ लेखोंमें सेनगण और सूरस्थगणको (जिसे कहीं-कहीं शूरस्थ भी कहा है) अभिन्न माना है। इसका विवरण हमने 'भट्टारक सम्प्रदाय' के सेनगण विषयक प्रकरणमें दिया है।

सन् १०७१ का है (क्र० १५४)।[1] इसमे मूलसंघ-नन्दिसंघका बलगार गण ऐसा इसका नाम है तथा इसके ८ आचार्योंकी परम्परा दी है जो इस प्रकार है – वर्धमान-महावादी विद्यानन्द–उनके गुरुबन्धु ताकिकार्क माणिक्यनन्दि-गुणकीर्ति-विमलचन्द्र-गुणचन्द्र–गण्डविमुक्त-उनके गुरुबन्धु अभयनन्दि।[2] अगले लेख (क्र० १५५) में इसी परम्पराके तीन और आचार्योंके नाम है–अभयनन्दि-सकलचन्द्र-गण्डविमुक्त २–त्रिभुवनचन्द्र। इन लेखोंमे गुणकीर्ति तथा त्रिभुवनचन्द्रको मिले हुए दानोंका विवरण है। लेख १५७ मे सन् १०७४ मे पुनः त्रिभुवनचन्द्रका उल्लेख है। इस गणके अगले महत्त्वपूर्ण लेख (क्र० ३४२, ३७६) तेरहवीं सदीके हैं। इनमें शास्त्रसारसमुच्चय आदि ग्रन्थोके कर्ता माघनन्दि आचार्यका वर्णन है। इनकी गुरुपरम्परामें १९ आचार्योंके नाम दिये हैं किन्तु उनका क्रम व्यवस्थित प्रतीत नहीं होता।

चौदहवीं सदीसे बलात्कारगणके साथ सरस्वतीगच्छका उल्लेख मिलता है। इसकी एक परम्पराके आचार्य अमरकीर्ति थे। इनके शिष्य माघनन्दिने सन् १३५५मे एक मूर्ति स्थापित की थी (क्र० ३९३) इसी परम्पराके तीन लेख और है। इनमें वर्धमान, धर्मभूषण तथा वर्धमान २ इन भट्टारकोंका उल्लेख है। ये लेख सन् १३९५ तथा १४२४ के हैं (क्र० ४०३,

---

१. इस लेखसे बलगार गणकी परम्पराका अस्तित्व सन् ९०० तक ज्ञात होता है। अतः डॉ० चौधरीकी यह कल्पना ग़लत प्रतीत होती है कि यह बलहारि गणका ही रूपान्तर है। बलहारि गणका उल्लेख पहले संग्रहमें सन् ९५० के लगभग मिला है (तीसरा भाग प्रस्तावना पृ० २९, ३०)।

२. इस परम्परामें माणिक्यनन्दिका नाम उल्लेखनीय है। हमारा अनुमान है कि परीक्षामुखके कर्ता माणिक्यनन्दि इनसे अभिन्न होंगे।

४०४, ४३४)।[1]

बलात्कारगण-सरस्वतीगच्छकी उत्तर भारतीय शाखाओंके तीन लेख इस संग्रहमें है (क्र० ४४८, ४६०,४६८)।[2] इनमें सन् १५०० में रत्नकीर्तिका तथा सन् १५३१ में धर्मचन्द्रका उल्लेख है।

(आ ६) क्राणूर गण – इस गणके उल्लेखोंमे पहला दसवीं सदीका है (क्र० ९६)।[3] इसमें एक विस्तृत गुरुपरम्पराका वर्णन है किन्तु लेखके बीच-बीचमें घिस जानेसे इस परम्पराका ठीक ज्ञान नहीं होता। इस लेखमें मुनिचन्द्र आचार्यके एक शिष्यको कुछ दान मिलनेका उल्लेख है।

क्राणूर गणके तीन उपभेदोंके उल्लेख मिले हैं – तिन्त्रिणी गच्छ, मेषपाषाण गच्छ तथा पुस्तकगच्छ। तिन्त्रिणी गच्छके ६ लेख हैं (क्र० २१२, २९१, ३२३, ४७६, ५६५, ६१९)। पहले दो लेख बाहारवीं सदीके है[4] तथा इनमें मेघचन्द्र तथा पर्वतमुनि इन आचार्योंका वर्णन है। तीसरा लेख सन् १२०७ का है तथा इसमें अनन्तकीर्ति भट्टारकको कुछ दान मिलनेका वर्णन है। अनन्तकीर्तिके पूर्ववर्ती छह आचार्योंके नाम भी इस

---

१. इस परम्पराका वर्णन पहले संग्रहके क्र० ५७२ तथा ५८५ में भी है।

२. पहले संग्रहमें ऐसे दो लेख हैं (क्र० ६१७, ७०२)। क्र० ६१७ में इसे मदसारद गच्छ पढ़ा गया है, यह 'श्रीमद्शारद गच्छ'-अर्थात् सरस्वतीगच्छका ही रूपान्तर है। उत्तर भारतमें बलात्कारगणकी दस शाखाएँ १४वीं सदीसे २०वीं सदी तक विद्यमान थीं। इनका विस्तृत वृत्तान्त हमने 'भट्टारक सम्प्रदाय' में दिया है।

३. पहले संग्रहमें क्राणूरगणका प्राचीनतम लेख सन् १०७४ का (क्र० २०७) है।

४. पहले संग्रहमें तिन्त्रिणीगच्छका पहला लेख सन् १०७५ का (क्र० २०९) है।

लेखमें दिये है। इस गच्छके चौथे लेख (क्र० ४७६) में सन् १५५६ में देवकीर्ति-मुनिचन्द्र-देवचन्द्र यह परम्परा दी है। लेखके समय देवचन्द्रको कुछ दान मिला था।

मेषपाषाणगच्छके दो लेख हैं (क्र० २१४, ६०३)। पहले लेखमें सन् ११३० में प्रभाचन्द्रके शिष्य कुलचन्द्र आचार्यका वर्णन है। दूसरा लेख इस गच्छकी एक बसदिके बारेमें है।[1]

पुस्तक गच्छका एक लेख (क्र० २४०) सन् ११५० का है किन्तु यह बीच-बीचमें घिसा हुआ है अतः इसका तात्पर्य स्पष्ट नहीं है।[2]

बारहवीं-तेरहवीं सदीके चार लेखोंमें (क्र० २०२, ३१२, ३२६, ३७३) क्राणूरगणके कनकचन्द्र, माधवचन्द्र तथा सकलचन्द्र आचार्योंका वर्णन है। इनका गच्छ-नाम अज्ञात है।

इस तरह कोई १५ लेखोंसे क्राणूरगणका अस्तित्व दसवीं सदीसे सोलहवीं सदी तक प्रमाणित होता है।

(आ ७) **निगमान्वय**—मूलसंघ-निगमान्वयका एक लेख (क्र० ३९०) सन् १३१० का है। इसमें कृष्णदेव-द्वारा एक मूर्तिकी स्थापनाका उल्लेख है।[3]

उपर्युक्त विवरणसे मूलसंघके भेद-प्रभेदोंका अच्छा परिचय मिलता है। कोई १५ लेखोंमें किसी भेदका उल्लेख किये बिना मूलसंघका उल्लेख मिलता है। इनमें प्राचीनतर लेख (क्र० ११२, १४५, २०४) दसवीं-

---

१. पहले संग्रहमें मेषपाषाणगच्छका पहला उल्लेख सन् १०७९ का है (क्र० २१९)

२. पहले संग्रहमें इस गच्छका कोई उल्लेख नहीं है (देशीगण तथा सेनगणमें भी पुस्तकगच्छ थे उनका वर्णन पहले आ चुका है।)

३. पहले संग्रहमें इस अन्वयका कोई लेख नहीं है।

ग्यारहवीं सदीके हैं। इस तरह प्रस्तुत संग्रहमें कुल मिलाकर मूलसंघके कोई १५० लेख आये हैं।

(इ) **गौड संघ**—इस संघका एक लेख (क्र० ८४) मिला है। इसमें सोमदेवसूरि-द्वारा एक जिनालयके निर्माणका उल्लेख है।[1]

(ई) **द्राविड संघ**—इस संघके नन्दिगण-अरुंगल अन्वयका एक लेख ग्यारहवीं सदीका है (क्र० १७५)

इसमें शान्तिमुनि-वादिराज-वर्धमान यह परम्परा दी है। वर्धमानके समाधिमरणका स्मारक उनके गुरुबन्धु कमलदेवने स्थापित किया था। इस अन्वयका अगला लेख सन् ११९२ का है (क्र० २८२) तथा इसमें वासुपूज्यके शिष्य वज्रनन्दिका वर्णन है। इनकी गुरुपरम्परा काफ़ी विस्तार-से दी है किन्तु उसमें आचार्योंका क्रम स्पष्ट नहीं है। चौदहवीं सदीके एक लेखसे (क्र० ३४४) इस अन्वयके श्रीपाल-पद्मप्रभ-धर्मसेन इस परम्पराका पता चलता है।

द्राविड संघके तीन लेखोंमें (क्र० २५२, ३५७, ४०९) अरुंगल अन्वयका उल्लेख नहीं है। ये लेख सन् ११५९, १२९५ तथा १४वीं सदीके हैं। अन्तिम दो लेखोंमें क्रमशः गुणसेन तथा लोकाचार्यका नाम ज्ञात होता है। इस तरह प्रस्तुत संग्रहके कोई आठ लेखोंसे इसका अस्तित्व ११वीं सदीसे १४वीं सदी तक प्रमाणित होता है।[2]

---

१. गौडसंघका पहले संग्रहमें या अन्यत्र साहित्यमें कोई वर्णन नहीं है। सोमदेवसूरिके लिखित यशस्तिलकचम्पू तथा नीतिवाक्यामृत ये ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं।

२. पहले संग्रहमें द्राविड संघके उल्लेख सन् ९९० (क्र० १६६) से मिले हैं। इसे कहीं-कहीं मूलसंघ-द्रविडान्वय और द्रविड संघ-कोण्डकुन्दान्वय कहा है (तीसरा भाग प्रस्तावना पृ० ३५-४३)

(ङ) माथुर संघ—इसका उल्लेख सन् ११७० के एक लेखमें (क्र० २६५) है। इस संघके महामुनि गुणभद्र-द्वारा इस लेखकी रचना की गयी थी। लेखमे लोलक श्रेष्ठी-द्वारा पार्श्वनाथमन्दिरके निर्माणका वर्णन है।[1]

(ऊ) पंचस्तूप निकाय—प्रस्तुत संग्रहके एक लेख (क्र० १९) मे काशीके पंचस्तूप निकायके आचार्य गुहनन्दिका वर्णन है। इनके शिष्योंके लिए वटगोहाली ग्राममे एक विहार था जिसे ब्राह्मण नाथशर्माने सन् ४७९ मे कुछ दान दिया था।[2]

(ऋ) जम्बूखण्डगण—इसका उल्लेख छठी-सातवीं सदीके एक लेखमे (क्र० २२) हुआ है। इसके आचार्य आर्यणन्दिको सेन्द्रक राजा इन्द्रणन्दने कुछ दान दिया था।

(ॠ) सिंहवूर गण—इसका एक लेख (क्र० ५६) मिला है। इसमे सन् ८६० में सम्राट् अमोघवर्ष-द्वारा इस गणके नागनन्दि आचार्यको कुछ दान दिये जानेका वर्णन है।[3]

(ऌ) जैन संघके विषयमें साधारण विचार—अब तक जैन मुनियोंके विभिन्न संघोंका जो परिचय दिया गया है उससे स्पष्ट है कि इनमे व्यवहार-

---

१. माथुर संघ बादमें काष्ठासंघका एक गच्छ बन गया था। इसका विस्तृत वृत्तान्त हमने 'भट्टारक सम्प्रदाय' में दिया है।

२. धवलाटीकाके कर्ता वीरसेन आचार्य पंचस्तूप अन्वयके ही थे (धवला-प्रशस्ति)। किन्तु उनके प्रशिष्य गुणभद्र उन्हें सेनान्वयका कहते हैं। हो सकता है कि पंचस्तूपान्वयको ही बादमें सेनान्वय नाम प्राप्त हुआ हो। किन्तु सेनान्वय सन् ७८० के लगभग अस्तित्वमें आ चुका था यह पहले स्पष्ट कर चुके हैं।

३. जम्बूखण्ड गण तथा सिंहवूर गणका वर्णन पहले संग्रहमें नहीं है।

की दृष्टिसे कोई खास भेद नहीं था। इन सभी संघोंके मुनि मठ-मन्दिर बनवाते थे, उनके लिए खेत, घर, बगीचे, गाँव आदिका दान ग्रहण करते थे, राजसभाओंमें वादविवाद करते थे, प्रसंगानुकूल राजकार्यमें मदद देते थे तथा मन्त्रसाधना, ज्योतिष और वैद्यकका आश्रय लेकर जैन संघका प्रभाव बढ़ानेकी कोशिश करते थे। ये सब प्रवृत्तियाँ जैन साधुके मूलभूत उद्देश-वीतराग भावकी साधनाके कहाँतक अनुकूल हैं यह प्रश्न विचारणीय है। इन्हें रोकनेका ऐसा कोई व्यवस्थित प्रयत्न दिगम्बर सम्प्रदायमें हुआ हो ऐसा प्रमाण नहीं मिला है।[1]

यह तो नहीं कहा जा सकता कि दिगम्बर साधुसंघके सभी मुनि इस प्रकारकी प्रवृत्तिप्रधान गतिविधियोंमें ही मग्न रहते थे – साधुसंघका एक वर्ग अवश्य ही प्राचीन शास्त्रोक्तमार्गका निःस्पृह भावसे अनुसरण करता रहा होगा। किन्तु लौकिक कार्योंसे दूर रहनेके कारण इन वीतराग साधुओंका शिलालेखों आदिमे वर्णन मिलना कठिन है।

३. राजवंशोंका आश्रय—

(अ) **उत्तर भारतके राजवंश**—प्रस्तुत संग्रहमे जैन संघका सम्मान करनेवाले जिन राजवंशोंका उल्लेख है उनमे कलिंगके राजा खारवेलका वंश प्रथम व प्रमुख है। सन्पूर्व पहली सदीमें इस वंशके तीन राजपुरुषोंद्वारा जैन साधुओंके लिए खण्डगिरि पर्वतपर कई गुहाएँ बनवायी गयीं। खारवेलकी पटरानी, महाराज कुदेपश्री तथा कुमार वडुख ये वे तीन राजपुरुष है (ले० ३–५)। यहींके एक लेख (क्र० ९) में नगरके न्यायाधीश

---

१. श्वेताम्बर सम्प्रदायमें इन प्रवृत्तियोंको रोकनेके कुछ प्रयत्न होते रहे हैं। इस विषयमें पं० नाथूरामजी प्रेमीका लेख 'चैत्यवासी और वनवासी' (जैन साहित्य और इतिहास-द्वितीय संस्करण) देखने योग्य है।

सुभूति-द्वारा निर्मित गुहाका भी उल्लेख है।[1]

पाटलिपुत्रके गुप्त राजाओंके समयका एक लेख (क्र० १९) प्रस्तुत संग्रहमें है। यह सन् ४७९ का है तथा इसमें एक ब्राह्मण-द्वारा वटगोहालीके जैन विहारको कुछ दान मिलनेका वर्णन है।[2]

हस्तिकुण्डी (राजस्थान) के राष्ट्रकूट वंशके राजा विदग्धराजका उल्लेख सन् ९४० के एक लेख (क्र० ८१) में मिला है। आचार्य वासुदेवके उपदेशसे इस राजाने ऋषभदेवका एक मन्दिर बनवाया था। इस मन्दिरके लिए राजाने अपनी सुवर्णतुला कराकर दान दिया था तथा नगरके व्यापारियोंसे कुछ करोंकी आय भी अर्पित की थी। यह कार्य सन् ९१७ में हुआ था। विदग्धराजके पुत्र मम्मटने सन् ९४० में उक्त दानको पुनः सम्मति दी। मम्मटके पुत्र धवलकी वीरताका विस्तारसे वर्णन इस लेखमें मिलता है। धवलके पुत्र बालप्रसादके समय सन् ९९७ में उक्त मन्दिरका जीर्णोद्धार हुआ था।

उड़ीसाके राजा उद्योतकेसरीके समय – दसवीं सदीके दो लेख (क्र० ९३-९४) इस संग्रहमें हैं। इनमें खण्डगिरिके पुरातन मन्दिरोंके जीर्णोद्धारका वर्णन है।

---

१. पहले संग्रहमें खारवेलके जीवनके विषयमें एक विस्तृत लेख (क्र० २) आ चुका है। उसके पहले मौर्य सम्राट् अशोकके लेखमें (क्र० १) निर्ग्रन्थों (जैनों) की देखभालका भी उल्लेख हुआ है।

२. पहले संग्रहमें गुप्तकालके तीन लेख (क्र० ९१-९३) आये हैं। उसके पहले शक और कुषाण राजाओंके कई लेख भी हैं।

३. पहले संग्रहमें इस राजवंशका उल्लेख नहीं है। वहाँ इसके पहले गुर्जर प्रतिहार राजा भोजका एक लेख (क्र० १२८) है। इसी समयके कच्छपघात तथा चन्देल वंशोंके भी कुछ लेख पहले संग्रहमें आये हैं (क्र० १५३, २२८ आदि)।

मालवाके परमार वंशके राजा भोजके समयका – ग्यारहवीं सदी (पूर्वार्ध) का एक लेख (क्र० १३५) मिला है।[1] इसमें सामन्त यशोवर्मा-द्वारा कल्कलेश्वर तीर्थके मुनिसुव्रतमन्दिरके लिए कुछ दान दिये जानेका वर्णन है। इसी वंशके उदयादित्यके समयका एक मन्दिर ऊनमें है (क्र० १७४)।

गुजरातके चौलुक्य राजा भीमदेव (प्रथम) का एक लेख मिला है (क्र० १४६)। इसने सन् १०६६ में वायड अधिष्ठानकी वसतिकाके लिए कुछ भूमि दान दी थी। इसी वंशके राजा भीमदेव (द्वितीय) के समय – बारहवीं सदीके अन्तका एक लेख (क्र० २८७) है। इसमें वेरावलके चन्द्रप्रभमन्दिरके जीर्णोद्धारका वर्णन है। अणहिल्लपुरमें राजा-द्वारा नन्दि-संघके आचार्य श्रीकीर्तिके सम्मानका भी इसमें उल्लेख है।[2]

बुन्देलखण्डके कलचुरि वंशका एक लेख मिला है (क्र० २१७)। इसमें राजा गयाकर्ण तथा उसके सामन्त गोल्हणदेवके समय – बारहवीं सदीके पूर्वार्धमें एक मन्दिरके निर्माणका वर्णन है।[3]

राजस्थानके चाहमान वंशके पाँच लेख हैं (क्र० २१८, २३१-३२, २३५, २६५)।[4] पहले चार लेख नडोलके राजा रायपालके समयके सन् ११३३ से ११४६ तकके हैं। इनमें पहले लेखमें रानी मीनलदेवी-द्वारा यतियोंके लिए दानका तथा बादके लेखोंमें ठाकुर राजदेव-द्वारा मन्दिर

१. इस वंशका उल्लेख पहले संग्रहमें नहीं है। परमार वंशकी बाँस-वाडा व चन्द्रावती शाखाके लेख वहाँ आये हैं। (क्र० ३०५, ४७१, ४७२)।

२. चौलुक्य कुमारपालका एक लेख (क्र० ३३२) पहले संग्रहमें है।

३. इस वंशके कोई लेख पहले संग्रहमें नहीं हैं।

४. पहले संग्रहमें नडोलके चाहमान वंशके दो (क्र० ३५७–५८) तथा जालोरके चाहमान वंशका एक (क्र० ५०७) लेख है।

और यतियोंके लिए कुछ दानका वर्णन है। पाँचवाँ लेख शाकम्भरीके चाहमान राजा सोमेश्वरके समयका सन् ११७० का है। इसमे बिजोलिया-के पार्श्वनाथ मन्दिरके लिए पृथ्वीराज २ तथा सोमेश्वर-द्वारा दो गाँव दान दिये जानेका वर्णन है। इस राजवंशके कोई ३० पीढ़ियोंका वर्णन इस लेखमें मिलता है।[1]

मुग़ल साम्राज्यके तीन लेख इस संग्रहमें हैं (क्र० ४८१, ५०६, ५१२)। पहला लेख अकबरके समयका सन् १५७१ का है। इसमें महेश्वरके आदिनाथ मन्दिरका जीर्णोद्धार मण्डलोई सुजानराय-द्वारा होने-का वर्णन है। शाहजहाँके राज्यका एक लेख (क्र० ५०६) सन् १६२८ का है। इसमें भी एक जिनमन्दिरके जीर्णोद्धारका वर्णन है। तीसरा लेख सन् १६६२ का – औरंगजेबके समयका है। इसमे राजा जयसिंहके मन्त्री मोहनदास-द्वारा एक मन्दिरके निर्माणका वर्णन है।[2]

(आ) दक्षिण भारतके राजवंश—

(आ १) **गंग राजवंश**—इस वंशके १३ लेख प्रस्तुत संग्रहमे हैं। इनमे पहला (क्र० २०) राजा अविनीतका एक दानपत्र है जो छठी सदीके पूर्वार्धका है। इसमे यावनिक संघके जिनमन्दिरके लिए राजा-द्वारा कुछ भूमिके दानका वर्णन है। दूसरा लेख (क्र० २४) सातवी सदीके अन्तका शिवकुमार पृथ्वीकोंगुणिवृद्धराजके समयका है। इसमे राजा तथा कुछ अन्य सज्जनों-द्वारा एक जिनमन्दिरके लिए भूमिदानका वर्णन है। तीसरे लेखमें (क्र० ४८) आठवीं सदीके अन्तमे राजा श्रीपुरुष तथा नवीं सदीके प्रारम्भमे राजा शिवमारके समय कुछ अधिकारियों-द्वारा एक जिनमन्दिरके

---

१. पहले संग्रहमें इसके बाद गुजरातके वाघेल और ग्वालियरके तोमर वंशके कुछ लेख हैं।

२. पहले संग्रहमें मुग़ल राज्यके कई लेख श्वेताम्बर सम्प्रदायके हैं। एक लेख (क्र० ७०२) दिगम्बर सम्प्रदायका भी है।

लिए दो गाँवोंके दानका वर्णन है। चौथे लेखमें (क्र० ६३) राजा दुग्गमार-द्वारा नवीं सदीमें एक मन्दिरको भूमिदान देनेका उल्लेख है। इसके बाद दसवीं सदीके प्रारम्भके एक लेखमें (क्र० ७६) एरेय राजाके समय एक जैन आचार्यके समाधिमरणका वर्णन है। सन् ९५० के एक लेख (क्र० ८३) में राजा बूतुगकी रानी पद्मब्बरसि-द्वारा निर्मित जिनमन्दिरके लिए कुछ दानका वर्णन है। सन् ९६२ में राजा मारसिंह २ ने अपनी माता-द्वारा निर्मित मन्दिरके लिए एलाचार्यको एक गाँव दान दिया था (क्र० ८५) इसी वर्षमें इस राजाने मुंजार्य नामक जैन ब्राह्मणको भी एक गाँव दान दिया था (क्र० ८६)। सन् ९७१ में इस राजाके समय शंखजिनालयको कुछ दान मिलनेका वर्णन एक लेखमें (क्र० ८८) में है। दसवीं सदीके अन्तके एक लेख (क्र० ९६) में राजा रक्कसगंग तथा नन्नियगंगके समय कुछ दानका वर्णन है। एक लेख (क्र० १५४) में बूतुग राजा तथा रानी रेवकनिर्मडिका उल्लेख है। इनकी स्मृतिमें गंगकन्दर्प नामक जिनमन्दिर अण्णिगेरे नगरमें बनवाया गया था। एक अन्य लेखमें (क्र० २०७) पुनः रानी रेवकनिर्मडिका उल्लेख हुआ है। इस तरह गंगवंशके राज्यकालमें जैनसंघकी स्थिति सदा ही प्रभावशाली रही थी।[1]

(आ २) **कदम्ब वंश** – इस वंशके स्वतन्त्र राज्यकालका एक लेख (क्र० २१) इस संग्रहमें है जो छठी सदीके राजा रविवर्माके समय-का है। इस राजाने एक सिद्धायतनके लिए कुछ भूमि दान दी थी।[2] राष्ट्रकूट तथा चालुक्य साम्राज्यमें कदम्बवंशके कई सामन्त प्रादेशिक शासक थे। ऐसे सामन्तोंके कोई १५ लेख मिले हैं। सन् ८९० के एक

---

१. पहले संग्रहमें गंग वंशके कई लेख हैं, जिनमें सबसे प्राचीन लेख (क्र० ९०) पाँचवीं सदीके उत्तरार्धका है।

२. पहले संग्रहमें इस वंशके दस लेख हैं जो पाँचवीं व छठी सदीके हैं (क्र० ९६-१०५)।

लेखमें कदम्ब महासामन्त अलियमरस-द्वारा निर्मित जिनमन्दिरका वर्णन है (क्र० ६०)। सन् १०४५ के एक लेखमे कोंकण प्रदेशमें महामण्डलेश्वर चट्टय्यदेवके शासनका उल्लेख है (क्र० १३१) तथा एक मन्दिरको कुछ दान मिलनेका वर्णन है। सन् १०८१ के दो लेखोंमे कदम्ब राजा गोवलदेव तथा 'कादम्बचक्रवर्ति' वीरमके समय एक बसदिको दान मिलनेका तथा एक महिलाके समाधिमरणका वर्णन है (क्र० १६३-४)। सन् १०९६ मे कदम्ब कुलके सामन्त एरेयंगकी रानी असवब्बरसिने एक मन्दिर बनवाया था (क्र० १६९)। सन् ११२३ और ११३० के दो दानलेखोंमें (क्र० २०२ व २१४) कदम्ब सामन्त तैलपदेव तथा मयूरवर्माके शासनका उल्लेख है। तैलपदेवके शासनका उल्लेख सन् ११४८ के दो दानलेखोंमें भी है (क्र० २३६-२३८)। सन् १२०७ के एक दानलेखमे कदम्ब सामन्त ब्रह्मका तथा सन् १२१८ मे जयकेशीका उल्लेख मिला है क्र० ३२३ व ३२५)। सन् १५०४ मे कदम्ब लक्ष्मप्परसने चारुकीर्ति पण्डिताचार्यके शिष्यको धर्माधिकार प्रदान किये थे (क्र० ४५५)। एक अनिश्चित समयके लेख (क्र० ६१४) मे त्रिभुवनवीर नामक कदम्ब शासककी रानीके समाधिमरणका उल्लेख है।

(आ ३) राष्ट्रकूट वंश – प्रस्तुत संग्रहमें इस वंशके देज्ज महाराजके सामन्त सेन्द्रक इन्द्रणन्दका एक लेख है (क्र० २२) जो छठी-सातवीं सदीका है। इन्द्रणन्दने आर्यनन्दि आचार्यको एक ग्राम दान दिया था।[1] राष्ट्रकूट वंशकी प्रधान शाखाके कोई १३ लेख इस संग्रहमें है।[2] इनमे पहला

---

१. देज्ज राजाका राष्ट्रकूटोंके प्रमुख वंशसे क्या सम्बन्ध था यह स्पष्ट नहीं है। सेन्द्रक वंशके तीन लेख पहले संग्रहमें हैं – (क्र० १०४,१०६,१०९)।

२. पहले संग्रहमें इस शाखाके दस लेख हैं जिनमें पहला (क्र० १२४) सन् ८०२ का है।

लेख सन् ८०८ का है (क्र० ५४)। इसमें सम्राट् गोविन्दराज जगत्तुंगके राज्यकालमें उनके ज्येष्ठ बन्धु रणावलोक कम्भराज-द्वारा वर्धमानगुरुको एक गाँवके दानका वर्णन है। दूसरे लेख (क्र० ५५) में सन् ८२१ में सम्राट् अमोघवर्षका तथा उनके चाचाके पुत्र कर्कराज सुवर्णवर्षका उल्लेख है। कर्कराजने अपराजितगुरुको एक खेत दान दिया था। सन् ८६० में सम्राट् अमोघवर्षने नागनन्दि आचार्यको भूमिदान दिया था (क्र० ५६)। सन् ८६४ में इसी सम्राट्के राज्यकालमें एक समाधिलेख लिखा गया था (क्र० ५७)। नवीं-दसवीं सदीके एक लेखमें नेमिचन्द्र आचार्यका वर्णन है जिसमें उन्हें राष्ट्रकूट वंशके लिए आनन्ददायी कहा है (क्र० ७२)। सन् ९०२ के एक मन्दिरलेखमें सम्राट् कृष्ण २ अकालवर्षके शासनका तथा सन् ९२५ के एक मन्दिरलेखमें सम्राट् गोविन्द ४ नित्यवर्षके शासनका उल्लेख है (क्र० ७७, ७८)। कृष्ण २ की रानी चन्दियब्बेने सन् ९३२ में एक जिनमन्दिर निर्माण कराया था (क्र० ७९)। सन् ९५० के एक लेखमें कृष्ण ३ अकालवर्षके शासनका तथा इसके बादके एक लेखमें सम्राट् खोट्टिगका वर्णन है (क्र० ८३,८७)। इन्द्र ४ नित्यवर्षने एक जिनमूर्तिका पादपीठ बनवाया था (क्र० ८९)। सम्राट् इन्द्र ३ के सेनापति श्रीविजयकी प्रशंसामें एक स्तम्भलेख मिला है (क्र० ९७)।

बारहवीं सदीके एक लेख (क्र० २१७) में कलचुरि राजा गयाकर्णके अधीन राष्ट्रकूट कुलके सामन्त गोल्हणदेवका उल्लेख है।

(**आ ४**) **पाण्ड्य वंश** – इस वंशके पाँच लेख प्रस्तुत संग्रहमें हैं।[1] इनमें पहला (क्र० २३) सातवीं सदीके राजा वरगुण विक्रमादित्यके समयका दानलेख है। आठवीं सदीके एक लेखमें (क्र० ५०) सुन्दर पाण्ड्य राजा-द्वारा एक जिनमन्दिरकी ज़मीनोंको करमुक्त करनेका वर्णन है। सन् ८७० में राजा वरगुण २ के समय दो मूर्तियोंका जीर्णोद्धार हुआ

---

१. पहले संग्रहमें इस वंशका कोई लेख नहीं है।

था (क्र० ५८)। सित्तन्नवासलके गुहामन्दिरका जीर्णोद्धार नवीं सदीमें राजा अवनिपशेखर श्रीवल्लभके समयमें हुआ था (क्र० ६२)। इस वंशका अन्तिम लेख (क्र० ३५६) सन् १२९० का एक दानलेख है तथा इसमें मारवर्मन् विक्रम पाण्ड्यके राज्यका उल्लेख है।

(आ ५) पल्लववंश—इसका उल्लेख तीन लेखोंमे है। इनमे पहला लेख (क्र० २०) छठी सदीके पूर्वार्धका है। इसमे पल्लव राजा सिंहविष्णु-की माता-द्वारा निर्मित एक जिनमन्दिरका वर्णन है। दूसरे लेख (क्र० ३९) में सातवीं-आठवीं सदीके शासक पल्लवादित्य वादिराजुलको अर्हत् भट्टारक-का पादानुध्यात कहा है। तीसरा लेख (क्र० ५३७) अनिश्चित समयका है तथा इसमे पेर्रुंजिगदेव नामक पल्लव राजाके शासनका उल्लेख है।[1]

(आ ६) चालुक्य वंश—बदामीके चालुक्य राजाओंके दो लेख इस संग्रहमें है।[2] पहला (क्र० ४६) सन् ७०८ का है तथा इसमे राजा विजयादित्यकी रानी कुंकुमदेवी-द्वारा निर्मित जिनमन्दिरका उल्लेख है। दूसरे लेख (क्र० ४६) में राजा कीर्तिवर्मा २के राज्यमे सन् ७५१ मे एक मन्दिरके निर्माणका वर्णन है।

वेंगीके चालुक्य राजाओंके तीन लेख इस संग्रहमें हैं।[3] पहला (क्र० ४४) लेख राजा जयसिंहवल्लभ २ के राज्यका–आठवीं सदीके प्रारम्भका है तथा इसमें रट्टगुडि वंशके सामन्त कल्याणवसन्त-द्वारा अर्हत् भट्टारकको कुछ दानका वर्णन है। दूसरा लेख (क्र० ४९) आठवीं सदीके उत्तरार्धमें राजा सर्वलोकाश्रय विष्णुवर्धनके समयका है तथा इसमे सामन्त गोंकय्य-द्वारा एक जिनमन्दिरके लिए दानका वर्णन है। तीसरे (क्र० १००)

---

१. इस वंशका एक लेख पहले संग्रहमें है (क्र० ११५)।

२. इस शाखाके ६ लेख पहले संग्रहमें हैं (क्र० १०६-८ तथा १११, ११३,११४)।

३. इस शाखाके तीन लेख पहले संग्रहमें हैं (क्र० १४३-१४४, २१०)।

में दसवीं सदीके उत्तरार्धमें अम्मराज २-द्वारा विजयवाटकके जिनमन्दिरके लिए एक गाँवके दानका वर्णन है।

कल्याणीके चालुक्य राजाओंके लेख संख्यामे सर्वाधिक–५८ हैं। लेखोंकी अधिकताके कारण हम यहाँ उन लेखोंका ही उल्लेख करेंगे जिनमें इस वंशके सम्राटोंका जैन धर्मकार्योंसे साक्षात् सम्बन्ध आया था – जिनमें सिर्फ़ उनके राज्यकालका उल्लेख है उनका निर्देश सूचीमें होगा ही। इस वंशके लेखोंमें पहला (क्र० ११७) सन् १००७ का है तथा इसमे सामन्त नागदेवकी पत्नी-द्वारा एक जिनमन्दिरके निर्माणका वर्णन है। यह लेख सम्राट् सत्याश्रय आहवमल्लके समयका है। सन् १०२७ के एक लेखमें (क्र० १२४) सम्राट् जयसिंह २ की कन्या सोमलदेवी-द्वारा एक मन्दिरको कुछ दान मिला था ऐसा वर्णन है। सन् १०३२ के एक लेखमे सम्राट् जगदेकमल्ल-द्वारा एक मन्दिरको दान मिलनेका वर्णन है (क्र० १२६)। इस मन्दिरका नाम ही जगदेकमल्ल जिनालय था। जगदेकमल्लकी बहन अक्कादेवीने सन् १०४७ में गोणदबेडंगि जिनालयको कुछ दान दिया था (क्र० १३४)। सन् १०५५ के एक लेखमें आचार्य इन्द्रकीर्तिको त्रैलोक्यमल्लकी सभाका आभूषण कहा है। (क्र० १४१)। इस वंशका अन्तिम लेख (क्र० २७४) सन् ११८५ का है तथा इसमें सोमेश्वर ४ के राज्यकालमें एक मन्दिरको कुछ दानका वर्णन है।[1]

(आ ७) **चोल वंश**—इस वंशका उल्लेख कोई २५ लेखोंमें है।[2] इनमें पहला (क्र० ८२) सन् ९४५ का है तथा इसमें राजा परान्तक १ के समय एक कूपके निर्माणका वर्णन है। सन् ९९९ के एक लेखमे

---

१. पहले संग्रहमें इस वंशके कई लेख हैं जिनमें पहला (क्र० १६६) सन् ९९० के आसपासका है।

२. पहले संग्रहमें इस वंशके तीन लेख (क्र० १६७, १७१, १७४) हैं।

(क्र०९२) राजराज १ के समय कुछ जैन आचार्योंका उल्लेख है। दसवीं सदीके उत्तरार्धके एक दानलेखमें (क्र० ९८) गण्डरादित्य मुम्मुडि चोल राजाका उल्लेख है। सन् १००९ के एक लेखमे (क्र० ११९) राजराज १ की आज्ञाका वर्णन है जो ब्राह्मणों तथा जैनोंको नियमित रूपसे कर देनेके लिए दी गयी थी। दो दानलेखोंमें (क्र० १२१,१२९) ग्यारहवीं सदी-पूर्वार्धमें राजेन्द्र १ चोलके शासनका उल्लेख है। सन् १०६८ के दो दानलेख राजेन्द्र २ के शासनकालके है (क्र० १५०-५१)। कुलोत्तुग १ के शासनके पाँच लेख है (क्र० १६७,१७३,१९४,१९५,१९८)। जो सन् १०८६ से १११८ तकके दानलेख हैं। विक्रमचोलके शासनके दो दानलेख सन् ११३१ तथा ११३४ के है (क्र० २१५,२१९) कुलोत्तुंग २ के राज्यकालके तीन लेख हैं जिनमें एक सन् ११३७ का है (क्र० २२३, २२४,२२६)। राजराज २ के शासनके तीन लेख सन् ११५६-५७ के है। (क्र० २४८-२५०)। कुलोत्तुग ३ के समयके दो लेख हैं (क्र० ३२४,३८०) इनमें पहला सन् १२१६ का तथा दूसरा अनिश्चित समयका है। इस दूसरे लेखके अनुसार कुलोत्तुग राजाने नल्लूर नामक गांव एक देवमन्दिरको अर्पण किया था।

इस तरह हम देखते है कि चोल राजाओंके प्रायः सब लेख राजपुरुषों-से साक्षात् सम्बन्ध नहीं रखते।

युद्धके दिनोंमें चोल सेना-द्वारा जिनमन्दिरोंका विध्वंस होनेका वर्णन सन् १०७१-७२ के एक लेखमे (क्र० १५४) हुआ है।

(आ ८) होयसल वंश—इस वंशके कोई ३० लेख प्रस्तुत संग्रहमे हैं।[1] इनमे सबसे पहला लेख (क्र० १४५) सन् १०६२ का है तथा

---

१. पहले संग्रहमें इस वंशके कई लेख हैं जिनमें पहला (क्र० २००) सन् १०६२ का ही है।

इसमें राजा विनयादित्य-द्वारा अभयचन्द्र पण्डितको दान दिये जानेका वर्णन है। सन् १०६९ के एक लेखमें विनयादित्य-द्वारा एक जिनमन्दिरके निर्माणका वर्णन है। ग्रामीण लोग ग़रीबीके कारण यह कार्य नहीं कर सके थे अतः राजाने सहायता देकर यह मन्दिर बनवाया था (क्र० १५२) ग्यारहवीं सदी-अन्तिम चरणके एक लेखमें (क्र० १७५) वर्धमान आचार्यको होयसल राज्यके कार्यकर्ता यह विशेषण दिया है। राजा बल्लाल १ के सेनापति मरियानेने बारहवीं सदीके प्रारम्भमें एक मूर्ति स्थापित की थी (क्र० १८३)। बारहवीं सदी – प्रथम चरणके दो लेखोंमें राजा विष्णुवर्धनकी रानी चन्तलदेवी तथा उसके बन्धु दुद्दमल्ल-द्वारा जिन-मन्दिरोंको दान देनेका वर्णन है (क्र० १८८-८९)। इस समयके चार लेखोंमें (क्र० २००, २०१, २१२, २१३) विष्णुवर्धनके चार सेनापतियों– गंगराज, उसका पुत्र बोप्प, पुणिसमय्य तथा मरियानेके धर्मकार्यों का – मन्दिर निर्माण, दान आदिका वर्णन है। राजा नरसिंह १ ने सन् ११५९में एक मन्दिरको कुछ दान दिया था (क्र० २५२) तथा उसके सेनापति भरतिमय्य एवं माचियणने सन् ११४५ तथा ११५३ में इसी प्रकारके दान दिये थे (क्र० २३३, २४६)। सन् ११७६ तथा ११९२ के लेखोंमें (क्र० २७१, २८२) राजा वीरबल्लाल २ द्वारा जिनमन्दिरोंको दान देने-का वर्णन है तथा सन् ११७३ एवं ११९० के लेखोंमें इसी राजाके अधीन अधिकारियों-द्वारा ऐसे ही दानोंका उल्लेख है (क्र० २६८, २८१)। इसी राजाके समयके तीन दानलेख और है (क्र० २८५, २८६, ३२३) जो सन् ११९९ से १२०७ तक के हैं तथा दो समाधिलेख हैं (क्र० ३२०-३२२)। राजा नरसिंह ३ ने सन् १२६५में एक जिनमन्दिरको दान दिया था (क्र० ३४२) तथा उसके अधीन अधिकारियोंने सन् १२५७, १२७१ तथा १२८५ में ऐसे ही धर्मकार्य किये थे (क्र० ३३५, ३४५, ३५१)। एक लेखमे राजा रामनाथ-द्वारा पार्श्वनाथ मन्दिरको दान देनेका वर्णन है (क्र० ३६०) तथा एक अन्य लेखमें राजा वीरबल्लाल ३ के समय सन्

१३१९में कुछ स्थानीय अधिकारियों-द्वारा ऐसे ही दानका उल्लेख मिलता है (क्र० ३९१)।

(आ ९) कलचुर्य वंश—प्रस्तुत संग्रहमे इस वंशका उल्लेख सात लेखोंमें है।[1] इनमें पहला लेख सन् ११५९ का है तथा इसमें किसी सेनापति-द्वारा एक जैन आचार्यको दान मिलनेका वर्णन है (क्र० २५१)। यह लेख राजा बिज्जलके समयका है। इस राजाका उल्लेख चार अन्य लेखोंमें है (क्र० २५६, २६०-२६२)। ये लेख सन् ११६१ से ११६८ तक के हैं तथा इनमे स्थानीय अधिकारियों-द्वारा जैन आचार्योंको मिले हुए दानोंका वर्णन है। इस वंशके अन्तिम दो लेख राजा सोविदेवके राज्यके सन् ११७३ तथा ११७५ के हैं (क्र० २६७, २७०) तथा इनमें भी स्थानीय व्यक्तियोंके दानोंका उल्लेख है।

(आ १०) यादव वंश—देवगिरिके यादवोंका उल्लेख प्रस्तुत संग्रहके १५ लेखोंमे है।[2] इनमें पहला लेख (क्र० ३२६) राजा सिंहणके समय सन् १२३० मे लिखा गया था तथा एक मन्दिरके लिए कुछ दानका इसमें वर्णन है। इस राजाके समयके तीन अन्य लेखोंमे (क्र० ३२८, ३२९, ३३०) तीन महाप्रधानों – प्रभाकरदेव, मल्ल तथा बीचिराज-द्वारा जिनमन्दिरोंके लिए दानोंका वर्णन है। ये लेख सन् १२४५ तथा १२४७ के है। राजा कन्हरदेवके राज्यके चार लेख है (क्र० ३३४, ३३६, ३३७, ३३९)। ये लेख सन् १२५७ से १२६२ तकके हैं इनमे तीन दानलेख है तथा एक समाधिलेख है। राजा महादेवके समयके तीन लेख हैं (क्र० ३४०, ३४१, ३४४), ये सन् १२६५ तथा १२६९ के हैं तथा तीनों समाधिमरणके स्मारक हैं। राजा रामचन्द्रके समयके चार लेख हैं (क्र० ३५२, ३५४, ३५५, ३५९), ये सन्

१. पहले संग्रहमें इस वंशके तीन लेख हैं (क्र० ४०८, ४३५, ४३६)।
२. पहले संग्रहमें इस वंशके ९ लेख हैं, जिनमें पहला (क्र० ३१७) सन् ११४२ का है।

१२८५ से १२९७ तक के हैं। पहले लेखमें सर्वाधिकारी मायदेव-द्वारा एक मन्दिरके निर्माणका वर्णन है, दूसरा एक समाधिलेख है, तीसरेमें एक मन्दिरके लिए दानोंका वर्णन है तथा चौथेमें महामण्डलेश्वर तिकमदेव-के मन्त्रीके पुत्र-द्वारा एक मन्दिरके जीर्णोद्धारका उल्लेख है।

(आ ११) **विजयनगरके राजवंश**—विजयनगर राज्यके कोई २० लेख प्रस्तुत संग्रहमें हैं।[1] इनमें पहला (क्र० ३९३) सन् १३५५ का है तथा हरिहर राजाके समय एक जिनमूर्तिकी स्थापनाका इसमें उल्लेख है। बुक्क राजाके समयके दो लेख हैं (क्र० ३९४, ३९६), ये सन् १३५७ तथा १३७६ के हैं। पहला लेख एक जिनमन्दिरके अवशेषोंमें है तथा सेनापति बैचयका इसमें उल्लेख है। दूसरा एक समाधिलेख है। राजा हरिहर २ के सेनापति इरुगने एक जिनमन्दिर बनवाया था (क्र० ४०३)। तथा इस राजाके अधीन गोवाके शासक माधवके सेनापति नेमण्णने पार्श्वनाथ-मन्दिरको सन् १३९५ में कुछ दान दिया था (क्र० ४०२)। सन् १३९५ के ही एक लेखमें बैचय दण्डनायकके पुत्र इम्मडि बुक्कमन्त्रीश्वर-द्वारा एक मन्दिरके निर्माणका वर्णन है (क्र० ४०४)। राजा बुक्क २के समयके दो लेख हैं (क्र० ४०६, ४१५) इनमें एक शान्तिनाथमन्दिरके निर्माणका स्मारक है तथा दूसरेमें लक्ष्मीसेन भट्टारकके समाधिमरणका उल्लेख है। राजा देवरायके समयके दो लेख हैं (क्र० ४२५, ४३४)—पहला सन् १४१२ का है तथा दो मन्दिरोंकी सीमाओंके बारेमें एक समझौतेका इसमें वर्णन है। दूसरा सन् १४२४ का है तथा इसमें राजा-द्वारा नेमिनाथ-मन्दिरके लिए वरांग ग्रामके दानका वर्णन है। राजा मल्लिकार्जुनके समय सन् १४५० में एक मन्दिरको मिले हुए दानोंका वर्णन एक लेखमें है (क्र० ४४०)। कृष्णदेव महारायके समयके एक लेखमें (क्र० ४५६)

---

१. पहले संग्रहमें इस वंशके कई लेख हैं जिनमें पहला सन् १३५३ का है (क्र० ५५८)।

मन्दिरोंकी भूमियोंको करमुक्त करनेका वर्णन है, यह लेख सन् १५०९ का है। वरांग ग्रामकी मन्दिरकी ज़मीनको खेतीयोग्य बनानेका वर्णन सन् १५१५ के एक लेखमें है (क्र० ४५८)। राजा अच्युतदेवने सन् १५३० में एक जिनमूर्तिकी पूजाके लिए कुछ करोंकी आय दान दी थी (क्र० ४६७)। राजा सदाशिवके समय रामराजने सन् १५४५ में एक जिनमन्दिरको कुछ भूमि दान दी थी (क्र० ४७३)। इसी राजाके समयका एक दानलेख सन् १५५६ का है (क्र० ४७६)। राजा रामदेवके समय सन् १६१९ में एक जैन विद्वान्को कुछ दान दिया गया था (क्र० ५०३)। इस राज्यका अन्तिम लेख सन् १७५७ का है (क्र० ५२०) तथा इसमें सदाशिव रायके अधीन शासक अरसप्पोडेय-द्वारा चारुकीर्ति पण्डितको कुछ दान दिये जानेका वर्णन है।

(आ १२) दक्षिण भारतके छोटे राजवंश—अब हम उन राजवंशोंके उल्लेखोंका विवरण देखेंगे जिन्होंने राष्ट्रकूट, चालुक्य, होयसल या यादव राज्योंमें सामन्तोंके रूपमें महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया था। ऐसे वंशोंमें नोलम्बवंश प्रथम है जिसके चार लेख मिले हैं (क्र० ५९, ६१, १२३, १३९)।[1]

इनमें पहले दो लेख राजा महेन्द्रके समयके हैं। एकमें राजा-द्वारा सन् ८७८ में एक जिनमन्दिरको दान मिलनेका वर्णन है तथा दूसरेमें सन् ८९३ में आचार्य कनकसेनके लिए कुछ दानका उल्लेख है। नोलंब घटेयंककारने एक जिनमन्दिरको सन् १०२४ में भूमिदान दिया था (क्र०१२३)। नोलंब ब्रह्माधिराजके समय सन् १०५४ में अष्टोपवासी मुनिको कुछ दान मिले थे (क्र० १३९)।

हुम्मचके सान्तर वंशके चार लेख मिले हैं (क्र० १३७,२५८,४२२-

---

१. पहले संग्रहमें नोलम्बवाडिके कई उल्लेख हैं किन्तु नोलम्ब राजाओंका कोई लेख नहीं है।

४६१)।[1] इनमे पहला लेख सन् १०५३ का है तथा इसमे राजा वीर सान्तर-द्वारा उसके जैन मन्त्री नकुलरसको कुछ दान दिये जानेका वर्णन है। दूसरे लेखमे राजा तैलपदेवक जैन सेनापति गोग्गिकी मृत्युके बाद राजा-द्वारा उसके कुटुम्बियोंको कुछ दान मिलनेका वर्णन है। यह लेख सन् ११६२ का है। तीसरे लेखमें राजा पाण्डचभूपाल-द्वारा एक जिन-मन्दिरके लिए भूमिदानका वर्णन है। यह लेख सन् १४१० का है। चौथा लेख सन् १५२२ का है तथा इसमे इम्मडि भैरवरस राजा-द्वारा वरांगके नेमिनाथमन्दिरके लिए एक गाँवके दानका वर्णन है।

सिन्द कुलके सामन्तोंके चार उल्लेख मिले हैं (क्र० १३८, १६६, २६१, २६४)।[2] इनमें पहला सन् १०५३ का है तथा इसमे सिन्द कंचरस-द्वारा नयसेन आचार्यको कुछ दान मिलनेका उल्लेख है। दूसरा लेख सन् १०८५ का है तथा यह सिन्द बर्मदेवरसके समयका दानलेख है। तीसरे लेखमे सन् ११६७ में सिन्द होलरस-द्वारा एक बसदिको दान दिये जानेका वर्णन है। अन्तिम लेखमे सन् ११७० मे सिन्द चावुण्डरस-द्वारा जैन शालाको भूमिदान मिलनेका वर्णन है।

रट्ट कुलके उल्लेख छह लेखोंमे है (क्र० १७६, १८६, २५९, ३१७, ३१८, ३१९)![3] इनमें पहला लेख ११वीं सदीका राजा कार्तवीर्य २ के समयका है, इसका विवरण अधूरा है। दूसरा लेख सन् ११०८ का है तथा इसमें राजा लक्ष्मीदेव-द्वारा निर्मित जिनमन्दिरका उल्लेख है। तीसरे लेखमें सन् ११६५ में राजा कार्तवीर्य ३-द्वारा एक्कसम्बुगेके जिनमन्दिरके

---

१. पहले संग्रहमें इस वंशके कई लेख हैं जिनमें पहला (क्र० १४६) सन् ९५० के आसपासका है।

२. पहले संग्रहमें सिन्द राजाओंके लेख नहीं हैं।

३. पहले संग्रहमें इस वंशके दस लेख हैं जिनमें पहला (क्र० १३०) सन् ८७५ का है।

दर्शनका वर्णन है। अन्तिम तीन लेख कार्तवीर्य ४ के राज्यके सन् १२०१ तथा १२०४ के हैं। इनमे राजा-द्वारा जिनमन्दिरोंके लिए दानोंका वर्णन है।

शिलाहार वंशके चार लेख मिले हैं (क्र० १९२, २२१, २२२, २५९)।[1] इनमें पहला सन् १११५ का है तथा इसमे राजा गण्डरादित्य-द्वारा उनके जैन सामन्त नोलम्बको दो गाँवोंके दानका वर्णन है। अगले दो लेखोंमें गण्डरादित्यके जैन सामन्त निम्बका वर्णन है। इसने सन् ११३५ में एक जिनमन्दिरका निर्माण कराया था। अन्तिम लेखमें गण्डरादित्यके जैन सेनापति जिन्नण तथा विजयादित्यके सेनापति कालणका उल्लेख है। कालणने सन् ११६५ मे एक मन्दिर बनवाया था।

काकतीय वंशका एक लेख सन् १११७ का मिला है (क्र० १९७)।[2] इसमें राजा प्रोलके मन्त्री बेतकी पत्नी-द्वारा अन्मकोण्डमे पद्मावती देवीका मन्दिर बनवानेका वर्णन है।

गुत्त वंशके महामण्डलेश्वर विक्रमादित्यने सन् ११६२ मे पार्श्वनाथ-मन्दिरके लिए कुछ दान दिया था (क्र० २५७)।[3]

कोंगाल्व वंशके शासक वीरकोंगाल्वने सन् १११५ के आसपास सत्यवाक्यजिनालय नामक मन्दिर बनवाया था (क्र० १९३)।[4]

मैसूरके राजा चामराजकी रानी देवीरम्मणिने मैसूरके शान्तिनाथ-मन्दिरमे दीपस्तम्भ तथा कलश दान दिये थे (क्र ५२४-५२५)। इनका

---

१. पहले संग्रहमें इस वंशके तीन लेख हैं (क्र० २५०, ३२०, ३३४)।
२.३. पहले संग्रहमें इन दो वंशोंका उल्लेख नहीं है।
४. पहले संग्रहमें इस वंशके छह लेख हैं जिनमें पहला सन् १०५८ का है (क्र० १८९)।

समय १८वीं सदीका अन्तिम चरण है।[1]

(इ) **राजाश्रयके विषयमें साधारण विचार** – उपर्युक्त विवरणसे यह स्पष्ट होता है कि जैन संघको प्रायः सभी राजवंशोंके समय–विशेषकर दक्षिण भारतीय राजवंशोंके समय–अपने धर्मकार्योंमें अच्छी सहायता मिली है। इस सम्बन्धमें एक बातका ध्यान रखना चाहिए कि इनमें-से अधिकांश राजाओंका कुलधर्म जैनधर्म नहीं था – वे विष्णु, शिव, सूर्य या लक्ष्मीके उपासक थे।[2] तथापि उनकी प्रजामें जैन आचार्योंका अच्छा प्रभाव रहा होगा अतः जैन संघके विषयमें उनकी नीति सहानुभूतिपूर्ण रही है।

४ **जैन संघकी दुरवस्था** – बारहवीं सदीसे दक्षिण भारतमें वीरशैव तथा श्रीवैष्णव सम्प्रदायोंका प्रभाव बढ़ता गया तथा इनके आक्रामक रुख-का परिणाम जैन आचार्यों तथा मठ-मन्दिरोंको सहना पड़ा। इसके प्रत्यक्ष उल्लेख पहले संग्रहके दो लेखोंमें है।[3] इस संग्रहके कई लेखोंसे अप्रत्यक्ष रूपसे यही बात स्पष्ट होती है – ये लेख विष्णुमन्दिरों तथा शिवमन्दिरोंमें लगे पाये गये हैं। स्पष्ट है कि जैन मन्दिरोंके ध्वंसावशेषोंसे ही ये पत्थर

---

१. पहले संग्रहमें मैसूरके राजाओंके कई लेख हैं।

२. जिन्हें हम 'जैन' राजा कह सकते हैं ऐसे राजाओंकी संख्या सीमित ही है – कलिंगके खारवेल, नवीं सदीसे दसवीं सदी तकके गंग राजा, दसवीं- ग्यारवीं सदीके होयसल राजा तथा कुछ सामन्त ये जैन राजा कहे जा सकते हैं। आठवीं सदी तकके गंग राजा तथा बारहवीं सदीके तथा बादके होयसल राजा भी विष्णु, शिव आदिके उपासक थे।

३. यहाँ उल्लिखित राजवंशोंके राजनीतिक प्रभाव, राज्यविस्तार आदिके बारेमें तीसरे भागकी प्रस्तावनामें डॉ० चौधरीने विस्तारसे लिखा है अतः वे बातें यहाँ दुहरायी नहीं हैं।

४. लेख क्र० ४३५-३६।

विष्णु या शिवके मन्दिरोंमे ले जाये गये है। इसका महत्त्वपूर्ण उदाहरण कोल्हापुरका महालक्ष्मी मन्दिर है जहाँके कुछ स्तम्भोंपर पार्श्वनाथमन्दिर सम्बन्धी लेख मौजूद है (क्र० २२२)। आन्ध्र प्रदेशमें अन्मकोण्ड पहाड़ी-पर देवी पद्मावतीका मन्दिर था जो बादमे पूरी तरह ब्राह्मणोंके अधिकारमे चला गया (क्र० १९७)। इस तरहके अन्य उदाहरण भी हैं।

५ **समारोप**—जैनधर्म, साहित्य तथा समाजके इतिहासके लिए शिलालेखोंका महत्त्व सर्वमान्य है। अबतक इस संग्रहके लेखोंसे प्राप्त तथ्योंका जो विवरण दिया है उससे यह बात अतिस्पष्ट होगी। इस ऐतिहासिक जानकारीका उपयोग कर जैन साहित्य तथा कथाओंकी प्रामाणिकता परखना आवश्यक है। साहित्यिक तथा शिलालेखीय दोनों साधनों-के समन्वित उपयोगसे ही तथ्यपूर्ण इतिहासका निर्माण सम्भव है।

इस संग्रहके अन्तमे तीन परिशिष्ट दिये है। पहले परिशिष्टमे इस संग्रहकी तैयारीके समय जो श्वेताम्बर लेख हमारे अवलोकनमें आये उनकी सूची दी है। दूसरे परिशिष्टमे उन जैनेतर लेखोंकी संक्षिप्त जानकारी दी है जिनमे जैन व्यक्तियोंसे संबद्ध कुछ उल्लेख है। तीसरे परिशिष्टमें नागपुरके समस्त मूर्तिलेखोंका संग्रह है। यह संग्रह आजसे कोई २५ वर्ष पहले श्रीमान् शान्तिकुमारजी ठवलीने तैयार किया था जो कई कारणोसे अबतक प्रकाशित नही हो सका। इस पुस्तकमे प्रस्तुत संग्रहको अन्तर्भूत करनेकी अनुमतिके लिए हम श्रीठवलीजीके आभारी है। हमे आशा है कि इन तीन परिशिष्टोंसे प्रस्तुत संग्रह अभ्यासकोंके लिए अधिक उपयोगी सिद्ध होगा।

जैन शिलालेख संग्रह

[मूल लेख तथा सारांश]

मूल लेख तथा सारांश

१

बारली (जि० अजमेर) (राजस्थान म्युजियम)

बारलीसे एक मील दूर मिलोत माताके मन्दिरमें।

प्राकृत, ब्राह्मी—सन्पूर्व ४थी सदी

१ वीराय भगव (ते)
२ चतुरासिति व (से)
३ ये सा (लि) मालिनि
४ रं नि (वि) ठ माझिमिके

[इस लेखमें भगवान् वीरका निर्देश है जिससे प्रतीत होता है कि यह किसी जैन मन्दिरका लेख होगा। इसकी लिपि सम्राट् अशोकके लेखोंकी लिपिसे प्राचीन है। इससे अनुमान होता है कि इसमें जो ८४वें वर्षका निर्देश है वह महावीरके निर्वाणके बादका ८४वाँ वर्ष होगा। इसकी अन्तिम पंक्तिमें माध्यमिका नगरीका उल्लेख है। लेख टूटा है अतः इसका उद्देश्य ज्ञात नहीं होता।]

[इ० ए० ५८ (१९२९) पृ० २२९]

२

मालकोण्ड (नेलोर, आन्ध्र)

प्राकृत–ब्राह्मी, सन्पूर्व ३री सदी

[यह लेख स्थानीय पहाड़ीकी एक गुहाके अग्रभागमें है। यह गुहा अरुवाहि कुलके नन्दसेठिके पुत्र विरिसेठिने अर्पित की ऐसा लेखमें कहा है।

लिपि सन्पूर्व ३री सदीकी है। ये गुहाएँ श्रमणोंके लिए उत्कीर्ण की गयी थीं।]

[रि० सा० ए० १९३७-३८ क्र० ५३१ पृ० ५९]

३

खण्डगिरि (ओरिसा)— (मंचपुरी गुहा—ऊपरका भाग)

प्राकृत—ब्राह्मी, सन्पूर्व पहली सदी

१ अरहंतपसादाय कालिंगा (नं) (सम) नानं लेणं कारितं राजिनो लालाक (स)

२ हथिसाहस-पपोतस धु (तु) ना कलिंगच (कवतिनो सिरिखा)-रवेलस

३ अगमहिसि (ना) कारि (तं)

[अरहंतोंकी कृपासे कलिंग प्रदेशके श्रमणोंके लिए यह गुहा कलिंग-चक्रवर्ती खारवेलकी महारानीने बनवायी। यह हस्तिसाहसके प्रपौत्र लालाककी कन्या थी]

[ए० इं० १३ पृ० १५९]

४

खण्डगिरि—(मंचपुरी गुहा—नीचेका भाग)

प्राकृत—ब्राह्मी सन्पूर्व पहली सदी

१ खरस महाराजस कलिंगाधिपतिनो महा (मेघ) वाह (नस) कुदेपसिरिनो लेण

[कलिंगके अधिपति महाराज खर महामेघवाहन कुदेपश्रीने यह गुहा बनवायी।]

[ए० इं० १३ पृ० १६०]

५

खण्डगिरि—(मंचपुरी गुहा—नीचेका भाग)

प्राकृत—ब्राह्मी, सन्पूर्व पहली सदी

कुमारो वडुखस लेणं

[यह गुहा कुमार वडुखने बनवायी ।]

[ए० इं० १३ पृ० १६१]

६

खण्डगिरि (सर्पगुहा)

प्राकृत–ब्राह्मी, सन्पूर्व पहली सदी

चूलकमस कोठाजेया च

[चूलकम्म (क्षुद्रकर्म अथवा चूडाकर्म) का कक्ष ।]

[ए० इं० १३ पृ० १६२]

७

खण्डगिरि (सर्पगुहा)

प्राकृत–ब्राह्मी, सन्पूर्व पहली सदी

१ कंमस हलखि–

२ णय च पसादो

[कर्म तथा हलखिण (सल्लक्षण) का बनवाया प्रासाद ।]

[ए० इं० १३ पृ० १६२]

८

खण्डगिरि (हरिदास गुहा)

प्राकृत–ब्राह्मी, सन्पूर्व पहली सदी

[यह लेख सर्पगुहाके पहले लेखके समान ही है ।]

[ए० इं० १३ पृ० १६२]

९

खण्डगिरि (बाघ गुहा)

प्राकृत–ब्राह्मी, सन्पूर्व पहली सदी

१ नगर अखदंस

२ सभूतिनो लेणं

[नगरके न्यायाधीश सुभूतिकी गुहा]

[ए० इं० १३ पृ० १६३]

१०

खण्डगिरि (जम्बेश्वर गुहा)

प्राकृत–ब्राह्मी, सन्पूर्व पहली सदी

महामदास बारियाय नाकियस लेणं

[महामदकी पत्नी नाकियाकी गुहा]

[ए० इं० १३ पृ० १६३]

११

खण्डगिरि (छोटा हाथीगुंफा)

प्राकृत–ब्राह्मी, सन्पूर्व पहली सदी

अगिख''''स लेणं

[अगिख''''की गुहा]

[ए० इं० १३ पृ० १६४]

१२

खण्डगिरि (तत्त्वगुहा)

प्राकृत–ब्राह्मी, सन्पूर्व पहली सदी

पादमुलिकस कुसुमास लेणं फि''''

[पदमूलिकके कुसुमकी गुहा]

[ए० इं० १३ पृ० १६४]

१३

खण्डगिरि (अनन्तगुहा)

प्राकृत–ब्राह्मी, सन्पूर्व पहली सदी

दोहद समणनं लेणं

[दोहदके श्रमणोंकी गुहा]

[ए० इं० १३ पृ० १६४]

१४

खण्डगिरि (तत्त्वगुहा)

ब्राह्मी, पहली सदी

१ ····घ····

२ ····ण त थ द ध न····

३ ····ण त थ द ध न····श ष स····

४ ····ण त थ द ध न प फ ब····श ष स ह····

५ ····त थ द ध न प फ ब····श ष स ह····

६ ····थ····

[यह वर्णमाला चित्रित की गयी है जो सम्भवतः किसी नवदीक्षित साधुका कार्य है ।]

[ए० इं० १३ पृ० १६५]

१५

मथुरा (उत्तर प्रदेश)

प्राकृत–ब्राह्मी, वर्ष ८४ (दूसरी सदी)

१ ओं सिद्ध स ८० ४ व ३ दि २० ५ एतस्मि पूर्वय दमित्रस्य धितु ओख-

२ रिकाये कुटुबिणिये दताये दानं वर्धमानप्रतिमा प्रतिथपिता

३ गणतो कोट्टियतो····सत्यसेनस्य····धरवृधिस्य नि····

[वर्ष ८४ में वर्षा ऋतुके तीसरे महीनेके २५वें दिन दमित्रकी पुत्री तथा ओखरिककी पत्नी दता (दत्ता) ने यह मूर्ति स्थापित की। कोट्टिय गणके····सत्यसेन····धरवृद्धि।] [यदि लेखका वर्ष शककालका हो तो वह सन् १६२ होगा।]

[ए० इं० १९ पृ० ६७]

१६

मथुरा

प्राकृत–ब्राह्मी, पहली-२ री सदी (खण्डित जैनमूर्तिके पादपीठपर)

(शा) खातो वाच (कस्य) आर्य ऋ (षि) दासस्य निर्वर्तना···· रकस्य भट्टिदामस्य····

[····शाखाके वाचक आर्य ऋषिदासने यह बनवायी।····रक भट्टिदामकी····]

[रि० आ० स० १९११-१२ पृ० १७]

१७–१८

मथुरा

प्राकृत–ब्राह्मी, २री सदी

[यह लेख २री सदीकी लिपिमें है। अरहतके प्रणामसे इसका प्रारम्भ होता है तथा लाघकके पुत्रका इसमें उल्लेख है। एक अन्य पादपीठपर इसी समयकी लिपिमें वर्धमानको प्रणाम किया है।]

[रि० इ० ए० १९५२–५३ क्र० ५२८–२९ पृ० ७७]

१९

पहाड़पुर ताम्रपत्र (जि० राजशाही, बंगाल)

गुप्त वर्ष १५९ = सन् ४७९ संस्कृत

अगला भाग

१ स्वस्ति पुण्ड्र (वर्ध) नादायुक्तका आर्यनगरश्रेष्ठिपुरोगाञ्चाधिष्ठा
नाधिकरणं दक्षिणांशकवीथेयनागिरट्ट-
२ माण्डलिकपलाशाट्टपार्श्विक - वटगोहालीजम्बूदेवप्रावेश्यपृष्ठिमपो-
त्तक-गोषाटपुञ्जक-मूलनागिरट्टप्रावेश्य-
३ नित्वगोहालीषु ब्राह्मणोत्तरान् महत्तरादिकुटुम्बिनः कुशलमनुव-
र्ण्यानुबोधयन्ति । विज्ञापयत्यस्मान् ब्राह्मणनाथ-
४ शर्मा एतद्भार्या रामी च युष्माकमिहाधिष्ठितानाधिकरणे द्विदी-
नारिक्यकुल्यवापेन शश्वत्कालोपभोग्याक्षयनीवीसमुदयबाह्या-
५ प्रतिकरखिलक्षेत्रवास्तुविक्रयोनुवृत्तस्तदर्हथानेनैव क्रमेणावयोः
सकाशाद् दीनारत्रयमुपसंगृह्यावयोः स्वपुण्याप्या-
६ यनाय वटगोहाल्यामवास्यान् काशिक-पंचस्तूपनिकायिकनिर्ग्रन्थ-
श्रमणाचार्य-गुहनन्दि-शिष्यप्रशिष्याधिष्ठितविहारे
७ भगवतामर्हतां गन्धधूपपुष्पमनोदीपाद्यर्थन्तलवटकनिमित्तं च
अ (त) एव वटगोहालीतो वास्तुद्रोणवापमध्यर्धं ज-
८ म्बूदेवप्रावेश्य-पृष्ठिमपोत्तकेत् क्षेत्रं द्रोणवापचतुष्टयं गोषाटपुंज.द्
द्रोणवापचतुष्टयं मूलनागिरट्ट-
९ प्रावेश्यानित्वगोहालीतः अर्धत्रिकद्रोणवापानित्येवमध्यर्धं क्षेत्र-
कुल्यवापमक्षयनीव्या दातुमि (त्यत्र) यतः प्रथम-
१० पुस्तपालदिवाकरनंदि-पुस्तपालधृतिविष्णु - विरोचनरामदास-हरि-
दास-शशिनन्दिषु प्रथमनु·····मवधारण-
११ यावधृतमस्त्यस्मदधिष्ठितानाधिकरणे द्विदीनारिक्यकुल्यवापेन
शश्वत्कालोपभोग्याक्षयनीवासमु (दयवा) ह्याप्रतिकर-
१२ (खिल) क्षेत्रवास्तुविक्रयोनुवृत्तस्तद् यद् युष्मान् ब्राह्मणनाथ-
शर्मा एतद्भार्या रामी च पलाशाट्टपार्श्विकवटगोहालीस्थ-

पिछला भाग

१३ .....कपञ्चस्तूपनिकायिकाचार्यनिर्ग्रन्थ-गुहनन्दि-शिष्यप्रशिष्याधिष्ठितसद्विहारे अर्हतां गन्ध (धूपा) द्युपयोगाय

१४ (तलवा) टकनिमित्तं च तत्रैव वटगोहाल्यां वास्तुद्रोणवापमध्यर्धं क्षेत्रं जम्बूदेवप्रावेश्यपृष्ठिमपोत्तके द्रोणवापचतुष्टयं

१५ गोषाटपुञ्जाद् द्रोणवापचतुष्टयं मूलनागिरट्टप्रावेश्यनित्वगोहालीतो द्रोणवापद्वयमाढवा (पट्ट) याधिकमित्येवम्-

१६ मध्यर्धं क्षेत्रकुल्यवापं प्रार्थयतेन्न न कश्चिद् विरोधः गुणस्तु यत् परमभट्टारकपादानामर्थोपचयो धर्मषड्भागाप्याय-

१७ नं च भवति तदेवं क्रियतामित्यनेनावधारणाक्रमेणास्माद् ब्राह्मणनाथशर्मत एतद्भार्यारामियाश्च दीनारत्र-

१८ यमायीकृत्यैताभ्यां विज्ञापितकक्रमोपयोगायोपरिनिर्दिष्टग्रामगोहालीकेषु तलवाटकवास्तुना सह क्षेत्रं

१९ कुल्यवाप अध्यर्धोक्षयनीवीधर्मेण दत्तः कु १ द्रो ४ तद् युष्माभिः स्वकर्मणाविरोधिस्थाने षट्कनडैरप-

२० विंच्छय दातव्योक्षयनीवीधर्मेण च शश्वदाचन्द्रार्कतारककालमनुपालयितव्य इति सं १०० (+) ५० (+) ९

२१ माघ दि ७ उक्तं च भगवता व्यासेन । स्वदत्तां परदत्तां वा यो हरेत वसुन्धरां ।

२२ स विष्ठायां कृमिर्भूत्वा पितृभिः सह पच्यते ॥ षष्टिवर्षसहस्राणि स्वर्गे वसति भूमिदः ।

२३ आक्षेप्ता चानुमन्ता च तान्येव नरके वसेत् ॥ राजभिर्बहुभिर्दत्ता दीयते च पुनः पुनः । यस्य यस्य

२४ यदा भूमिस्तस्य तस्य तदा फलम् ॥ पूर्वदत्तां द्विजातिभ्यो यत्नाद् रक्ष युधिष्ठिर । महीं महिमतां श्रेष्ठ

२५ दानाच्छ्रेयोनुपालनम् ॥ विन्ध्याटवीष्वनम्भःसु शुष्ककोटर-
वासिनः । कृष्णाहिनो हि जायन्ते देवदायं हरन्ति ये ॥

[यह ताम्रपत्र गुप्तवर्ष १५९ के माघ मासके ७वें दिन लिखा गया था। ब्राह्मण नाथशर्मा तथा उसकी पत्नी रामीने पुण्ड्रवर्धनके राजकोषमें तीन दीनार देकर डेढ़ कुल्यवाप ज़मीन प्राप्त की। इसमे ४ द्रोणवाप ज़मीन पृष्ठिमपोत्तक गाँवमे, ४ द्रो० गोषाटपुंजक गाँवमें, २½ द्रो० नित्व-गोहालीमें और १½ द्रो० वटगोहालीमे थी। काशीके पञ्चस्तूपनिकायके निर्ग्रन्थ श्रमणोंके आचार्य गुहनन्दिके शिष्य-प्रशिष्योंका एक विहार वट-गोहालीमे था। वहाँ भगवान् अर्हत्की पूजाके लिए गन्ध, धूप, फूल, दीप आदिकी व्यवस्थाके लिए यह ज़मीन नाथशर्मा तथा रामीने दान दी। इस ताम्रपत्रमें परमभट्टारक पदसे किसी सम्राट्का उल्लेख किया है। ये सम्भवतः गुप्तवंशीय सम्राट् बुधगुप्त थे। पहाड़पुरके समीपका गोआलभिटा गाँव ही सम्भवतः प्राचीन वटगोहाली है। यहाँके एक बड़े मन्दिरके उत्खननमे कई जैन, बौद्ध तथा ब्राह्मण अवशेष मिले हैं।]

[ए० इं० २० पृ० ५९]

२०

होसकोटे (मैसूर)

६वीं सदी पूर्वार्ध संस्कृत

पहला पत्र :

१ स्वस्ति जितं भगवता गतघनगगनाभेन पद्मनाभेन श्रीमज्जाह्न-
वेयकुलामलव्यो-

२ मावभासनभास्करस्य स्वभुजजवजयजनितसुजनजनपदस्य
दारुणारिगण-

३ विदारणरणोपलब्धव्रणविभूषणभूषितस्य काण्वायनसगोत्रस्य श्री-

४ मत्कोंगणिवर्मधर्ममहाधिराजस्य पुत्रस्य पितुरन्वागतगुणयुक्तस्य

५ विद्याविहितविनयस्य सम्यक्प्रजापालनमात्राधिगतराज्य-
प्रयोजनस्य

द्वितीयपत्र : पहला भाग

६ विद्वत्कविकांचननिकषोपलभूतस्य विशेषतोप्यनवशेषस्य नीति-
शास्त्रस्य वक्तृप्र-
७ योक्तृकुशलस्य सुविभक्तभक्तभृत्यजनस्य दत्तकसूत्रवृत्तेः प्रणेतुः
श्रीमन्माधववर्मम-
८ हाधिराजस्य पुत्रस्य पैतृपितामहगुणयुक्तस्य अनेकचतुर्दन्त-
युद्धावाप्त-
९ चतुरुदधिसलिलास्वादितयशसः समदद्विरदतुरगारोहणातिशयो-
त्पन्नतेजसो धनुर-
१० भियोगजनितसम्पादितसम्पद्विशेषस्य श्रीमद्धरिवर्मम्हाधिराजस्य
पुत्रस्य

द्वितीय पत्र : पिछला भाग

११ गुरुगोब्राह्मणपूजकस्य नारायणचरणानुध्यातस्य श्रीमद्विष्णु-
गोपमहाधि-
१२ राजस्य पुत्रस्य त्र्यम्बकचरणाम्भोरुहरजःपवित्रीकृतोत्तमांगस्य
व्यायामोद्वृत्तपीन-
१३ कठिनभुजद्वयस्य स्वभुजबलपराक्रमक्रयक्रीतराज्यस्य चिरप्रनष्ट-
ब्रह्मदे-
१४ यबहुसहस्रविसर्गाप्रयणकारिणः क्षुत्क्षामोष्ठपिशिताशनप्रीतिकर-
निश्चितधा-
१५ रासेः कलियुगमलपंकावसन्नधर्मवृषोद्धरणनित्यसन्नद्धस्य श्रीमाधव-
महाधिराज-

तृतीय पत्र : अगला भाग

१६ स्य पुत्रेण जननीदेवतापर्यंकतलसमधिगतराज्येन निजप्रभाव-
खंडित-
१७ रिपुनृपतिमंडलेनाखंडलविलंबिविभवविक्रमेण करितुरगवरारो-
हणसौष्ठ-
१८ वजनितगुणविशेषेण स्वदानकुसुममंजरीसुरभितसमंतदिगंत-
राभिग-
१९ तबुधमधुकरसमुदयेन वरांगनापांगशरविक्षेपलक्षांगेन प्रजापरिरक्ष-
२० णैकदीक्षाक्षपितकल्मषेणापरिणतवयसापि परिणतमतिसत्त्व-
सम्पदा परम-

तृतीय पत्र : पिछला भाग

२१ धार्मिकेण श्रीमता कोंगण्यधिराजेनात्मनः प्रवर्धमानविजयैश्वर्ये
द्वादशे संवत्स-
२२ रे कार्तिके मासे शुक्लपक्षे तिथौ पौर्णमास्यां शासनाधिकृतस्य
सकलमंत्रतंत्रांतर्ग-
२३ तस्य विविधागमजलप्रक्षालितविशुद्धबुद्धेः सिंहविष्णुपल्लवाधि-
राजस्य
२४ जनन्या भर्तृकुलकीर्तिजनन्यार्थं चात्मनश्च धर्मप्रवर्धनार्थं च
प्रतिष्ठापिताय अर्हद्दे-
२५ वतायतनाय यावनिकसंधानुष्ठिताय कोरिकुन्दभागे पुल्लिऊर्
नाम ग्रामे

चतुर्थ पत्र : अगला भाग

२६ महातटाकस्याधस्तात् मूलाभ्याशे श्रमणकेदारसहितसप्तकण्डुका-
वापमात्रं
२७ क्षेत्रं मध्यभागे पंचकण्डुकावापमात्रं क्षेत्रं इक्षुनिष्पादनक्षममे-
२८ कन्तोदक्षेत्रं ग्रासं दक्षिणेन कण्डुकावापमात्रं पद्रं उत्तरेण च द्वा-

२९ दशकण्डुकावापमात्रमारण्यक्षेत्रं च देवतायतनसन्निकृष्टमेकं वेश्म च

३० एतत् सर्वं सर्वपरिहारपरिगृहीतं पानीयपातपुरस्सरं दत्तं योस्य चतुर्थपत्र : पिछला भाग

३१ लोभात् प्रमादाद् वापि हर्ता स पंचमहापातकसंयुक्तो भवति अपि चास्मिन्न-

३२ र्थे मनुगीता(नू) श्लोकानुदाहरन्ति ॥ स्वदत्तां परदत्तां वा यो हरेत वसुन्धराम्

३३-३८ (नित्यके शापात्मक श्लोक)

३९ कुवलालत्वष्टकारस्य इदम्पटुवस्य पुत्रेण पेरेरन्नामलिखिताम्पट्टिका ॥ शिवमस्तु

[यह ताम्रपत्र गंगवंशीय राजा माधव (द्वितीय) के पुत्र कोंगण्यधिराज (अविनीत) द्वारा राज्यवर्ष १२ के कार्तिक शु० १५ को दिया गया था । इसमें यावनिक संघ-द्वारा अनुष्ठित एक अर्हद्देवतायतन (जिनमन्दिर) के लिए पुल्लिऊर ग्रामकी कुछ भूमि और एक घर दान दिये जानेका उल्लेख है । यह मन्दिर पल्लव राजा सिंहविष्णुकी माता-द्वारा निर्माण किया गया था । ताम्रपत्रको इदम्पटुवके पुत्र पेरेरने लिखा था ।]

[ए० रि० मै० १९३८ पृ० ८०]

२१

कोरमंग (मैसूर)

६वीं सदी, संस्कृत

प्रथम पत्र

१ सूर्यांशुद्युतिपरिषिक्तपंकजानां शोभां यद् वहति सदास्य पादपद्मम् ।

सिद्धम्

२ देवानां मकुटमणिप्रभाभिषिक्तं सर्वज्ञः स जयति सर्व-लोकनाथः (॥१)

३ कीर्त्या दिगन्तरव्यापी रघुरासीन्नराधिपः (।) काकुस्थतुल्यं काकु-स्थो यर्वायांस्तस्य भूपतिः (॥२)

४ तस्याभूत् तनयः श्रीमाञ् शान्तिवर्मा महीपतिः (।) मृगेशस्तस्य तनयो मृगेश्वरपराक्रमः (॥३)

५ कदम्बामलवंशाद्रेः मौलितामागतो रविः (।) उदयाद्रिमकुटटेप (टाटोप) दीप्रांशुरिवांशुमान् (॥४)

६ नृपश्छलनकी विष्णुर्दैत्यजिष्णुरयं स्वयं (।) हिरण्मयचलन्मालं त्यक्त्वा चक्रं विभावितः (॥५)

७ साम्राज्ये नन्दमानोपि न माद्यति परंतपः (।) श्रीरेषा मदयत्य-न्यानतिपीतेव वारुणी (॥६)

द्वितीय पत्र

८ नर्मदं तं मही प्रीत्या यमाश्रित्याभिनन्दति (।) कौस्तुभाभारुण-च्छायं वक्षो लक्ष्मीर्हरेरिव (॥७)

९ स्वावधि जयन्तीयं सुरेन्द्रनगरी श्रिया (।) वैजयन्तो चलच्चित्रं वैजयन्ती विराजते (॥८)

१० स्वेर्भुजंगदासीव चंदनप्रीतमानसा (।) तथा श्रीर्नामवत् प्रीता मुरारेरपि वक्षसि (॥९)

११ विश्वा वसुमती नाथञ्चाथते नयकोविदम् (।) द्यौरिवेन्द्रं ज्वलद्व-ज्रदीप्तिकोरकितांगदम् (॥१०)

१२ यस्य मूर्ध्नि स्वयं लक्ष्मी हेमकुम्भोदरच्युतैः (।) राज्याभिषेकम-करोदम्भोजशबलैर्जलैः (॥११)

१३ रघुणालम्बितामौली (मौलौ) कुण्डो गिरिरधारयत् (।) स्वेराज्ञां वहत्यद्य मालामिव महीश्वरः (॥१२)

१४ धर्मार्थं हरिदत्तेन सोयं विज्ञापितो नृपः (।) स्मितज्योत्स्नाभिषिक्तेन वचसा प्रत्यभाषत (॥१३)

द्वितीय पत्र : दूसरा भाग

१५ चतुस्त्रिंशत्तमे श्रीमद्राज्यवृद्धिसमासमा (।) मधुर्मासस्तिथिः पुण्या शुक्लपक्षश्च रोहिणी (॥१४)

१६ यदा तदा महाबाहुरासंग्रामपराजितः (।) सिद्धायतनपूजार्थं संघस्य परिवृद्धये (॥१५)

१७ सेतोरुपलकस्यापि कोरमंगाश्रितां महीम् (।) अधिकान्निवर्तनान्येव दत्तवां स्वामरिन्दमः (॥१६)

१८ आसन्दी दक्षिणस्याथ सेतोः केदारमाश्रितम् (।) राजमानेन मानेन क्षेत्रमेकनिवर्तनम् (॥१७)

१९ समणे सेतुबंधस्य क्षेत्रमेकनिवर्तनम् (।) तच्चापि राजमानेन वेटिकौटेत्रिनिवर्तनम् (॥१८)

२० उच्छादिपरिहर्तव्ये समाधिसहितं हितम् (।) दत्तवांश्श्रीमहाराजस्सर्वसामन्तसंनिधौ (॥१९)

२१ ज्ञात्वा च पुण्यमभिपालयितुर्विशालं तद्भंगकारणमितस्य च दोषवत्ताम्

तीसरा पत्र :

२२ .....श्रमस्खलितसंयमनैकचित्ताः संरक्षणेस्य जगतीपतयः प्रमाणं (॥२०)

२३ बहुभिर्वसुधा भुक्ता राजभिस्सगरादिभिः (।) यस्य यस्य यदा भूमिस्तस्य तस्य तदा फलं (॥२१)

२४ अग्निर्दत्तं त्रिभिर्मुक्तं सद्भिश्च परिपालितम् (।) एतानि न निवर्तन्ते पूर्वराजकृतानि च (॥२२)

२५ स्वदत्तां परदत्तां वा यो हरेत वसुंधरां (।) षष्टिर्वर्षसहस्राणि
नरके पच्यते तु सः (॥२३)

[यह ताम्रपत्र कदम्बवंशीय राजा मृगेशके पुत्र रविवर्मा-द्वारा दिया गया था। हरिदत्तके निवेदनपर राजाने सिद्धायतनकी पूजा तथा संघ-की वृद्धिके लिए कोरमंग ग्रामकी कुछ ज़मीन दान दी ऐसा इसमें निर्देश है। दानकी तिथि राज्यवर्ष ३४ के चैत्र शुक्ल पक्षकी पुण्यतिथि कही गयी है।]

[ए० रि० मै० १९३३ पृ० १०९]

२२

गोकाक ताम्रपत्र (जि० बेलगाँव, मैसूर)

६–७वीं सदी, संस्कृत–नागरी

१ स्वस्ति ॥ वर्धतां वर्धमानेन्दोर्वर्धमानगणोदधेः । शासनं नाशित-
२ रिपोर्मासुरं मोहशासनं ॥ (१) इहास्यामवसर्पिण्यान्तीर्थ-
३ कराणां चतुर्विंशतितमस्य सन्मतेः श्रीवर्धमानस्य वर्धमा-
४ नायां तीर्थसन्ततावागुत्तायिकानां राज्ञामष्टसु वर्षशते-
५ षु पंचचत्वारिंशदग्रेषु गतेषु राष्ट्रकूटान्वयजातश्रीदे-

दूसरा पत्र : पहला भाग

६ जमहाराजस्याभिमतः श्रीसेन्द्रकामलकुलांबरोदितदी-
७ प्रदिवाकरो विजयानन्दमध्यराजात्मजः श्रीमानिन्द्रणन्दाधि-
८ राजः स्ववंश्यानामात्मनश्च धर्मवृद्धये कष्माण्डीविषये
९ पर्वतप्रत्यासन्नजलारग्रामे जम्बूखण्डगणस्थाय ज्ञान-
१० दर्शनतपस्सम्पन्नाय आर्यणन्द्याचार्याय भगवदर्ह-

दूसरा पत्र : दूसरा भाग

११ प्रतिमानवरतपूजार्थं शिक्षकग्लानवृद्धानां च तपस्विनां वै-
१२ यावृत्यार्थं ग्रामस्योत्तरतः पूर्वीणग्रामविरेयसीमकं द-
१३ क्षिणेन मुञ्जजलमार्गपर्यन्तं अपरतः एन्दावीरुत्स-
१४ हितवल्मीकं तस्मादुत्तरतः पुष्करणी ततश्च यावत् पूर्वविरेय-
१५ कं राजमानेन पंचाशन्निवर्तनप्रमाणक्षेत्रन्द-

तीसरा पत्र

१६ त्तवानेतद् यो हरति स पंचमहापातकसंयुक्तो भवति ॥ उक्तञ्च
१७-२० बहुभिर्वसुधा भुक्ता–(नित्यके शापात्मक श्लोक)

[यह ताम्रपत्र सेन्द्रक वंशके अधिराज विजयानन्दके पुत्र इन्द्रणन्द-द्वारा जम्बूखण्डगणके आचार्य आर्यणन्दिको दिया गया था। अर्हत्प्रतिमाकी पूजाके लिए तथा तपस्वियोंकी सेवाके लिए जलार ग्रामके पासकी कुछ भूमि उन्हे दी गयी थी। राजा इन्द्रणन्द राष्ट्रकूट वंशके देज्ज महाराजका सामन्त था। इस ताम्रपत्रका काल आगुप्तायिक राजाओंका ८४५वाँ वर्ष इस प्रकार कहा है। किन्तु इसमें कौन-सी कालगणना अभिप्रेत है यह स्पष्ट नहीं क्योंकि लिपिकी दृष्टिसे यह ताम्रपत्र छठी या सातवीं सदीका प्रतीत होता है।]

[ए० इं० २१ पृ० २८९]

२३

चितरल (केरल)

७वीं सदी, तमिल

भगवती मन्दिरके लिए प्रसिद्ध तिरुच्छाणत्तुमलै पहाड़ीपर

[इस लेखमें अरिट्टनेमि भटारके शिष्य गुणन्दांगि कुरट्टिगल-द्वारा देवीके लिए कुछ सोनेके आभूषण दान देनेका निर्देश है। यह लेख विक्रमादित्य वरगुणके २८ वें वर्षका है।]

[इ० म० तिरुवांकुर २]

२४

कुलगाण (मैसूर)

संस्कृत—कन्नड, ७वीं सदी

पहला पत्र

१ स्वस्ति श्री जितं भगवता श्रीमज्जान्हवेय····

२ श्रमणाचार्यसाधितः स्वखड्गैक····

३ राक्रमैकयशसः दारुणारिगणविदार····

४ ष्वायनसगोत्रस्य श्रीमत्कोंगणिवर्मध····

दूसरा पत्र

५ युक्तस्य श्रीमन्माधवमहाधिराजस्य प्रियोरसस्य श्रीविष्णुवर्म-
गोपमहाधिराजस्य अने-

६ कचतुर्दन्तयुद्धावाप्तचतुरुदधिसलिलास्वादितयशसः पुत्रस्य श्री-
मन्माधवमहाधिराज-

७ जस्य पुत्रस्य श्रीमत्कृष्णवर्ममहाधिराजस्य भागिनेयस्य श्रीमत्-
कोंगणिवृद्धराजस्या-

८ विनीतनाम्नः पुत्रस्य श्रीदुर्विनीतनामधेयस्य समस्तपाणाटपुन्ना-
टाधिपतेरात्मजस्य श्री-

दूसरा पत्र (ब)

९ मत्कोंगणिवृद्धराजस्य प्रथितमुष्करद्वितीयनामधेयस्य सर्वविद्या-
पारगस्य सूनोः श्रीम-

१० त्पृथिवीकोंगणिवृद्धराजस्य श्रीविक्रमद्वितीयनामधेयस्य सर्व-
विद्यानिकषोपलभूतस्य प्र-

११ योगनिपुणतरस्य श्रीविक्रमोपार्जितानेकजनपदस्य प्रतापोपनत-
सकलसामन्तस्य

१२ धनविनीतस्यात्मजे श्रीमत्पृथिवीकोंगणिवृद्धराजे प्रणितानेक-
राजस्य मकुटमणिम-

तीसरा पत्र

१३ यूखपुंजपिंजरितांगुष्टे वस्युवतिमनोनयनसुभगे रिपुनृपतिगजाश्व-
रथनरोरुवन-

१४ लोकसमदद्विरदतुरगारोहणोपभीसमाननिरतिशयनिजशरीरश्री-
वल्लभे सकल-

१५ पाणाटपुन्नाटाद्यनेकजनपदाधिपतौ मनोविनीतस्य भ्राता शिव-
कुमारः श्रीमत्पृथिवी-

१६ कोंगणिवृद्धराजः स्थिरविनीतः अवनिमहेन्द्रविख्यातः पाणाटपु-
न्नाटाद्यनेकजनपदाधि-

तीसरा पत्र (ब)

१७ पतिः पृथिवीं परिपालयति कोडुगून्नाडा केल्लिपुसूरा चेदिअक्के
कर्गुलप्पोल तटुवल्लु-

१८ वेरेडं वसदिगालुमेरडु कलनिडं तोट्टमुं मनेत्तानमुं पृथिवीकोंगणि
मुत्तरसरनुमतदो-

१९ लं पल्लवेलारसर् पोय्दार् कोकन्दियुं मयिलूरगयुं मेल्पालुं
जादिगालु कोलिगंकेरेक्कालु ओन्दुतोट्टमुमा-

२० रु कलनिडं पृथिवीकोंगणि मुत्तरसरनुमतदोलं गंजेनाडर् कण्णमन्
पोय्दार् चन्त (न्द्र) सेनाचा-

चौथा पत्र

२१ र्यर् कर्तारराग अदर्के साक्षि केल्लिपुसूर् पन्निर्वरुं अय्सामन्तरुं
नालत्ताणिडं इदा-

२२ नलिदोन् पंचमहापातगनप्पोन् श्री बहुभिर्वसुधा भुक्ता राजभि-
स्सक (ग)-

२३ रादिभिः यस्य यस्य यदा भूमि (:) तस्य तस्य तदा फलं ॥
देवस्वं तु विषं घो-

२४ रं न विषं विषमुच्यते विषमेकाकिनं हन्ति देवस्वं पुत्रपौत्रकं ॥
स्वदत्तां परदत्तां वा

चौथा पत्र (ब)

२५ यो हरेति वसुन्धरा षष्टिं वर्षसहस्राणि घोरे तमसि वर्तते ।
मारगो-

२६ ट्टेररोन्दु तोट्टं पोय्दार् देवरा पसु गोट्टोन्दु तोट्टं कोण्डत्तु गंजे-
नाडर्

२७ कण्णम्मन् कोडुगूर्नाडाल श्रीरंकल्वाय्गरुं सोम्पाल्वाय्गरुमिर्वरुं
तुप्पूरालअरसरान-

२८ नुमतप्पडिसि पोय्ददु तुल्टिल्काल् किलिप्पुसूर् चेदियक्क

पाँचवाँ पत्र

२९ से ३२ तक पंक्तियाँ १३ से १६ तक के समान हैं ।

३३ पाणाटपुन्नाटाद्यनेकजनपदाधिपतिः पृथिवीं परिपालयति कं.डुगूर्-
विषये

३४ केल्लिपुसूर् नाम ग्रामे जिनालयाय वसदिकालुं जातिकालुं
मेल्पालुं कोलि-

३५ गनूरेक्कालुं कर्गुलदापोल तट्टुवल्लुवेरेउं एलुकलनिउं नालगु-
तोट्टमुं म—

३६ नेत्तानमुं चन्द्रसेनाचार्यर्के उदपूर्वं कोट्टरदर्के साक्षी कोट्टेररुं
कारेअरुकुं

[इस ताम्रपत्रके प्रारम्भमें गंग वंशके राजाओंकी वंशावली इस प्रकार बतलायी है – कोंगणिवर्मा माधव – विष्णुवर्मगोप – माधव – अविनीत कोंगणिवृद्धराज – दुर्विनीत – मुष्कर कोंगणिवृद्धराज – श्रीविक्रम पृथिवीकोंगणिवृद्धराज – श्रीवल्लभ पृथिवीकोंगणिवृद्धराज । श्रीवल्लभके बन्धु शिवकुमार अवनिमहेन्द्र पृथिवीकोंगणिवृद्धराजके शासनकालमे यह लेख लिखा गया था । पल्लवेल अरसने राजाकी अनुमतिसे केल्लिपुसूर् ग्रामका एक खेत, बगीचा और कुछ जमीन एक जिनमन्दिरको दान दी उसका इस लेखमें निर्देश है । इसी समय गंजेनाड निवासी कण्णम्मन्ने भी कुछ खेत इस मन्दिरको अर्पण किये । मारुगोट्टेरर्ने एक बगीचा तथा ओरंकल्वायगर् और सीम्पाल्वायगर्ने कुछ खेत दान दिये । राजाने भी कुछ खेत दान दिये थे । इस जिनमन्दिरके अधिष्ठाता चन्द्रसेनाचार्य थे ।]

[ए० रि० मै० १९२५ पृ० ९०]

२५-२६-२७

कोनकोण्डल (अनन्तपुर, आन्ध्र)

७वीं सदी, कन्नड

[ये तीन लेख रसासिद्धुलगुट्ट नामक पहाड़ीपर पाषाणोंपर खुदे हैं । इनमे निम्नलिखित नाम उत्कीर्ण हैं –

१ सिंगनन्दिवन्दितन्

२ श्रीउरिंगपसिण्डि

३ श्रीसूलाकोभरन्

इनकी लिपि ७वीं सदीकी है ।]

[रि० सा० ए० १९४०-४१ क्र० ४५४-५५-५६ पृ० १२६]

२८

रत्नगिरि (कटक, उड़ीसा)

संस्कृत, ७वीं सदी

[इस लेखमे ७वीं सदीकी लिपिमे एक जिनालयका उल्लेख है । लेख खण्डित है ।]

[रि० इ० ए० १९५४-५५ क्र० ४४८ पृ० ६७]

२९

पेनिकेलपाडु (कडप्पा, आन्ध्र)

संस्कृत–तेलुगु, ७वीं सदी

[इस लेखमें वृषभ नामक जैन आचार्यकी प्रशंसा की गयी है । उन्हें भव्यरूपी फसलके लिए मेघके समान तथा वाद-विवादमे पर्वतके समान दृढ़ कहा है । इस स्थानको अब संन्यासिगुण्डु कहा जाता है । लिपि ७वीं सदीकी है ।]

[रि० सा० ए० १९४०-४१ क्र० ४०१ पृ० १२०]

३०

कोंगरपुलियंगुलम् (मद्रास)

वट्टेळुत्तुलिपि, ७वीं सदी

(एक जैनमूर्तिके नीचे –) श्रीअज्जणन्दि

[यहाँसे ३८वें लेख तक ९ लेखोंका समय लिपिके आधारपर कहा है ।]

[रि० सा० ए० १९१० पृ० ५७ क्र० ५४]

३१

मुत्तुप्पट्टि (मद्रास)

वट्टेलुत्तुलिपि, ७वीं सदी

[(जैनमूर्तिके नीचे –) यह मूर्ति वेण्बुनाडुके कुरण्डि अट्टउपवासि भटारके शिष्य गुणसेनदेवके शिष्य कनकवीरपेरियडिगल्-द्वारा बनवायी गयी थी ।]

[रि० सा० ए० १९१० पृ० ५७ क्र० ६१]

३२

मुत्तुप्पट्टि (मद्रास)

वट्टेलुत्तुलिपि, ७वीं सदी

[यह मूर्ति कुरण्डि अष्टोपवासिके शिष्य माघनन्दि-द्वारा बनवायी गयी थी ।]

[रि० सा० ए० १९१० पृ० ५७ क्र० ६२]

३३-३८

कीलक्कुडि (मद्रास)

वट्टेलुत्तुलिपि, ७वीं सदी

[यहाँ जैन मूर्तियोंके समीप निम्न नाम खुदे हैं – कनकनन्दि भटारके शिष्य अभिनन्दन भटारके शिष्य अरिमण्डल भटारके शिष्य अभिनन्दन भटार (२) ।

अज्जणन्दिकी माता गुणमतियार् ।

गुणसेनदेवके शिष्य अनत्तवन् मासेनन्का भतीजा आच्चन् श्रीपालन् ।

गुणसेनदेवके शिष्य कण्डन् पोर्पट्टन् । वेण्बुनाडुके तिरु कुरण्डिके सेवक कनकनन्दि । गुणसेनदेवके शिष्य अरैयंगाविदि, पल्लिके प्रमुख ।]

[रि० सा० ए० १९१० पृ० ५७ क्र० ६३–६९]

३९

नलजनम्पाडु (आन्ध्र)

तेलुगु, ७वीं-८वीं सदी

अगला भाग

१ स्वस्ति म–
२ गवदर्हत (प)–
३ रमभट्टारकस्य पा–
४ दानुध्यात परममा–
५ हेश्वर पर(मे) श्वर प–
६ ल्लवादित्य श्रीबादि–
७ राजुल अन्दु पल्ले–
८ यरि कोडुकु बादि (रा)–
९ जेन्वानूरु राजमा (नं)–
१० बु मूनूरु वुट्टु आर्ल–
११ पट्टु क्षेत्रंबु प(रि)–
१२ सि पल्लेयारि (दा)–
१३ यनंबुनाकु इच्चे
१४ दीनि रक्षिंचिनवानि (कि)

पिछला भाग

१५ अडुगडु–
१६ गश्वमेधंबुना
१७ पलंबगु
१८ दीनि लच्चिन–
१९ वानिकि एकलु
२० श्रीपर्वतंबु
२१ लच्चिन पाप–
२२ बगु वाच्चो–
२३ लाल कोडुकु
२४ पल्लवाचा–
२५ र्ज्यस्य लिकि–
२६ तम् (॥)

[इस लेखमें परमेश्वर पल्लवादित्य वादिराजुल नामक शासक-द्वारा ३ पुट्टि जमीन किसी ग्राममुख्यको दिये जानेका उल्लेख है। वादिराजुलको अर्हतभट्टारक तथा महेश्वर दोनोंका भक्त कहा गया है। लेखकी लिपि ७वीं-८वीं सदीकी है।]

[ए० इं० २७ पृ० २०३]

४०-४३

सातानिकोट (कुर्नूल, आन्ध्र)

कन्नड, ७वीं-८वीं सदी

[यहाँ एक खेतमें पाषाणोंपर निम्न नाम खुदे है –

१ श्री····कोपा (शि) की निसिधि

२ संसारमीत

३ श्रीविमलचन्द्रन्

४ गणिगे महाव्रति

इनकी लिपि ७वीं-८वीं सदीकी है ।]

[रि० सा० ए० १९३७-३८ क्र० ३३०, ३३२, ३३७, ३३९ पृ० ४१-४२]

४४

माचेर्ल (कृष्णा, आन्ध्र)

तेलुगु, ८वीं सदी, पूर्वार्ध

[यह लेख पूर्वीय चालुक्य राजा सकललोकाश्रय जयसिंहवल्लभ (द्वितीय) के राज्यवर्ष ८ में लिखा गया था । दयावसन्त पृथिवीदेशरट्ट-गुडिके प्रपौत्र तथा धन्यवसन्त पृथिवीदेशरट्टगुडिके पुत्र कल्याणवसन्तुलु-द्वारा अरहन्तभटारको कुछ भूमि दान दिये जानेका इसमें उल्लेख है । इस दानकी रक्षा कोंठूरुके रट्टगुडि वंशके शासक करेंगे ऐसा लेखमें कहा है ।]

[रि० सा० ए० १९४१-४२ क्र० १८ पृ० १३१]

४५

शिग्गांव (धारवाड, मैसूर)

शक ६३० = सन् ७०८

संस्कृत-नागरी

[यह ताम्रपत्र चालुक्य राजा विजयादित्यके ११वें राज्यवर्ष शक ६३० में आषाढ़ पौर्णिमाके दिन दिया गया था। किसुवोललके राजस्कन्धावारसे राजाने पुरिगेरे नगरमें कुंकुमादेवी-द्वारा निर्मित जिनमन्दिरके लिए गुड्डिगेरे ग्राम दान दिया ऐसा इसमे उल्लेख है।]

[रि० इ० ए० १९४५-४६ ए० क्र० ४९]

४६

अण्णिगेरि स्तम्भलेख (जि० धारवाड, मैसूर)

राज्यवर्ष ६ = सन् ७५१-५२, कन्नड

१ स्वस्ति कीर्तिवर्म(सत्या)श्रय २ श्रीपृथु(वीवल्लभ) महाराजा
३ धिराज परमेश्वर भटारर ४ राज्यं ओन्दुत्तरमभिवृद्धि स–
५ ले आरनेया वर्ष प्रव– ६ र्दमानमागे जे–
७ बुलगेरिगे कलि– ८ यम्म गासुण्डुगेय्दी
९ चेदियमान्माडिसिदोद् १० इदर मुन्दे कोण्डि–
११ शुलरकुप्प कीर्तिवर्म– १२ गोसासिय निरिसिदा
१३ कीर्तन। दीशापालस्य लि– १४ खितं। प्रभुनामन्।

[यह लेख बदामीके चालुक्य राजा कीर्तिवर्मा द्वितीयके राज्यके छठे वर्षका अर्थात् सन् ७५१-५२ का है। इसमें जेबुलगेरिके ग्रामाधिकारी कलिमय्य-द्वारा एक चेदिय अर्थात् जिनमन्दिर बनवाये जानेका निर्देश है।]

[ए० इं० २१ पृ० २०४]

४७

कुडलूर (मैसूर)

कन्नड, ८वीं सदी

श्रीयम्मं तोरेय तडिय तोण्टदोल् तम्म भागमं देवर्गे कोट्टर् अय्यप्प राउणद् पक्कदतोण्टमं कोण्डु तोरेय तडिय तम्म भागद तोण्टमं मूडण-बसदिगे कोट्टर् रणपाकरसर् आले कोण्डु तोट्टर् ॥

[इस लेखमे रणपाकरसके राज्यकालमें श्रीयम्म तथा अय्यप्प-द्वारा किसी नदीतीरपर स्थित पूर्वीयबसदिके लिए कुछ उद्यान आदिके दानका उल्लेख है। लिपि ८वी सदीकी प्रतीत होती है।]

[ए० रि० मै० १९०९ पृ० १४]

४८

नरसिंहराजपुर (मैसूर)

संस्कृत–कन्नड, ८वीं-९वीं सदी

[यह ताम्रपत्र गंग राजा श्रीपुरुष-द्वारा दिया गया था। इस राजाके 'अनुकूलवर्ती' पसिण्डि गंग कुलके नागवर्मा तथा कदम्बकुलके तुलुअडिने तगरे प्रदेशके तोल्लग्राममे स्थित चैत्यालयके लिए मल्लवल्लि ग्राम दान दिया था। इसी प्रकार कोशिक वंशके मणलि मनेओडेयोन्ने कुछ भूमि दान थी। इसी ताम्रपत्रके अन्तिम भागमें गंग राजा शिवमारके राज्यमें सिन्दनाडु ८००० के शासक विट्टरस-द्वारा तोल्लरके चैत्यके लिए करिमानी ग्रामके दानका भी उल्लेख है। तदनन्तर इसी चैत्यके लिए राजा शिवमारके मामा विजयशक्ति अरस-द्वारा ६ खंडुगभूमिके दानका उल्लेख है।]

[ए० रि० मै० १९२० पृ० २७]

४९

मुनुगोडु (गुण्टूर, आन्ध्र)

तेलुगु, ८वीं सदी

[यह लेख पूर्वीय चालुक्य राजा सर्वलोकाश्रय विष्णुवर्धनके राज्यवर्ष ३७ का है। इस समय महामण्डलेश्वर गोकय्यने मुनुगोडुके जिनालयके लिए कुछ भूमि दान दी थी। यहीके एक अन्य लेखमे गोंकके सेवक बोयुगट्ट-द्वारा इस जिनालयके जीर्णोद्धारका उल्लेख है जिसका निर्माण अग्गोति-द्वारा मुनिसुव्रतके तीर्थमे किया गया था।]

[रि० सा० ए० १९२९-३० क्र० १७-१८ पृ० ६]

५०

तिरुगोकर्णम् (मद्रास)

तमिल, ८वीं सदी

[यह लेख शडैयापारै नामक पहाड़ीपर एक जिनमूर्तिके पास है। पाण्डय राजा कोणेरिण्मैकोण्डान् सुन्दरपाण्डयदेवके २४वें वर्षकी एक राजाज्ञाका इसमे उल्लेख है। तदनुसार तेकविणाडुके निवासियोंसे कहा गया था कि कल्लारुप्पल्लिके पेरुनकिलि चोलप्पेरुम्पल्लि आल्वारके पूजादि-के लिए स्थानीय पल्लि (जिनमन्दिर) के व्यवस्थापको-द्वारा अर्पित जमीनोंको करमुक्त किया गया।]

[इ० पु० क्र० ५३० पृ० ८५]

५१-५३

ब्रिटिश म्यूजियम (लन्दन)

८वीं-९वीं सदी, संस्कृत—नागरी

१ अनन्तवीर्य २ सुलोचना ३ धृति

[ये नाम तीन मूर्तियोके पादपीठोंपर खुदे हैं। ये मूर्तियाँ यक्ष तथा

यक्षिणियोंकी हैं और इनके शिरोभागमें जिनमूर्तियाँ खुदी हैं। अक्षरोंकी लिपि तथा मूर्तिशिल्प ८वीं-९वीं सदीके हैं।]

[Medicval Indian Sculpture in the British Museum P. 41-42]

५४

बदनगुप्पे (मैसूर)

संस्कृत–कन्नड, शक ७३० = सन् ८०८

[इस ताम्रपत्रके पाँच पत्रोंमें-से पहले तीन पत्र द्वितीय भागके लेख क्र० १२३ के समान हैं जिनमें राष्ट्रकूट राजाओंका वंशवर्णन गोविन्द-राज३ तक किया गया है।]

चतुर्थ पत्र : पहली ओर

५१ धारावर्षश्रीवल्लभमहाराजाधिराजस्य पुत्रः शौचाचारप्रभुगुण-गणप्रण-

५२ मितसमस्तलोकः परोपकारकरुणापरः परमेश्वरचरणारविन्दवन्द-नाभिनन्दनः र-

५३ णावलोकश्रीकम्मराजः पुन्नाड एडेनाडुविषये वदनेगुप्पे नाम ग्रामः तलव-

५४ ननगरं अधिवसति विजयस्कन्धावारे। त्रिंशदुत्तरेष्वतीतेषु शक-वर्षेषु कार्तिक-

५५ मास-पौर्णमास्यां रोहिणीनक्षत्रे सोमवारे कोण्डकुन्देयान्वय सिर्मलगे-

५६ गूरुगण कुमारणन्दिभट्टारकस्य शिष्यः एकवाचार्यगुरुः तस्य शिष्यो वर्धमा-

५७ नगुरुः (।) सर्वप्राणिहितः साक्षात् सिद्धान्तानुगमोद्धतः (।) शान्तः सर्वज्ञकल्पोयं नयोन्न-

५८ तगुणोन्नतः (॥) तस्मै तं ग्रामं अदात् स्वपुत्रश्रीशंकरगण्ण विज्ञापनेन श्रीकम्भदेवः श्रीविजय-

५९ वसतये तलवननगरे प्रतिष्ठितायै । तस्य सीमान्तराणि बडगण दिरे पोन्नर्पु-

चतुर्थ पत्र : दूसरी ओर

६० लि बडगण पडुवण कोनेदु पोसत्तिगल्लु पडुवणसीमे कदम्ब-गेरेय पेर्वं-

६१ ग पडुवण तेंकण कोनेदु पोंगुलवल्तिय तेन्नोलवे तेंकण सीमे बेलक्काल तेन्नो-

६२ ल्वे तेंकण मूडण कोनेंदड्डु मुदुवन्नि कोरलु मूडणसीमे कल्लि-वेट्टिन मूडण पोरे-

६३ ये मूरु बेट्टु ओळगु मूडण बडगण कान्नेडु बदनिदिय बडगण ओळ्वे

६४ अस्य दानस्य साक्षिणः षण्णवतिसहस्रविषयः प्रकृतयः

६५ योस्यापहर्ता लोभान्मोहात् प्रमादेन च स पंचभिर्महद्भिः पातकै (:) संयुक्तो

६६ भवति यो रक्षति स पुण्यभाग् भवति अपि चात्र मनुगीता (:) श्लोका (:) स्वदत्तां परदत्तां

६७ वा यो हरेत वसुन्धरां (।) षष्टिं वर्षसहस्राणि विष्ठायां जायते क्रिमिः (॥) स्वं दातुं

६८ सुमहच्छक्यं दुःखं अन्यस्य पालनं (।) दानं वा पालनं वेत दानाच्छ्रेयोनुपा-

पाँचवाँ पत्र : पहली ओर

६९ लनं (॥) बहुभिर्वसुधा भुक्ता राजभिस्सगरादिभिः (।) यस्य यस्य यदा भूमि (:) तस्य

७० तस्य तदा फलं (॥) देवस्वं तु विषं घोरं न विषं विषमुच्यते (।) विषमेकाकिनं हन्ति

७१ देवस्वं पुत्रपौत्रिक (।।) विश्वकर्माचार्येण लिखितं (॥)

[यह ताम्रपत्र राष्ट्रकूट समाट् गोविन्दराज (तृतीय) के राज्यकालमे सम्राट् (ध्रुव निरुपम) धारावर्षके पुत्र रणावलोक कम्भराज-द्वारा कार्तिक शु० १५ शक ७३०, सोमवारके दिन दिया गया था। कोण्डकुन्देय अन्वय-सिर्मलगेगूरु गणके कुमारणंदि भट्टारकके प्रशिष्य तथा एलवाचार्यके शिष्य वर्धमानगुरुको वदनोगुप्पे ग्राम दान दिये जानेका इसमे उल्लेख है। यह दान तलवननगरकी श्रीविजयवसतिके लिए दिया गया था।]

[ए० रि० मै० १९२७ पृ० ११२]

५५

सूरत ताम्रपत्र (गुजरात)

शक ७४३ = सन् ८२१, संस्कृत—नागरी

१ ओं। श्रियः पदं नित्यमशेषगोचरं नयप्रमाणं प्रतिषिद्धदुष्पथं। जनस्य भव्यत्वसमाहितात्मनो जयत्यनुग्राहि जिनेन्द्रशासनं ॥ (१) स वो-

२ व्याद् वेधसां धाम यन्नाभिकमलं कृतं। हरश्च यस्य कान्तेन्दु-कलया कमलंकृतं ॥ (२) आसीद् द्विषत्तिमिरगुद्यतमण्डलाग्रो ध्वस्तिक्षय-

३ नभिमुखो रणशर्वरीषु। भूपश्शुचिर्विधुरिवास्तदिगन्तकीर्ति-र्गोविन्दराज इति राजसु राजसिंहः ॥ (३) दृष्ट्वा चमूभमि-

४ मुखीं सुभटाट्टहासामुन्नामितं सपदि येन रणेषु नित्यं। दष्टाधरेण दधता भ्रुकुटिं ललाटे खड्गं कुलं च हृद(यं)-

५ च निजं च सत्वं ॥ (४) खड्गं कराग्रान्मुखतश्च शोभां मानो मनस्तस्समभेव यस्य। महाहवे नाम निशम्य सद्यश्च-

६ यं रिपूणां विगलत्यकाण्डे ॥ (५) तस्यात्मजो जगति विश्रुत-
दीर्घकीर्तिरातार्तिहारिहरिविक्रमधामधारी । भूप-
७ त्रिविष्टपनृपानुकृतिः कृतज्ञः श्रीकर्कराज इति गोत्रमणिर्बभूव ॥
(६) तस्य प्रभिन्नकरटाच्युतदानद-
८ न्तिदन्तप्रहारकुचिरोल्लिखितांसपीठः । क्ष्माषः क्षितौ क्षपितशत्रु-
रभूत्तनूजः सद्राष्ट्रकूटकनकाद्रिरिवेन्द्रराजः ॥ (७) तस्योपा-
९ र्जितमहसस्तनयश्चतुरुदधिवलयमालिन्याः । भोक्ता भुवश्शत-
क्रतुसदृशः श्रीदन्तिदुर्गराजोभूत् ॥ (८) कार्त्तीशकेर-
१० लनराधिपचोलपाण्डयश्रीमांयवज्रटविभेदविधानदक्षं । कर्णाटकं
बलमचिन्त्यमजेयमन्यैर्भृत्यैः कियद्भिर-
११ पि यस्सहसा जिगाय ॥ (९) अभ्रूविभंगमगृहीतनिशातशस्त्र-
मश्रान्तमप्रतिहताज्ञमपेतयत्नं । यो वल्लभं त्वपदि दण्ड-
१२ बलेन जित्वा राजाधिराजपरमेश्वरतामवाप ॥ (१०) आसेतो-
र्विपुलोपलावलिलसल्लोलोर्मिमालाजलादाप्रालेयक-
१३ लंकितामलशिलाजालात्तुषाराचलादा पूर्वापरवारिराशिपुलिन-
प्रान्तप्रसिद्धावधेर्येनेदं जगती स्वविक्रमबलेनैका-
१४ तपत्रीकृता ॥ (११) तस्मिन् दिवं प्रयाते वल्लभराजे क्षतप्रजा-
बाधः । श्रीकर्कराजसूनुर्महीपतिः कृष्णराजोभूत् ॥ (१२) यस्य
स्वभुजप-
१५ राक्रमनिश्शेषोत्सादितारिदिक्चक्रं । कृष्णस्येव(कृष्णं) चरितं
श्रीकृष्णराजस्य ॥ (१३) शुभतुंगतुंगतुरगप्रयुद्धरेणूद्धरुद्धरवि-
किरणं । ग्रीष्मेपि नभो निखिलं
१६ प्रावृट्कालायते स्पष्टं ॥ (१४) दीनानाथप्रणयिषु यथेष्टचेष्टं
समीहितमजस्रं । तत्क्षणमकालवर्षं वर्षति सर्वार्थिनिर्व(प)णं ॥
(१५) राहप्पमा-

१७ त्मभुजजातबलावलेपमाजौ विजित्य निशितासिलताप्रहारैः। पालिध्वजावलिशुभामचिरेण यो हि राजाधिराजपरमेश्वरतां

१८ ततान ॥ (१६) क्रोधादुत्खातखड्गं प्रसृतरिपुभयैर्भासमानं समन्तादाजादुद्वृत्तबैरिप्रकटगजघटाटोपसंक्षोभदक्षं । सौर्यं त्यक्त्वारि-

दूसरा पत्र : पहला भाग

१९ वर्गो भयचकितवपुः क्वापि दृष्ट्वैव सद्यो दर्पोध्मातारिचक्रक्षय-करमगमद्यस्य दोर्दण्डरूपं ।। (१७) पाता यश्चतुरंबुराशिरसनालं-कारभाजा भु-

२० वस्तथ्याश्चापि कृतद्विजामरगुरुप्राज्याज्यपूजादरो। दाता मानभृद-ग्रण्यांगुणवतां योसौ श्रियो वल्लभो भोक्तुं स्वर्गफलानि भूरितपसा

२१ स्थानं जगामामरं ॥ (१८) येन श्वेतातपत्रप्रहतरविकरव्रात-तापात्सलीलं जग्मे नासीरधूलीधवलितवपुषा वल्लभाख्यस्स-दाजौ । श्रीमद्गोविन्दराजो जि-

२२ तजगदहितस्त्रैणबैभव्यहेतुस्तस्यासीत् सूनुरेक····लितारातिम(म) स्तेमकुम्भः ॥ (१९) तस्यानुजः श्रीध्रुवराजनामा महानुभावः प्रथितप्रतापः ।

२३ प्रसाधिताशेषनरेन्द्रचक्रः क्रमेण बालार्कवपुर्बभूव ॥ (२०) जाते अत्र च राष्ट्रकूटतिलके सद्भूतचूडामणौ गुर्वीं तुष्टिरथाखिलस्य जगतः सुस्वामिनि प्रत्यहं । (सत्यं) सत्यमिति प्रसा-

२४ सति सति क्षामासमुद्रान्तिकामासीद् धर्मपरे गुणामृतनिधौ सत्यव्रताधिष्ठिते । (२१) शशधरकिरणनिकरनिभं यस्य यशः सुरनगाग्रसानुस्थैः । परिगी-

२५ यतेनुरक्तैर्विद्याधरसुन्दरीनिवहैः ॥ (२२) हृष्टोन्वहं योर्थिजनाय नित्यं सर्वस्वमानन्दितबन्धुवर्गः प्रादात् प्रहृष्टो हरति स्मवेगात् प्राणान् यमस्यापि नितान्त-

२६ वीर्यः ॥ (२३) रक्षता येन निश्शेषं चतुरम्भोधिसंयुतं । राज्यं धर्मेण लोकानां कृता हृष्टिः परा हृदि ॥ (२४) योसौ प्रसाधित-(समुन्नत) सारदुर्गो गांगौघसन्ततिनिरोध-

२७ विवृद्धकीर्तिः । आत्मीकृतोन्नतवृषांकविभूतिरुच्चैर्व्यक्तं ततान परमेश्वरतामिहैकः ॥ (२५) तस्यात्मजो जगति सत्प्रथितोरु-कीर्तिर्गोविन्दराज इ-

२८ ति गोत्रललामभूतः त्यागी पराक्रमधनः प्रकटप्रतापः सन्तापि-ताहितजनो जनवल्लभोभूत् ॥ (२६) पृथ्वीवल्लभ इति च प्रथितं यस्या-

२९ परं ज(ग)ति नाम । यश्चतुरुदधिसीमामेको वसुधां वशे चक्रे ॥ (२७) एकोप्यनेकरूपो यो ददृशे भेदवादिभिरिवात्मा । परबल-जलधिमपारं

३० तरन् स्वदोर्भ्यां रणे रिपुभिः ॥ (२८) एको निर्हेतिरहं गृहीतशस्त्रा मे परे बहवो । यो नैवंविधमकरोच्चित्तं स्वप्नेपि किमुताजौ ॥ (२९) राज्याभिषेकलशैरभि-

३१ षिच्य दत्तां राजाधिराजपरमेश्वरतां स्वपित्रा । अन्यैर्महानृपति-भिर्बहुभिस्समेत्य स्तम्भादिभिर्भुजबलादवलुप्यमानां ॥ (३०) एकोनेकनरेन्द्रवृन्दसहिता-

३२ न्यस्तान् समस्तानपि प्रोत्खा(ता)सिलताप्रहारविधुरां बध्वा महामंयुगे । लक्ष्मी(म)प्यचलां चकार विलसत्सच्चामरग्राहिणीं संसीदद्गुरुविप्रसज्जनसुहृद्बं-

३३ धूपभोग्यां भुवि ॥ (३१) तत्पुत्रोत्र गते नाकमाकम्पितरिपुव्रजे । श्रीमहाराजसर्वाख्यः ख्यातो राजाभवद् गुणैः ॥ (३२) अर्थिषु यथार्थतां यस्समभिष्टफलाप्तिलब्धतो-

३४ षेषु । वृद्धिन्निनाय परमाममोघवर्षाभिधानस्य ॥ (३३) राजा-

भूत् तत्पितृभ्यो रिपुभवविभवोद्भूत्यभावैकहेतुर्लक्ष्मीवानिन्द्रराजो गुणिजननिकरान्तश्चमत्का-

३५ रकारी। रागादन्यान् व्युदस्य प्रकटितविनया यं नृपं सेवमाना राजश्रीरेव चक्रे स(कल)कविजनोद्गीततथ्यस्वभावं ॥ (३४) निर्वाणावाप्तिवानासहितहितजनो –

३६ पास्यमाना सुवृत्तं वृत्तं जित्वान्यराज्ञां चरितमुदयवान् सर्वतो हिंसकेभ्यः। एकाकी दृप्तवैरिस्खलनकृतिसहप्रातिराज्येशशंकुर्लाटीयं मण्डलं

३७ यस्तपन इव निजस्वामिदत्तं ररक्ष ॥ (३५) यस्यांगमात्रजयिनः प्रियसाहसस्य क्ष्मापालवेषफलमेव बभू(व) सैन्यं। मुक्त्वा च सर्वभुवनेश्वरमादिदे –

दूसरा पत्र : दूसरा भाग

३८ वं नावन्दतान्यममरेष्वपि यो मनस्वी ॥ (३६) श्रीकर्कराज इति रक्षितराज्यभारस्सारः कुलस्य तनयो नयशालिशौर्यः। तस्या –

३९ भवद् विम(व)नन्दितबन्धुसार्थः पार्थः सदैव धनुषि प्रथमश्शुचीनां ॥ (३७) दानेन मानेन सदाज्ञया वा शौर्येण वीर्येण च कोपि भूपः। एतेन साम्योस्ति

४० न वेति कीर्तिस्सकौतुका भ्राम्यति यस्य लोकं ॥ (३८) स्वेच्छागृहीतविषया(न्)दृढसंघभाजः प्रोद्वृत्तदृप्ततरशौल्किताराष्ट्रकूटान्। उत्खातखड्गनिज –

४१ बाहुबलेन जित्वा योमोघवर्षमचिरात् स्वपदे व्यधत्त ॥ (३९) तेनेदमनिलविद्युच्चंचलमालोक्य जीवितमसारं। क्षितिदानपरमपुण्यः प्रवर्तितो ध –

४२ र्मदायोयम् ॥ (४०) स च समधिगताशेषमहाशब्दमहासामन्ता-

धिपतिः सुवर्णवर्षश्री(क)र्कराजदेवः कुशली सर्वानेव यथासंबध्यमानान् राष्ट्रपति –

४३ विषयग्रामपतिग्रामकूटयुक्त नियुक्तवासावकाधिकारिकमहत्तरादिकान् समनुदर्शयत्यस्तु वस्संविदितं यथा मया श्रीवङ्किकातट –

४४ स्थावासितविजयस्कन्धावारस्थितेन मातापित्रोरात्मनश्चैहिकामुष्मिकपुण्ययशोभिवृद्धये श्रीनागसारिकास्वतलसन्निविष्टार्हच्चैत्याल(या)यतननि(बद्ध) –

४५ सम्बपुराभ्यमण्डितवसतिकायाः खण्डस्फुटितनवकर्मचरुबलिदानपूजार्थं तथा तथानिबध्यमानचातुष्टयमूलसंघोद्यान्वयसेन –

४६ सेनसंघमलवादिगुरोशिष्यश्रीसुमतिपूज्यपादः तच्छिष्य-श्रीमद्-पराजितगुरोः श्रीनागसारिकाप्रतिबद्ध अम्बापाटकग्रामस्य उत्तरदिशि

४७ हिरण्ययोगाभिधानां ढापुवापी यस्याघाटनानि पूर्वतः श्रीधरवापिका दक्षिणतो वहः अपरतः पूरावी महानदी उत्तरतस्सम्बपुर –

४८ वापिका । एवमियं चतुराघाटोपलक्षिता सधान्यहिरण्यादेया अचाटभटप्रवेश्यस्सर्वराजकीयानामहस्तप्रक्षेपणीयः आच –

४९ न्द्रार्कार्णवक्षितिसरित्पर्वतसमकालीनः शिष्यप्रशिष्यान्वयक्रमोपभोग्यः शकनृपकालातीतसंवत्सरशतेषु सप्तसु त्रिचत्वारिंशद –

५० धिकेष्वतीतेषु वैशाखपौर्णमास्यां स्नात्वोदकातिसर्गेण प्रतिपादितोस्योचितया आचार्यस्थित्या भुंजतो भोजयतः कर्षतः कर्षयतः प्रतिदि –

५१ शतो वा न केनचित् परिपन्थिना करणीया ॥ तथागामिनृपतिभिरस्मद्वंश्यैरन्यैर्वा सामान्यं भूमिदानफलमवेत्य विद्युल्लोलान्यनित्यान्यैश्च –

५२ र्याणि तृणाग्रलग्नचंचलबिन्दुचंचलं च जीवितमाकलय्य स्वदाय-
निर्विशेषोयमनुमन्तव्यः परिपालयितव्यश्च । यश्चाज्ञानतिमिर-
पटलावृत –

५३ मतिराच्छिन्द्यादाच्छिद्यमानकं वानुमोदेत स पं(च)भिर्महापात-
कैरुपपातकैश्च संयुक्तस्स्यादित्युक्तं च भग(व)ता वेदव्यासेन
व्यासेन ॥

५४-५८ [नित्यके शापात्मक श्लोक – षष्टिं वर्षसहस्राणि आदि]

५९ यथा चैतदेवं तथा शासनदाता लिपिज्ञस्स्वहस्तेन स्वमतमारोप-
यति ॥ स्वहस्तोयं मम श्रीकर्कराजस्य श्रीमदि –

६० न्द्रराजसुतस्य ॥ लिखितं चैतन्मया महासन्धिविग्रहाधिपतिना
नारायणेन कुलपुत्रकश्रीदुर्गभट्टसूनुना ॥ जीयाद्दुरितविद्वेषि
शासनं जि –

६१ नशासनं । यदन्यमतशैलानां भेदने कुलिशायते ॥ (४९)
जयति जिनोक्तो धर्मस्षड्जीवनिकायवत्सलो नित्यं । चूडामणि-
रिव लो(के)

६२ विभाति यस्सर्वधर्माणाम् ॥ (५०)

[यह ताम्रपत्र शक ७४३ में वैशाख पूर्णिमाको दिया गया था। इसमे पहले राष्ट्रकूट सम्राटोंकी वंशावली अमोघवर्ष (प्रथम) तक दी गयी है। तदनन्तर अमोघवर्षके पितृव्य(चाचा)इन्द्रराजके पुत्र कर्कराज सुवर्णवर्ष-का उल्लेख है जो गुजरातमें शासन कर रहा था। अमोघवर्षके राज्यारोहण-के बाद कई सामन्तोंने विद्रोह किया था उनपर विजय प्राप्त करनेमे कर्क-राजकी ही मदद उपयोगी सिद्ध हुई थी। कर्कराजने उक्त वर्षमे मूलसंघ-सेनसंघके मल्लवादिगुरुके शिष्य सुमतिपूज्यपादके शिष्य अपराजितगुरुको नागसारिकाके जिनमन्दिरके लिए हिरण्ययोगा नामक खेत दान दिया था।]

[ए. इं. २१ पृ. १३३]

५६

राणिबेण्णूर (धारवाड, मैसूर)

शक ७८१ = सन् ८६०, कन्नड

[यह लेख राष्ट्रकूट सम्राट् अमोघवर्ष (प्रथम) के समयका है। नागुल पोल्लब्बे द्वारा स्थापित नागुलबसदिके लिए शक ७८१ में कुछ भूमि दान दिये जानेका इसमें निर्देश है। यह दान सिंहवूरगणके नागनन्द्याचार्यको दिया गया था।]

[रि० आ० स० १९३०-३४ पृ० २०९]

५७

बेंटूर (मैसूर)

शक ७८५ = सन् ८६४, कन्नड

[यह लेख राष्ट्रकूट सम्राट् अमोघवर्ष १ के समय शक ७८५, तारण संवत्सरमें लिखा गया था। चिकण्ण नामक अधिकारीको कुछ भूमि दिये जानेका इसमें उल्लेख है। व्रतोंका पालन और सन्यसन इनका भी उल्लेख हुआ है। अतः यह समाधिमरणका स्मारक प्रतीत होता है।]

(मूल कन्नडमें मुद्रित) [सा० इ० इ० ११ पृ० ६]

५८

ऐवरमलै (मदुरा, मद्रास)

शक ७९२ = सन् ८७०, तमिल

१ शकर याण्डुएलु-नूर्रुत्तोण्णूर्रिरण्डु
२ पोन्दणवरगुणर्कु याण्डु एट्टु गुणवीरक्कु-
३ रवडिगल् माणाक्क(र्)कालत्तु शान्तिवीरक्-
४ कुरवर् तिरुवयिरै पोरिश्र (पार्श्व)प(म)टारैयुमिय-
५ क्कि अन्बैगलैयुं पुदुक्कि इरण्डुक्कुमुद्-

६ टावविय्युमोरडिगलुक्कु शोराग अमैत्त पो-
७ ण् ऐन्नूरैन्दु काणम् ॥

[यह लेख पाण्डय राजा वरगुण २ के राज्यवर्ष ८, शक ७९२ का है। इस समय गुणवीरके शिष्य शान्तिवीरने तिरुवयिरै स्थित पार्श्वनाथ मूर्ति तथा यक्षीमूर्तिका जीर्णोद्धार किया था। इसके लिए उन्हे ५०२ काणम् (सुवर्णमुद्रा)दान मिला था।]

[ए० इं० ३२ पृ० ३३७]

५९

धर्मपुरी (सालेम, मद्रास)

शक ८०० = सन् ८७८, कन्नड

किलेमें मारियम्मन देवालयके आगे पड़े हुए स्तम्भपर

[इस लेखमें पल्लव महेन्द्र नोलम्ब-द्वारा किसी जैन मन्दिरके लिए दान दिये जानेका निर्देश है। इस लेखका समय शक ८००, विलम्बि संवत्सर था।]

[इ० म० सालेम ८१]

६०

कोप्पल (रायचूर, मैसूर)

कन्नड, शक ८११ = सन् ८९०

[इस लेखकी तिथि कार्तिक पूर्णिमा, शक ८११, शोभन संवत्सर ऐसी है। इस समय दण्डनायक अम्मरसने कुपण तीर्थकी यात्रा की तथा महासामन्त कदम्बवंशीय अलियमरस-द्वारा निर्मित बसदिके लिए कुछ दान दिया था।]

[रि० इ० ए० १९५४-५५ क्र० १५९ पृ० ४१]

६१

धर्मपुरी (सालेम, मद्रास)

शक ८१८ = सन् ८९३, कन्नड

मल्लिकार्जुन मन्दिरके आगे एक स्तम्भपर

[राजा महेन्द्राधिराज नोलम्बके समय शक ८१५ मे यह लेख लिखा गया। इसमें निधियण्ण और चण्डियण्ण-द्वारा मूलसंघ, सेनान्वय, पोगरिय-गणके आचार्य विनयसेन सिद्धान्तभटारके शिष्य कनकसेन सिद्धान्तभटारको मूलपल्लि ग्राम दान देनेका उल्लेख है।]

[इ० म० सालेम ७४]

६२

सित्तन्नवासल (पुदुकौट्टै, मद्रास)

९वीं सदी, तमिल

[यह लेख पाण्डय राजा अवनिपशेखर श्रीवल्लभके समयका है। इलंगौतमन् (इसीका नाम मदिरै आशिरियन् भी था) द्वारा अन्तर्मण्डप-का जीर्णोद्धार तथा बाह्य मण्डपका निर्माण किये जानेका इसमें उल्लेख है। इस मन्दिरको अरिवन् कोयिल् (अर्हन्मन्दिर) कहा गया है। इस गुहा-मन्दिरके बाहरी भागपर कई यात्रियोंके नाम खुदे हैं जिनकी लिपि ७वीं सदीकी है।]

[रि० आ० स० १९२९-३० पृ० १६७-१६९ रि० सा० ए० १९४०-४१ क्र० २१५ पृ० ९९]

६३

हेब्बलगुप्पे (मैसूर)

९वीं सदी, कन्नड

१ स्वस्तिश्रीनरसीगेरे अप्पोर् दुग्गमार

२ कोयिलुवसदिगे अरुगण्डुगब्बेदे मण् कोट्टर्

३ अरमण्डमेगालुमगोकेमोगेयु ओड्डिपा-
४ डियुं गोयियन्दम्ममगलरुगण्डुग बेदेब्बेल् मण्कोट्टर्
५ इदानलित्तु केडिसिदोनोक्कल् केडुग पंचम-
६ हापातकनक्कवन् मक्कलु साग-
७ वसदियान्केय्दोन् नारायण पे-
८ रुन्तच्चन्

[यह लेख ९वीं सदीकी लिपिमे है । नरसीगेरे अप्पोर् दुग्गमार (जो गंगवंशका राजपुत्र था) द्वारा एक जिनमन्दिर (कोयिल्वसदि) को ६ खण्डुग भूमि दान दिये जानेका इसमें उल्लेख है । इतनी ही भूमि अरमण्डमेगलु, अगोकेमोगे, ओड्डिपाडि इन ग्रामोंके निवासियों-द्वारा तथा गोयिन्दम्म-द्वारा दान दी गयी थी । श्रेष्ठ शिल्पकार नारायणने इस बसदिका निर्माणकार्य किया था ।]

[ए० रि० मै० १९३२ पृ० २४०]

६४

मोटे बेन्नूर (धारवाड, मैसूर)

९वीं सदी, कन्नड

[यह लेख ९ वीं सदीकी लिपिमें है । इसमें किसी बसदिके लिए चन्द्रनन्दि भट्टारको भूमि दान दी जानेका उल्लेख है । इस लेखकी स्थापना इन्दर पिट्टम्मके सेनबोव कुण्डमय्य-द्वारा की गयी थी ।]

[रि० सा० ए० १९३३-३४ क्र० ई १११ पृ० १२९]

६५

कलकत्ता (नाहर म्युज़ियम)

९वीं सदी, कन्नड

१ श्री जिनवल्लभन सज्जन
२ भागियबेय माडिसिद
३ प्रतिमे

[यह लेख पीतलकी चौबीसतीर्थकरमूर्तिके पादपीठपर है। लिपि ९वीं सदीकी है। यह मूर्ति जिनवल्लभकी स्वजन (पत्नी) भागियबे-द्वारा स्थापित की गयी थी। लिपिसे स्पष्ट होता है कि यह मूर्ति कर्नाटकमें निर्मित हुई थी।]

[ए० रि० मै० १९४१ पृ० २५०]

६६-६७

तिरुनिडंकोण्डै (मद्रास)

९वीं सदी, तमिल

[इस लेखमे कहा है कि तिरुनरुंगोण्डैके किलैप्पल्लि (जैन मन्दिर) का चतुर्मुगत्तिरुक्कोयिल् (चतुर्मुख वसति) तथा पूर्वका सभामण्डप तलक्कूडि निवासी विशैयनल्लूलान् कुमरन् देवन्ने बनवाया था। लेखकी लिपि ९वीं सदीकी है। यहींके अन्य दो भागोंमें इसी समयकी लिपिमें वाणकोवरैयर् तथा आरुलगपेरुमान्का उल्लेख है।]

[रि० सा० ए० १९३९-४० क्र० ३०६-७ पृ० ६६]

६८-६९

तिरुनिडंकोण्डै (मद्रास)

९वीं सदी, तमिल

[इस लेखमें नारियप्पाडि निवासी शिंगणार् पेरियवडुगणार्-द्वारा दो जैन पल्लियों (मन्दिरों) के लिए १० पोण् (मुद्राएँ) दान दिये जानेका निर्देश है। यहींके एक अन्य लेखमे नारियप्पाडि निवासी पेरियन-क्कनार्के पुत्र (नाम लुप्त) द्वारा भी कुछ दान दिये जानेका उल्लेख है लिपि ९वीं सदीकी है।]

[रि० सा० ए० १९३९-४० क्र० ३०८-९ पृ० ६६]

७०

कीरप्पाक्कम् (चिंगलपेट, मद्रास)

९वीं सदी, तमिल

[इस लेखमे कीरैप्पाक्कम्के उत्तरमे देगवल्लभ जिनालयका उल्लेख है। इसका निर्माण यापनीय संघ कुमिलिगणके महावीरगुरुके शिष्य अमरमुदलगुरु-द्वारा किया गया था। लिपि ९वीं सदीकी है।]

[रि० सा० ए० १९३४-३५ क्र० २२ पृ० १०]

७१

बेगूर (बंगलोर, मैसूर)

९वीं सदी, कन्नड

[इस निसिधिलेखमें मोन भट्टारकेशिष्य····न्दिभटारके समाधिमरणका उल्लेख है। लिपि ९वीं सदीकी है। यह लेख नागेश्वर मन्दिरमे लगा है।]

[ए० रि० मै० १९१५ पृ० ४६]

७२

बेलगाँव (मैसूर)

९वीं-१०वीं सदी, कन्नड

[यह लेख नेमिनाथमूर्तिके पादपीठपर है। इस मूर्तिकी स्थापना 'राष्ट्रकूट वंशरूपी समुद्रके लिए चन्द्रके समान' मणिचन्द्रके गुरु नेमिनाथ (नेमिचन्द्र ?) द्वारा की गयी थी।]

[रि० आ० स० १९२८-२९ पृ० १२५]

७३

अलगरमलै (मदुरा, मद्रास)

वट्टेलुत्तु लिपि–९वीं-१०वीं सदी

[यह लेख एक जिनमूर्तिके समीप खुदा है]

(मूल-) १ श्री अच्चणं – २ दि शेयल्

[आर्यनन्दि आचार्यका यह नामोल्लेख है। लिपि ९वीं-१०वीं सदी-की है।

[रि० इ० ए० १९५४-५५ क्र० ३९६ पृ० ६२]

७४-७५

चिक्कहनसोगे (मैसूर)

१०वीं सदी—प्रारम्भ, कन्नड

[इस निसिधिलेखमे मूलसंघ-देसिगण—पनसोगे शाखाके श्रीधरदेवके शिष्य नेमिचन्द्रके समाधिमरणका उल्लेख है। यह लेख १०वीं सदीके प्रारम्भका है तथा इस समय रामेश्वर मन्दिरमे लगा है।

यहींके एक अन्य निसिधिलेखमें नागकुमारकी पत्नी जक्कियब्बेके समाधिमरणका उल्लेख है। समय १०वीं सदीके प्रारम्भका है।]

[ए० रि० मै० १९१४ पृ० ३८]

७६

चिक्कहनसोगे (मैसूर)

१०वीं सदी—प्रारम्भ, कन्नड

१ एरेय समु-
२ द्रवेष्टितधरात-
३ लमं प्रतिपालिसु
४ त्तुमित्तेरेग म-
५ हारिमण्डलिक-
६ रिं बेसकेय्ये विला-
७ सयेल्गेयं मे-
८ रेवकरूरनेन्दे-
९ निसल आलिपोरी
१० स्तितसन्ध्यरिन्दु वन्दे-
११ रग समन्तु क-
१२ लनेलेयदेवर
१३ पादपयोरुहं-
१४ गलोल् ॥ स्थावरजं-
१५ गमतीर्थं भावि-
१६ सि पेल्दागलोरदे गो-
१७ म्मटदेवर् स्थावर-
१८ तीर्थं कल्नेलेदेव-
१९ र् भूवलयदोलगे
२० जंगमतीर्थं ॥

२१ बेल्दे्वं बरेदं २२ इल्वेडे मल्लाचा-
२३ रि ॥

[इस लेखमें (गंग राजा) एरेयके समय एलाचार्यके समाधिमरणका तथा उनके शिष्य कल्नेलेदेव-द्वारा उनकी निसिधिकी स्थापनाका उल्लेख है। गोम्मटदेवको स्थावरतीर्थ तथा कल्नेलेदेवको जंगमतीर्थ कहकर उनकी प्रशंसा की है। लेख १०वीं सदीके प्रारम्भका है।]

[ए० रि० मै० १९१४ पृ० ३८]

७७

बन्दलिके (मैसूर)

शक ८२४ = सन् ९०२, कन्नड

[यह लेख राष्ट्रकूट राजा कृष्ण २ अकालवर्षके समयका है। महा-सामन्त बकेयरसके पुत्र लोकटेयरसके अधीन पेर्गडे बिट्टय्य-द्वारा शक ८२४ में बन्दणिकेमें एक बसदिके निर्माणका इसमें उल्लेख है। लोकटेयरसने इस बसदिके लिए नागर खण्ड ७० विभागका दण्डिपल्लि ग्राम बिट्टय्यको दान दिया था।]

[ए० रि० मै० १९११ पृ० ३८]

७८

असुण्डि (मैसूर)

शक ८४७ = सन् ९२५, कन्नड

[यह लेख राष्ट्रकूट सम्राट् गोविन्द (चतुर्थ) नित्यवर्षके समय शक ८४७, पार्थिव संवत्सरमे लिखा गया था। इसमें नागय्य द्वारा एक जिनालयका निर्माण तथा उसके लिए कुछ भूमिदान किये जानेका उल्लेख है। यह दान बंकापुरके धोरजिनालयके प्रमुख चन्द्रप्रभ भटारके शासनकालमें दिया गया था।]

(मूल कन्नडमें मुद्रित) [सा० इ० इ० ११ पृ० २०]

७९

हलहरवि (बेल्लारी, मैसूर)

शक ८५४ = सन् ९३२, कन्नड

[यह लेख शक ८५४ पार्थिव संवत्सर (यह वर्षनाम ग़लत है) का है। इसमे राजा नित्यवर्पके राज्यकालमे कन्नरदेवकी रानी चन्दियब्बे द्वारा नन्दवरमें एक जैन बसदिका निर्माण तथा उसके लिए कुछ करोंका उत्पन्न पद्मनन्दि आचार्यको अर्पित किये जानेका उल्लेख है।]

[रि० सा० ए० १९१५-१६ क्र० ५४० पृ० ५२]

८०

कोप्पल (रायचूर, मैसूर)

शक ८६२ = सन् ९४०, कन्नड

[यह लेख जिनशासनकी प्रशंसासे शुरू होता है। तिथि शक ८६२, विकारि संवत्सर ऐसी दी है। अन्य विवरण प्राप्त नही।]

[रि० इ० ए० १९५५-५६ क्र० १९६ पृ० ३७]

८१

बिजापुर (उदयपुरके समीप, राजस्थान)

संवत् ९९६ = सन् ९४० तथा संवत् १०५३ = सन् ९९७

संस्कृत-नागरी

१ ····जयस्तवः। परिशाम्तु ना····परा(र्थख्या)पना जिनाः ॥१
ते वः पांतु(जिना)विनाप्तसम(ये यत्पा)दपद्मोन्मुखप्रेंखासंख्य-
मयूख(शे)खरनखश्रेणीषु बिम्बोदयात्। प्रायैकादशभिर्गुणं दश-
शती शक्रस्य शुंभद्दशां कस्य स्याद् गुणकारको न यदि वा
स्वच्छात्मनां संगमः ॥२

अकबरके शासनकालके अन्य दो लेख यहीं प्राप्त हुए हैं। इनमें मण्डलोई देवदास (सुजानरायके बन्धु) द्वारा संवत् १६२२ में महेश्वर मन्दिरका तथा संवत् १६२६ में कालेश्वर मन्दिरका जीर्णोद्धार किये जानेका उल्लेख है। इस तरह जैन सज्जनों-द्वारा जैनेतर मन्दिरोंकी सहायता-का यह उदाहरण है।]

[इ० हि० का० १९४७ पृ० ३९२]

४८२

कुच्चंगि (तुंकूर, मैसूर)

सन् १५७३, कन्नड

[इस मूर्तिलेखमें कहा है कि नाल्कुवागिलु निवासी बोम्मिसेट्टिके पुत्र दानप्पने यह मूर्ति तथा प्रभावलि सन् १५७३में स्थापित की।]

[ए० रि० मै० १९१६ पृ० ८४]

४८३

चित्तामूर (द० अर्काट, मद्रास)

शक १५०० = सन् १५७८, कन्नड-तमिल-संस्कृत

[यह लेख स्थानीय जिनमन्दिरके मानस्तम्भपर है। इस स्तम्भकी

स्थापना जगतापिगुत्ति निवासी बायिसेट्टिके पुत्र बुश्शेट्टिने शक १५००, बहुधान्य संवत्सरमे की ऐसा इसमें उल्लेख है। स्तम्भके दूसरी ओर संस्कृत भाषा और कन्नड लिपिमें इसी वर्णनका लेख है। इसमें बुश्शेट्टिको महानागकुलका कहा गया है।]

[रि० सा० ए १९३७-३८ क्र० ५१७-१८ पृ० ५७-५८]

४८४

कारकल (द० कनडा, मैसूर)

शक १(५)०१ = सन् १५८०, कन्नड

[इस लेखकी तिथि कार्तिक शु० १, शक १(५)०१ है। प्रारम्भ श्रीमत्परमगम्भीर····आदि श्लोकसे है। अन्य विवरण लुप्त हुआ है।]

[रि० इ० ए० १९५३-५४ क्र० ३३७ पृ० ५२]

४८५

सेतु (शिमोगा, मैसूर)

शक १५०५ = सन् १५७३, कन्नड

१ स्वस्ति श्रीजयाभ्युदय शालिवाहनशक वरुष १५०५ चित्रभानुसंवत्सरद भाद्रपद सुद्ध १० शुक्रवारदंदु करूरु नाड चैपल्लिय तिम्म गौडरु यिवल्लिय नायक्क गौडरु जट्टिगौडर मग सेट्टिगौडरु आ समस्त श्रावकरु सह मुंतागि सेतुविन बसदि श्री आदितीर्थेश्वररिंगे माडिस्त लोहद

२ प्रभावलिगे आ समस्त जनंगलिगे मंगल महा श्री श्री श्री विरपयनु माडिदुदु

[यह लेख आदिनाथमूर्तिके पादपीठपर है। इस मूर्तिकी स्थापना भाद्रपद शु० १० शक १५०५ के दिन हुई थी। स्थापक चैपल्लि ग्रामके तिम्मगौड तथा यिवल्लि ग्रामके सेट्टिगौड थे।]

[ए० रि० मै० १९४४ पृ० १६७]

४८६

येडेहल्लि (मैसूर)

शक १५०६ = सन् १५८४, कन्नड

१ शुभमस्तु नमस्तुंगशिरश्चुंबिचंद्रचामर (चार)वे
२ त्रैलोक्यनगरारंभमू(ल) स्तंभाय शंभवे ॥ स्वस्ति श्री-
३ विजयाभ्युदय सासिवाहसकवरुष १५०६ नेय संद वर्तमान।
४ तारण सं। आश्विजा शु १० मि आदिवारदलु श्रीमतु। दानिवा-
५ सद चेन्नरायवडेर। मक्कलु चिक्कवीरप्पवाडेरु मक्कलु चेन्नवि-
६ रवाडेरु गेरसोप्पे समंतभद्रदेवर सिष्यरु गुणभद्रदेवरु सिष्य-
७ रु। वीरसेनदेवरिगे। कोट भूमि क्रयपत्रद क्रमवेन्तेन्दरे मालेपा(ल)
८ बन्दप्पन मग लिंगण्णनु। नष्टसन्तनवा(गि)होद सम्मंद। आतन भू-
९ मि नागलपुरद ग्रामद वलगे तेंगिनहितलगद्दे ख ९ कंडुग वंभ-
१० त्तु बीजवरि। आ भूमि नम्म आरमनिगे हरवरियागि वन्द
११ सम्मंद। यी वीरसेनदेवरिगे क्रेयावागि कोट्टेवागि आ भूमि-
१२ गे सलुव क्रय द्रव्य। लक्षणलक्षित तत्कालोचित मध्यस्तपरि-कल्पित उ-
१३ भयवादिसंप्रतिपन्न कालपरिवर्तनक्के सलुव पियसाहेनिजग-
१४ हि वरह ग ३२ अक्षरदलु मूवत्तु येरडु वरहनु। तरविस उलि-
१५ यदे। सले-साकल्यवागि सल्लिसि कोण्डेवागि। आ भूमिगे सलुव चत्तु-
१६ सीमेय विवर। मूडलु। ई गद्दे य नीरर्एरकल आगलिंदं पडुलु

१७ तेंकलु केरेएरियिंदं ब(ड)गलु ॥ पडुवलु गुरुवप्प हेबरुवन तो-
१८ टदिंदं मूडलु । बडगलु हानम्बियिंद तेंकलु । यिंती चतुस्सि-
१९ मेवलगुल्ल । निधि । निक्षेपजल । पासण अक्षोणि । आगमि । सिद्धसां-
२० ध्यंगलेंब । अष्टाभोग तेजसाम्यवन्नु नीउ निम्म शिष्यरु पा-
२१ रम्पर्यवागि सुखदिं बोगिसि बहिरि यन्दं बरसि कोट क्रय शा-
२२ सन पटे यिदक्के अखिलासे बिटवरु देवलोक मर्त्यलोकक्के विर-
२३ हितरू । श्रीहत्य । गोहत्यक्क बजिनरहरू । विरपव-
२४ डेरु श्री श्री श्री श्री श्री श्री श्री

[यह लेख आश्विन शु० १०, रविवार, शक १५०६, तारण संवत्सरके दिन लिखा है। इसमें दानिवासके शासक चेन्नरायके पौत्र तथा चिक्क-वीरप्पके पुत्र चेन्नवीरप्प वडेर-द्वारा गेरसोप्पेके वीरसेनदेवको कुछ भूमि दी जानेका उल्लेख है। वीरसेनके गुरु गुणभद्र तथा प्रगुरु समंतभद्र थे। उन्होंने ३२ वराह मूल्य देकर यह भूमि खरीदी थी जो पहले भालेपाल बन्दप्पके पुत्र लिंगण्णकी थी और उसके सन्तानरहित स्थितिमें मृत्यु होनेसे राजाधीन हुई थी। यह भूमि नागलापुर गाँवके क्षेत्रमें थी।]

[ए० रि० मै० १९३१ पृ० १०४]

४८७

येडेहल्लि (मैसूर)

शक १५०७ = सन् १५८५, कन्नड

१ सुभमस्तु । नमस्तुंगशिरश्चुंबिचंद्रचामरचा-
२ रवे त्रैलोक्यनगरारंभमूलस्तंभाय शंभवे (।) स्व-
३ स्ति श्रीजयाभ्युदय शालिवाहनशकवरुष १५०७
४ संद वर्तमान पार्थिवसंवत्सरद चयित्र ब ७ मि आदि-

५ वारदलु श्रीमत्तु । दानिवासद चेन्नरायवोडेयर म-
६ क्कलु । चिक्कवीरप्पवोडेयर मक्कलु । चेन्नवीरप्पोडेयरू । गेरसो-
७ प्पे समंतभद्रदेवर सिष्यरु । गुणभद्रदेवर सिष्य-
८ वीरसेनदेवरिगे । कोट भूमि क्रयपत्रद क्रमवेंतें-
९ दरे । बालेपाल तम्मयन मग नरसप्पनु नष्टसं-
१० तानवागि होद सम्मंद आतन भूमि यीचलदाल ग्रामदलि ।
११ एण्टु खण्डुग बिजवरि भूमि नम्म अरमनिगे हरवरियागि
१२ बन्द सम्मंद आ भूमिनू दानिवासद चेन्नरायवोडेय-
१३ र मक्कलु । चिक्कवीरवोडेयर मक्कलु चेन्नवीरवोडेयरु ।
१४ गेरसोप्पेय समंतभद्रदेवर शिष्यरु गुणभद्रदेवर शिष्यरु
१५ वीरसेनदेवरिगे । क्रेयवागि कोटवागि । आ भूमिगे । सलुव । क्र-
१६ यद्रव्य । लक्षणलक्षित तत्कालोचित मध्यस्तपरिकल्पित उभे-
१७ यवादिसंप्रतिपन्न कालपरिवर्तनक्के सलुव प्रिय-
१८ सूाहे । निजगति वरह गद्याण ग ३० अक्षरदलु मू-
१९ वत्तु वरहंनु तारविस उलियदे सल्लिसि कोण्डेवागि । आ एण्टु
२० खण्डुग भूमिगे सलुव चतुसीमेय विवर मूडलु नन्दिगाव ।
२१ तिम्मरसैयन गदेयिंदलू पडुवलु । पडुवलु नरसोपुरदं-
२२ हलदिं वलु(?) मूडलू । बडगलू दरेयिंदलू । तेंकलू । तें-
२३ कलु अरमनेगदेयिंदलु बडगलू । यिंति चतुसीमेयोलगु-
२४ ल निधि निक्षेप जल पाषाण अक्षीणि आगमि सिध साध्यंगलेंब
२५ अष्टभोग तेजसाम्यवनु आगुमादिकोण्डु नित्तु निम्म शिष्य-
२६ रु पारम्परेयागि आचंद्रार्कस्तायियागि सुखदिं भोगिसि
२७ बहिरि येंदुबरसि कोट क्रयस्यासनपटे यिदक्के अभिला-
२८ से बटवरु देवलोक मर्त्यलोकक्के विरहितरु । ओहत्य
२९ गोहत्यक्के बजनरहरु चेन्नवीरवोडेरु श्री
३० श्री श्री श्री

[यह लेख चैत्र व० ७, रविवार, शक १५०७, पार्थिव संवत्सरके दिन लिखा है। इसमे दानिवासके शासक चेन्नवीरप्प वोडेयर-द्वारा गेरसोप्पेके वीरसेनदेवको कुछ भूमि दी जानेका उल्लेख है। इस भूमिके लिए ३० वराह क़ीमत दी गयी थी। यह पहले बालेपाल तम्मयके पुत्र नरसप्पकी थी जो पुत्ररहित स्थितिमे मृत्यु होनेसे राजाधीन हुई थी। भूमि यीचलदाल ग्रामके क्षेत्रमे थी।]

[ए० रि० मै० १९३१ पृ० १०८]

४८८

चिक्कहनसोगे (मैसूर)

सन् १५८५, कन्नड

[यह लेख आदिनाथवसदिके गोमुखपर है। चारुकीर्ति पण्डितदेवके शिष्य तथा ब्राह्मणप्रमुख चिक्कणय्यके पुत्र पण्डितय्य द्वारा आदीश्वर, चन्द्रनाथ तथा शान्तीश्वरकी मूर्तियोंकी स्थापनाका इसमे उल्लेख है। समय सन् १५८५ है।]

[ए० रि० मै० १९१३ पृ० ५१]

४८९

येडेहल्लि (मैसूर)

शक १५०९=सन् १५८७, कन्नड

१ सुभमस्तु। नमस्तुंगशिरश्चुंबिचंद्रचामर-
२ चारवे त्रैलोक्यनगरारंभमू(ल)स्तंभाय शंभवे।
३ स्वस्ति श्रीजयाभ्युदय शालिवाहन शक वरुष १५०९
४ नेय संद वर्तमान। सर्वजित्तु सं। वथिशाक शु ५ मि
५ यु आदिवारदल्लु श्रीमत्तु। दानिवासद चेन्नरा-

६ यवडेर मक्कलु । चिक्कवीरप्पवाडेर मक्कलु चेन्नविरवा-
७ डेरु । गेरसोप्पे समंतभद्रदेवर शिष्यरु । गुणभद्रदेव-
८ र सिष्यरु । वीरसेनदेवरिगे । कोट भूमि क्रयपत्रद क्रम-
९ वेंतेंदरे नालपुरद ग्रामदोलगे संकण्णन मग मल-
१० यन डोंकिन कोड्डिगे बिजवरि ख १० हत्तु खण्डुग भूमि
११ यु । सलविट्टु नम्म आरमनिगे हरवरियागि मंद सं-
१२ मंद । यी वीरसेनदेवरिगे क्रेयक्के कोटेवागि । आ भूमिगे सलु-
१३ व क्रय द्रव्य । लक्षणलक्षित । तत्कालोचितमध्यस्तपरिकल्पित
१४ उभयवादिसंप्रतिपन्न कालपरिवर्तनक्के सलुव प्रियस्ा-
१५ हे । निजगटि वरह ग ४० अक्षरदलु नाल्वत्तु वरहनु । तर
१६ विस उलियदे साकल्यवागि । सलिसि कोण्डेवागि आ भूमिगे
सलु-
१७ व चतुसिमेय विवर । मुडलु यिगद्देय नीरेरकलगलि-
१८ द पडुवलु । बडगलु केरेयेरियिंदं तेंकलु तेंकलू नं-
१९ म गद्देयिंदं बडगलु । यिंती चतुरसीमेयोलगुल नि-
२० धि निक्षेप जल पासण अक्षोणि आगमि सिध सांध्यंग-
२१ लेंब आष्टभोग तेजसाम्यवंलु निउनिम्म शि-
२२ ष्यरु पारम्परियवागि सुखदिं बोगिसि बहिरि
२३ येंदु बरसि कोट क्रयशासनपटे । यिदक्के अविला(पे) बटवरु दं-
२४ वलोक मर्त्यलोकक्के विरहितरु श्रीहत्य गोहत्यक्के बजनरह-
२५ रु । चेन्नवीरवडेरु श्री श्री श्री श्री श्री

[यह लेख वैशाख शु० ५, रविवार, शक १५०९ सर्वजित संवत्सर इस तिथिका है। दानिवासके शासक चेन्नवीरप्प वडेर-द्वारा गेरसोप्पेके वीरसेनदेवको कुछ भूमि दी जानेका इसमें उल्लेख है। नालपुर ग्रामकी यह भूमि ४० वराह क़ीमत देकर खरीदी गयी थी।]

[ए० रि० मै० १९३१ पृ० ११०]

४९०

रत्नत्रयबसदि बीलिगि, (उत्तर कनडा, मैसूर)

१६वीं सदी (सन् १५८७)

[इस लेखमें मूलसंघ-देसिगण-पुस्तकगच्छके श्रवणबेलगुल मठके चारु-कीर्ति पण्डितका उल्लेख किया है। इन्हें रायराजगुरु, मण्डलाचार्य, बल्लाल-रायजीवरक्षापालक आदि उपाधियाँ प्राप्त थीं। इनकी परम्परामे श्रुतकीर्ति पण्डित हुए। इनकी शिष्यपरम्परा इस प्रकार थी – श्रुतकीर्ति – विजयकीर्ति – श्रुतकीर्ति (द्वितीय) – विजयकीर्ति (द्वितीय) अकलंक – विजयकीर्ति (तृतीय) – अकलंक (द्वितीय) – भट्टाकलंक। भट्टाकलंकदेवका समय शक १५१०=सन् १५८७ दिया है। संगीतपुरका लोकप्रयुक्त नाम हाडुवल्लि है। यहाँके राजा इन्द्रभूपालको विजयकीर्ति (प्रथम) की कृपासे सिंहासन प्राप्त हुआ ऐसा कहा गया है। विजयकीर्ति (द्वितीय) की प्रेरणासे पश्चिम समुद्र तटपर भट्टकल नगरकी स्थापना हुई थी।]

[ए० इं० २८ पृ० २९२]

४९१

जि० दक्षिण कनडा (स्थान नाम अज्ञात)

शक १५१३=सन् १५९१, कन्नड

[यह ताम्रपत्र शक १५१३ खर संवत्सरमें किन्निग भूपालने दिया था। इसमें एक जैन मन्दिरके लिए कुछ भूमिदानका उल्लेख है।]

(इ० म० दक्षिण कनडा २)

४९२-४९३

रायबाग (मैसूर)

शक १५१९ = सन् १५९७, संस्कृत-कन्नड

[ये दो लेख स्थानीय आदिनाथमन्दिरके दो स्तम्भोंपर हैं – एक कन्नडमे है तथा दूसरा उसीका संस्कृत रूपान्तर है। इसमें ज्येष्ठ व० १४, शक १५१९ के दिन मूलसंघ-सेनगणके सोमसेन भट्टारक-द्वारा इस मन्दिरके जीर्णोद्धारका तथा पार्श्वनाथमूर्तिकी स्थापनाका उल्लेख है।]

[रि० इ० ए० १९५५-५६ क्र० १५२-५३ पृ० ३३]

४९४-४९५

मारूरु (दक्षिण कनडा, मैसूर)

शक १५२०=सन् १५९८, कन्नड

[ये दो लेख हैं। मारूरुके पार्श्वनाथबसतिमें स्थित तीर्थंकरमूर्तियोंकी पूजाके लिए पार्श्वदेवो बिन्नाणि-द्वारा कुछ भूमि दान दिये जानेका इनमें उल्लेख है। पहला लेख चैत्र शु० ३, सोमवार, शक १५२० का है तथा दूसरा लेख पौष शु० २ शुक्रवार, शक १५२० का है।]

[रि० सा० ए० १९३९-४० क्र० ७४-७५]

४९६-४९७

करन्दै (उत्तर अर्काट, मद्रास)

संस्कृत-ग्रन्थ, १६वीं सदी

[यह लेख १६वीं सदीकी लिपिमे है। पुष्पसेन योगीन्द्रके गुरु समन्तभद्रकी अक्षय कीर्तिका इसमें वर्णन है।

यहींके एक अन्य लेखमें मुनिभद्रस्वामीका नामोल्लेख किया है।]

[रि० सा० ए० १९३९-४० क्र० १३४, १४५]

४९८

हुमच (मैसूर)

१६वीं सदी, कन्नड

१ श्रीबोम्मरसनु रूपवतिदिदनू

[यह लेख पार्श्वनाथबसदिमे स्थित क्षेत्रपालमूर्तिके पादपीठपर १६वीं सदीकी लिपिमे है। इसमे मूर्तिके निर्माताका नाम बोम्मरस दिया है।]

[ए० रि० मै० १९३४ पृ० १७७]

४९९

सेतु (शिमोगा, मैसूर)

१६वीं सदी, कन्नड

१ स्वस्ति श्रीगुम्मैय सेट्टियर बस्तिय श्रीवर्धमानस्वामिय संनिधानदल्लि गणपणसेट्टियर मग संघय्यसेट्टियरु तमगे पुंण्यार्तवागि प्रतिष्टे माडिसिद अभिनन्दनतीर्थेश्वरनिगे मं-

२ गल महा श्री श्री श्री श्री श्री

[इस लेखमें संघय्य सेट्टि-द्वारा अभिनन्दन तीर्थंकरकी इस प्रतिमा की स्थापनाका निर्देश है। इस समय गुम्मैयसेट्टिकी बसतिके वर्धमान-स्वामी उपस्थित थे। लिपि १६वीं सदीकी प्रतीत होती है।]

[ए० रि० मै० १९४४ पृ० १६६]

५००-५०१

तिरुनिडंकोण्डै (मद्रास)

१६वीं सदी, तमिल

[इस लेखमें एक पद्यमे कोण्डैमलै निवासी गुणबद्दिरमुनिवन् (गुण-भद्रमुनि) की प्रशंसा की गयी है जो दक्षिणप्रदेशमें तमिल और संस्कृतके

सुप्रसिद्ध विद्वान् थे। लेख १६वीं सदीकी लिपिमें है तथा चन्द्रनाथमन्दिरके मुख्य द्वारके पास खुदा है। मन्दिरके मण्डपकी दीवालपर खुदे एक अन्य लेखमें इन्हीं आचार्यको वीरसंघप्रतिष्ठाचार्य यह विशेषण दिया है।

[रि० सा० ए० १९३९-४० क्र०, ३०२ पृ० ६५]

५०२

सोंदा (उत्तर कनडा, मैसूर)

शक १५३० = सन् १६०७, कन्नड

पहली ओर

१ श्री (।) स्वस्ति (।) श्रीजयाभ्युदय शालिवाह-
२ नशकवरुष १५३० नेय प्लवंगसंवत्सर-
३ द कार्तिक शु १० बुधवारदलि श्रीमद् राय-

दूसरी ओर

४ (राजगुरुमं) डलाचार्य महावाद-
५ (वादीश्वर रा) यवादिपितामह सकलविद्वज्ज-
६ (नचक्रवर्ति ब) ल्लालरायजीवरक्षापा-

तीसरी ओर

७ लक देशिगणाग्रगण्य संगीतपुरसिंहा (सन)-
८ पट्टाचार्य श्रीमदकलंकदेवरुगलु
९ श्रीपंचगुरुचरणस्मरणियिंद स्वर्गस्थरा-

चौथी ओर

१० (दरु) (।) अवर निषिधिमंटपक्के मंगल महाश्री (।)
११ भट्टाकलंकदेवेन स्याद्वादन्यायवादिना(।)

निषि-

१२ धीमंटपो दृब्धः स्थेयादाचंद्रमा (स्क) रं (॥)

[इस लेखमे देशिगणके प्रमुख संगीतपुरके पट्टाचार्य अकलंकदेवके स्वर्गवासका निर्देश है जो कार्तिक शु० १० शक १५३० के दिन हुआ था। उनकी यह निषिधि उनके शिष्य भट्टाकलंकदेव-द्वारा स्थापित की गयी थी।]

[ए० इं० २८ पृ० २९२]

५०३

करन्दै (उत्तर अर्काट, मद्रास)

शक १५४१ = सन् १६१९

[यह लेख विजयनगरके महामण्डलेश्वर रामदेव महारायके समय शक १५४१, कालयुक्ति, चैत्र ३ के दिन लिखा गया था। वाल नागम नायक और तलत्तार् लोगों-द्वारा कयिलायप्पुलवर् (नामक जैन विद्वान्) को कुछ भूमि दान दिये जानेका इसमें उल्लेख है।]

[रि० सा० ए० १९३९-४० क्र० १३७]

५०४

मूडबिदुरे (मैसूर)

शक १५४४ = सन् १६२२, कन्नड

[इस ताम्रपत्रमें निर्देश है कि सेनगणके समन्तभद्रदेवने इक्केरिमें केलडि वेंकटप्प नायकसे मिलकर तथा उसके अधीम अधिकारी चिन्नभंडार देवप्पसे साहाय्य पाकर बिदुरे नगरकी त्रिभुवनतिलक बसतिका जीर्णोद्धार कराया। तिथि-वैशाख, शक १५४४, रुधिरोद्गारी संवत्सर।]

[रि० सा० ए० १९४०-४१ पृ० २४ क्र० ए ४]

५०५

कलकत्ता (नाहर म्युजियम)

शक १५४८ = सन् १६२६, कन्नड

१ सक १५४८ श्रीमूलसंघ भट्टारक
२ श्रीधर्मचंद्रोपदेशात् प्रणम
३ श्रीमतिवीर

[यह लेख पीतलकी चौबीसतीर्थंकरमूर्तिके पादपीठ पर है। मूलसंघके धर्मचन्द्र भट्टारकके उपदेशसे श्रीमतिवीर-द्वारा इस प्रतिमाकी स्थापना शक १५४८ मे की गयी थी। लिपिसे पता चलता है कि यह मूर्ति कर्नाटकमे निर्मित है।]

[ए० रि० मै० १९४१ पृ० २४९]

५०६

कोलारस (शिवपुरी, मध्यप्रदेश)

संवत् १६८४ = सन् १६२८, हिन्दी-नागरी

[इस लेखमें शाहजहाँके अधीन शासक अमरसिंहके समयमे एक जैन चैत्यालयके जीर्णोद्धारका उल्लेख है। तिथि आषाढ़ शु० ९, गुरुवार, संवत् १६०।।८४ इस प्रकार दी है।]

[रि० इ० ए० १९५४-५५ क्र० २४१ पृ० ४८]

५०७

मूडबिदुरे (मैसूर)

शक १५५४ = सन् १६३२, कन्नड

[इस ताम्रपत्रमें उल्लेख है कि बिदुरेके दो विभाग बेट्टकेरी तथा माद्दलंगडिकेरीमें रहनेवाले श्रावक पहले दीवालीका त्यौहार मनाते वक़्त

एक दूसरोंसे पत्थर, लाठी आदिसे लड़ते थे। सेनगणके समन्तभद्रदेवने उन्हें इस कार्यसे रोककर दीपाराधना और अन्य पूजाओंसे यह त्यौहार मनानेका आदेश दिया। तदनुसार देवण्ण तथा अन्य शिष्योंके प्रभावसे उसका पालन भी कराया। तिथि-दीपावली, आंगिरस संवत्सर, शक १५५४।]

[रि० सा० ए० १९४०-४१ क्र० ए० ४ पृ० २३]

५०८

मूडबिदरे (मैसूर)

शक १५६२=सन् १६४१, कन्नड

[इस ताम्रपत्र-लेखकी तिथि शक १५६२ विक्रम, मार्गशिर कृ० २ शुक्रवार, ऐसी है। मंगलूर तथा बारकूरके शासक केलडि वीरभद्र नायक-के समयका यह लेख है। पुत्तिगे निवासी चौटवंशके चिक्कराय ओडेय-द्वारा अभिनव चारुकीर्ति पण्डितदेव तथा मूडबिदुरेके अन्य श्रेष्ठियोंको संरक्षणका आश्वासन दिये जानेका इसमें निर्देश है। इसके पूर्व अधिकारियों-द्वारा धार्मिक तथा वैयक्तिक सम्पत्तिका अपहरण किया गया था अतः यह आश्वासन जरूरी हुआ था।]

[रि० सा० ए० १९४०-४१ क्र० ए ८]

५०९-५१०

शिवपुरी (मध्यप्रदेश)

संवत् १७०३=सन् १६४७, हिन्दी-नागरी

[इस लेखमें महाराज संग्रामके पोतदार जैन मोहनदास-द्वारा कुछ दान दिये जानेका उल्लेख है। यहींके एक अन्य लेखमें गंगादास और गिरधर-

दास-द्वारा मालवदेशस्थित शिवपुरी ग्राममें एक जिनमूर्तिकी स्थापनाका उल्लेख है। प्रथम लेखकी तिथि वैशाख शु० ३, शक १५६८, संवत् १७०३ ऐसी दी है।]

[रि० इ० ए० १९५४-५५ क्र० २५०-५२ पृ० ४८-४९]

५११

सोंदा (उत्तर कनडा, मैसूर)

शक १५७७ = सन् १६५५, कन्नड

१ स्वस्ति (i) श्रीजयाभ्यु(द)य शालिवाहनसकव(र्ष)
२ १५७७ जय सं(वत्सर)द कार्तिक सुध्ध दशमि
३ सू(र्यो)दयवाद यरडने घलिगेय-
४ ल्लि देसि श्रीमद् रायराजगुरु मंड-
५ लाचार्यरुं महावादवादीश्वर रा-
६ यवादिपितामह सकलविद्वज्जनच-
७ (क्र) वर्तिग(लुं) बल्लालरायजीवरक्षापा-
८ लकरुमप्प श्रीमद् भट्टाकलंकजीय्य(दे)-
९ वरु
१० (श्री)पंचगुरुचरणस्मर(णेयिंद)
११ चतुसंघ(समक्ष) दल्लि स्व-
१२ र्गवनैदिदरु (i) इं-
१३ ती श्री श्री श्री (ii)

[इस लेखमें देसिगणके श्रीमद् भट्टाकलंकदेवके स्वर्गवासका निर्देश है जो कार्तिक शु० १० शक १५७७ के दिन हुआ था। उनकी समाधि पर यह लेख है।]

[ए० इ० २८ पृ० २९२]

५१२

टोडा रायसिंह (जयपुर, राजस्थान)

संवत् १७१८ = सन् १६६२, संस्कृत-नागरी

[इस लेखमें अम्बावतीके कछवाह वंशके राजा जयसिंहके मन्त्री मोहनदास-द्वारा विमलनाथ मन्दिरके निर्माणका वर्णन है। तिथि फाल्गुन व० १०, बुधवार, संवत् १७१८ ऐसी दी है। उस समय मुग़ल बादशाह शाहजहाँका राज्य चल रहा था।]

[रि० इ० ए० १९५२-५३ क्र० ४१४ पृ० ६९]

५१३

श्रीरंगपट्टम् (मैसूर)

सन् १६६६, कन्नड

[यहाँके आदीश्वरमन्दिरमें सन् १६६६ का एक लेख है। इसमें चारुकीर्ति पण्डिताचार्यके शिष्य पायण्ण-द्वारा अष्टाह्निकामहोत्सवके लिए कुछ दान दिये जानेका उल्लेख है।]

[ए० रि० मै० १९१२ पृ० ५६]

५१४

मुलगुन्द (धारवाड, मैसूर)

शक १५९७ = सन् १६७५, कन्नड

[यह लेख भाद्रपद व० ५, रविवार, शक १५९७ राक्षस संवत्सर-का है। इसमें नागभूपकी पत्नी बनदाम्बिके द्वारा अर्हत् आदिनाथकी मूर्तिकी पुनः स्थापनाका वर्णन है। यह मूर्ति मुसलमानों-द्वारा भ्रष्ट की गयी थी।]

[रि० सा० ए० १९२६-२७ क्र० ई ९३ पृ० ८]

५१५

बेल्तूर (मैसूर)

शक १६०२ = सन् १६८०, कन्नड

१ ।।शुभमस्तु।। नमस्तुंगशिरश्चुम्बिचंद्रचामर-
२ चारवे । त्रैलोक्यनगरारम्भमूलस्तंभाय शम्भ-
३ वे ।। स्वस्ति श्रीजयाभ्युदय शालिवाहनशकवरुषंग-
४ लु १६०२ ने रुद्रि सं । भाद्रपद ब १० ल्लु दिल्लिकोल्ला-
पुरजि-
५ नकंचिपेनुगोंडेसिंहासनद समंतभद्रस्वामिगल शि-
६ ष्यराद वीरसेनभट्टारकरवर प्रियशिष्यराद लक्ष्मीसेनम-
७ ट्टारकरवरिगे आत्रेयगोत्रद आपस्तंभसूत्रद य-
८ ज्ञःशारवाद्यायिगलाद श्रीमन्महाराजश्रीहरति सम्मेटरंग-
९ प्पराजरवर पौत्रराद कृष्णप्पराजरवर पुत्रराद राय
१० प्पराजरयरु रत्नगिरिबस्ति देवस्थानदल्लि यी जिनेश्वर-
स्वामिप्रतिष्ठा-
११ कालदल्लि दारागृहीतवागि कोट्ट भूदानद दर्मशासनदान-
१२ पट्टे क्रम वेंतेंदरे

(पंक्ति २ से १२ तकका पाठ पंक्ति २६ तक दो बार दोहराया है ।)

२७ क्रम वेंतेंदरे यी रत्नगिरि स्थलदल्लि अनादियागियिद्दंथाव-
२८ स्ति देवस्थानदल्लि जिनेश्वरस्वामिगे आराधने नडेयदे यिद्दं-

पिछला भाग

२९ थादरल्लि नीवु मत संरक्षण्यकर्तरागि वुद्भविसिदंथा यो—
३० गनिष्ठरादरिंद यी देवस्थानवनू पुनः जीर्णोद्धारव माडि
३१ संप्रोक्षणे प्रतिष्ठेयनू माडि देवता नित्य वैभववु सार्व-
३२ कालवु नडदु आ सुकृत नमगु वुंतागुव रीतिगे नडसिधिरागि
३३ अदु निमित्य आ महोत्सवाकालदल्लि निगमे नम्म सिरेहद सीमे-
३४ योलगण संते दोड्डेरि होबलि गूडिद बडुवन हल्लिस्थ-
३५ लदोलगण आपिनहल्लियनू सहिरण्योदकदानधारा-
३६ गृहीतवागि त्रिवाचवु त्रिकरणयुक्तवागि धारेयने-
३७ रदु कोट्टेवागि आ ग्रामक्के सलुवंता यरेनेल केनेलका-
३८ डारम्भ नीरारम्भ अणे अच्चुकट्टु यात कपिले गूडेगू-
३९ यिलु केरे कुंटे कालुवे मोदलागि आ ग्रामक्के सलुवंता परिस्तरण-
४० दोलगागि वुत्पत्ति आदंता सकल सुवर्णादाय सकलभत्ता-
४१ दायवनू निम्म सिप्यपारम्पर्यवु अनुभविसि कोंडुसु-
४२ खदल्लि यिहुदेंदु बरसि कोट्ट दानपट्टे । स्वदत्ताद्द्वि-
४३ गुणं पुण्यं परदत्तानुपालनं । परदत्तापहारेण
४४ स्वदत्तं निष्फलं भवेत् ॥ श्रीरामा

[इस दानपत्रकी तिथि भाद्रपद कृ० १०, शक १६०२ रौद्रि संवत्सर, ऐसी है : इसमें रंगप्पराजके पौत्र तथा कृष्णप्पराजके पुत्र रायप्पराज-द्वारा लक्ष्मीसेन भट्टारकको रत्नगिरिवस्तिके लिए आपिनहल्लि नामक ग्राम दान दिये जानेका उल्लेख है । लक्ष्मीसेनको दिल्ली, कोल्लापुर, जिनकंचि तथा पेनुगोंडे के सिंहासनाधीश कहा है । वे समंतभद्र स्वामीके प्रशिष्य तथा वीरसेन भट्टारकके शिष्य थे । दानदाता रायप्प राजा हरति नगरके [illegible] थे । उन्हें आत्रेय गोत्रके आपस्तंबसूत्रानुयायी कहा है ।

[ए. रि. मै. १९३९ पृ. १८७]

५१६

बेल्लूर (मैसूर)

कन्नड (सन् १६८०)

[यह लेख विमलनाथमूर्तिके पादपीठपर है। पद्मकुलके शर्कर-द्वारा इस मूर्तिकी स्थापना हुई थी। यह हुलिकल निवासी था तथा समन्तभद्राचार्य के शिष्य लक्ष्मीसेनाचार्यका शिष्य था। समय लगभग सन् १६८० का है।]

[ए० रि० मै० १९१५ पृ० ६८]

५१७-५१८

पोन्नूर (उ० अर्काट, मद्रास)

शक १६५५ = सन् १७३३, तमिल

[स्थानीय जिनमन्दिरके छतमें लगे स्तम्भपर यह लेख है। तिथि वैगाशि २७, प्रमादी संवत्सर, शक १६५५, कलिवर्ष ४८३४ यह है। इसमें कहा है कि स्वर्णपुर-कनकगिरिके जैन हेलाचार्यकी साप्ताहिक पूजाके लिए प्रति रविवारको पार्श्वनाथ तथा ज्वालामालिनीकी मूर्तियाँ नीलगिरिपर्वतपर ले जाते हैं। यहींके अन्य लेखमें पार्श्वनाथकी स्तुतिमें कुछ मन्त्र लिखे हैं।]

[रि० सा० ए० १९२८-२९ क्र० ४१६-१८ पृ०४०]

मूललेख

१ स्वस्ति श्री शालिवाहनशकाब्दः १६५५ कल्यब्दः ४८३४ क्कु मेळ् चेल्ला निण्रा प्रभवादि ग (श) काब्दः वरुषं ४६ क्कु प्रमादिच वरुषं वैगाशिमादं १७ (उ) एलुदिय शासनमावदु (।) स्वस्ति श्रीस्व (र्ण) पु (र) कनकगिरि आदीश्वरस्वामिचैत्यालय सम्बन्दमान वायुमूलैयिलि-

२ रुक्कुं नीलगिरि हेलाचार्यपादपूजै आदिवारत्न् तोरुम् मेर्पाडि आलयत्तिन् श्रीपार्श्वनाथस्वामियुं ज्वालामा (लि) निअम्मणैयुं मेर्पाडि स्वर्णपुरजैनर्गळ् एडुत्तुकोण्डु पोय् पूजिप्पदु (।) इन्द शासनमनन्तसेनदेव (नाले) लुदपट्टदु (॥)

[ए० इं० २९ पृ० २०२]

५१९

करन्दै (उत्तर अर्काट, मद्रास)

शक १६६९ = सन् १७४८, तमिल

[यह लेख ज्येष्ठ शु० ५, शुक्रवार, शक १६६९ को लिखा गया था। मुनिगिरि स्थित कुन्थुनाथस्वामीके मन्दिरके गोपुरका जीर्णोद्धार अगस्तियप्प नायिनार्ने किया ऐसा इसमे कहा गया है।]

[रि० सा० ए० १९३९–४० क्र० १३६]

५२०

मूडबिदुरे (मैसूर)

शक १६७९ = सन् १७५७, कन्नड

[विद्यानगर (विजयनगर) के राजा विजय सदाशिव महारायके अधीन सोदे प्रदेशके शासक अरसप्पोडेयके पुत्र इम्मडि अरसप्पोडेयने वेण्णेगावे ग्रामकी कुछ ज़मीन अपने गुरु चारुकीर्ति पण्डितदेवको अर्पित की ऐसा इस ताम्रपत्रमे उल्लेख है। तिथि-मार्गशिर शु. १ शक १६७९, राक्षस संवत्सर।]

[रि. सा. ए. १९४०–४१ पृ. २४ क्र. ए ६]

५२१

बालूर (धारवाड, मैसूर)

शक १(६) ८५ = सन् १७६३, कन्नड

[जैन मन्दिरके सन्मुख दीपमाला स्तम्भपर यह लेख है। देवण्ण और उसके पुत्रोंका इसमें उल्लेख है। तिथि कार्तिक शु. १०, सोमवार, विक्रम, शक १६८५ ऐसी दी है।]

[रि. इ. ए. १९४५-४६ क्र. २१३]

५२२

तिलिवल्लि (धारवाड, मैसूर)

१८वीं सदी, कन्नड

[इस निसिधि लेखमें वैशाख शु. ५ सोमवार, स्वर्भानु संवत्सरके दिन पुजारी पेवय्यके समाधिमरणका उल्लेख है।]

[रि. इ. ए. १९४५-४६ क्र. २५३]

५२३

काकन (जि० मोंघीर, बिहार)

संवत् १८२२ = सन् १७६६, संस्कृत – नागरी

जैन मन्दिरमें चरणपादुकाओंके चारों ओर

[इस लेखमें काकन्दीके जैन संघ-द्वारा संवत् १८२२ वैशाख शु० ६ को जैन मन्दिरके जीर्णोद्धारका तथा सुविधिनाथके चरणोंकी स्थापनाका उल्लेख है।]

[रि० इ० ए० १९५०-५१ क्र० ३]

५२४

मैसूर

कन्नड

शान्तीश्वर बसतिमें दीपस्तम्भोंपर

[इस लेखमे चामराजकी रानी देवीरम्मण्णि-द्वारा उक्त दीपस्तम्भ शान्तीश्वर वसतिको अर्पित किये जानेका उल्लेख है। ये चामराज मैसूरके राजा चामराज वोडेयर (नवम) (सन् १७७६–९६) होंगे।]

[मूल लेख कन्नड लिपिमे मुद्रित]

[ए० रि० मै० १९३६ पृ० १०२]

५२५

मैसूर

कन्नड

उपर्युक्त बसतिमें चार कलशोंपर

[इस लेखमे उपर्युक्त रानी देवीरम्मण्णि-द्वारा शान्तिनाथके अभिषेकके लिए इन चार कलशोंके दानका निर्देश है।]

[मूल लेख कन्नड लिपिमें मुद्रित]

[ए० रि० मै० १९३६ पृ० १०२]

५२६–५२७

नरसिंहराजपुर (मैसूर)

सन् १७७८–७९, कन्नड

[यहाँके दो लेख सन् १७७८ तथा १७७९ के हैं। पहलेमे वियंग बरमैयके पुत्र नागप्प-जो काम्बोदि वैश्य था तथा निर्घंडेवृक्षसंघका था –

द्वारा एक मण्डपकी स्थापनाका उल्लेख है। दूसरेमें इसी व्यक्ति-द्वारा मूर्तिका पादपीठ अर्पित करनेका उल्लेख है। रविवारव्रतकी समाप्तिपर यह दान दिये गये थे।]

[ए० रि० मै० १९१६ पृ० ८४]

५२८

मैसूर

शक १७३६ = सन् १८१४, कन्नड

शान्तीश्वर बसति–गर्भगृहके द्वारके पीतलके आवरणपर

[इस लेखमें दनिकार पद्मैयके पुत्र नागैय-द्वारा ३९½ (सेर) वजनके इस पीतलके गन्धकुटी (द्वार) के आवरण दान दिये जानेका उल्लेख है। यह दान आश्विन शु० १, शक १७३६, भाव संवत्सरके दिन दिया गया था।]

[मूल लेख कन्नड लिपिमें मुद्रित]

[ए० रि० मै० १९३६ पृ० १०२]

५२९

मैसूर

(शक १७३६ = सन् १८१४) संस्कृत-कन्नड

शान्तीश्वर बसति-सुखनासि द्वारके आवरणपर

श्रीमच्छांतिजिनेन्द्रस्य पंचकल्याणसंपदः ।
श्रिया मेरुजिनागारं हसतश्चैक्यवेश्मनः ॥१॥
परार्ध्यरचनोपेतं कवाटमिदमद्भुतं ।
कारयामास सद्भक्त्या श्रावको जैनमार्गतः ॥२॥
नागनामा पितुः स्वस्य मरिनागाह्वयस्य च ।
धनिकारपदाढ्यस्य स्वर्मोक्षसुखलब्धये ॥३॥

[इस लेखमे निर्देश किया है कि प्रस्तुत द्वारका निर्माण धनिकार मरिनागके पुत्र नाग-द्वारा किया गया। इस लेखमें समयनिर्देश नहीं है किन्तु पिछले लेखका ही समय इसका भी होगा ऐसा अनुमान होता है।]

[ए० रि० मै० १९३६ पृ० १०३]

५३०

मैसूर

शक १७५४ = सन् १८३२, संस्कृत-कन्नड

अनन्ततीर्थंकरकी मूर्ति – शान्तीश्वर बसति

१ श्रीमत्कश्यपगोत्रजो जिनपदांभोजे लसं षट्पदः क्षात्रीयोत्तम-
देवराजनृपतिः सद्धर्म-

२ पत्न्या सह (।) केंपम्मण्यभिधानया व्रतयुजा स्वर्गापवर्गप्रदं
कृत्वानंतव्रतं तदा-

३ रचितवान् बिंबं मुदैतच्छुभं ॥ अंबुधींद्रियशैलेंदु-प्रमितेस्मिन्
शकाब्दके।

४ नन्दने वत्सरे भाद्रमासे शुक्लाष्टमीतिथौ। अनंतनाथबिंबस्य
प्रतिष्ठां जग-

५ दुत्तरां (।) कारयामास पूर्वोक्तदेवराजनृपोत्तमः ॥

[इस लेखमें कश्यप गोत्रके उत्तम क्षत्रिय राजा देवराज तथा उनकी धर्मपत्नी केंपम्मणि-द्वारा अनन्तव्रतकी पूर्णताका उल्लेख है। उक्त दम्पतिने इस अवसरपर भाद्र शुक्ल अष्टमी, शक १७५४, नन्दन संवत्सर,के दिन अनन्तनाथकी यह मूर्ति स्थापित की। इस समय मैसूरमें कृष्णराज वडेयर (तृतीय) का राज्य चल रहा था। अतः लेखोक्त देवराज नृपति मैसूरकी अरसु जातिके प्रमुखोंमें-से एक थे ऐसा अनुमान होता है।]

(ए० रि० मै० १९३६ पृ० १०१)

५३१

हले हुब्बलि (जि० धारवाड, मैसूर)

शक १७८४ = सन् १८६२, कन्नड

[यह लेख शक १७८४ का है। कहा गया है कि इस वर्ष एक नया जगट बनवाया गया। यह उस पुराने जगटसे बनवाया था जो यहाँके अनन्तनाथवसदिमें पिछले ११०० वर्षोंसे था।]

[रि० सा० ए० १९४१-४२ ई० ३५ पृ० २५७]

५३२

चित्तामूर (द० अर्काट, मद्रास)

शक १७८७ = सन् १८६५, संस्कृत-ग्रन्थ

[यह लेख स्थानीय जिनमन्दिरके गोपुरकी दीवालपर है। इस गोपुरका निर्माण अभिनव आदिसेन भट्टारकने सार्वजनिक सहायतासे किया ऐसा उल्लेख है। तिथि ज्येष्ठ पूर्णिमा, शुक्रवार, शक १७८७ क्रोधन संवत्सर ऐसी दी है। इसी दीवालपर एक अन्य लेखमें जिनालयनिर्माणसे प्राप्त पुण्यकी प्राप्त पुण्यकी प्रशंसाके कुछ श्लोक है।]

[रि० सा० ए० १९३७-३८ क्र० ५१९-२०पृ० ५८]

५३३

मैसूर

१९वीं सदी, कन्नड

शान्तीश्वर वसतिमें सर्वाण्ह यक्षकी मूर्तिके पादपीठपर

इस लेखमें मरिनागैय नामक व्यक्ति-द्वारा महिसूरके शान्तीश्वर बसतिमें सर्वाण्हयक्षकी मूर्तिके पादपीठपर पीतलका आवरण लगानेका

उल्लेख किया है। मरिनागैय दनिकार पद्मैयका पुत्र था। लिपि १९वीं सदीकी है।

[मूल लेख कन्नड लिपिमें मुद्रित]

[ए० रि० मै० १९३६ पृ० १००]

५३४

मैसूर

१९वीं सदी, कन्नड

उपर्युक्त बसतिमें घण्टापर

[इस लेखमें शिरसैयके छोटे भाई पुट्टैय-द्वारा इस घण्टेके दानका उल्लेख है। लिपि १९वीं सदीकी है।

(मूल लेख कन्नड लिपिमें मुद्रित)

[उपर्युक्त पृ० १००]

५३५

मत्तावार (मैसूर)

१९ वीं सदी, कन्नड

मत्तवूर बस्ति पार्श्वनाथस्वामिचैत्यालयक्के

ऐवर अंबणनुव

[यह लेख एक घण्टेपर खुदा है। ऐवर अंबण-द्वारा यह घण्टा मत्तवूरके पार्श्वनाथस्वामी चैत्यालयमें अर्पण किया गया था। लिपि १९वीं सदीकी है।]

[ए० रि० मै० १९३२ पृ० १७५]

५३६

कन्नुपर्तिपाडु (नेलोर, आन्ध्र)

तमिल

[इस लेखमें करिकालचोल जिनमन्दिरके लिए मतिसागरदेवके उपदेशसे प्रमलदेवी-द्वारा सीढ़ियाँ बनवानेका निर्देश है। यह लेख सम्राट् राजराजदेवके ३७वें वर्षका है।

नोट—चोल राजराज नामक किसी भी राजाका राज्य ३७ वर्षकी दीर्घ सीमा तक नहीं पाया जाता। अतः इस लेखकी तिथि ग़लत प्रतीत होती है।]

(इ० म० नेलोर ५०२)

५३७

तिरुनिडंकोण्डै (मद्रास)

तमिल

[यह लेख पल्लव राजा सकल भुवनचक्रवर्ति पेरुंजिगदेवके तीसरे राज्यवर्षका है। इसमें इस देव-मन्दिरकी प्रदक्षिणामालिकाका निर्माण पालैयूर निवासी····शिंगन्-द्वारा किये जानेका उल्लेख है। लेख चन्द्रनाथ-मन्दिरके प्राकारके पश्चिमी दीवारपर खुदा है।]

[रि० सा० ए० १९३९–४० क्र० ३१४ पृ० ६६]

५३८

गेरसोप्पे (मैसूर)

संस्कृत-कन्नड

१ घनशोकवलीमंजुलदेशीगणललितकीर्तिमुनिसूनोः (।) श्रीदेव-चन्द्रसूरेरुपदेशान्नेमिजिनबिम्बं ॥

२ श्लोकः ॥ ओजणश्रेष्ठिपुत्रोसौ कल्लपश्रेष्ठिपुंगवः (।) अकारयत् सुतो यस्य मावाम्बागर्भजोजणः ॥

[यह नेमिनाथ मूर्ति ओजणश्रेष्ठिके प्रपौत्र तथा कल्लपश्रेष्ठि एवं मावाम्बाके पुत्र अजणश्रेष्ठिने देशीगण-धनशोकवलीके आचार्य ललितकीर्तिके शिष्य देवचन्द्रसूरिके उपदेशसे स्थापित की ।]

[ए० रि० मै० १९२८ पृ० ९५]

५३९

गेरसोप्पे (मैसूर)

कन्नड

१ श्रीमत्परमगंभीरस्याद्वादामोघलांछनं (।) जीयात् त्रैलोक्यनाथस्य शासनं जिनशासनं (॥)

२ श्रीजिनराजराजितपदाम्बुजराजमराल नगिरिय राजशिरो-

३ मणि प्रचुरकीर्तिदिशावलयप्रकाशनुं तेजभुजप्रतापरिपुराजमुखां-

४ बुजं हस्तवीरनुं भूजनवन्द्य होन्ननृपनर्थिजनावन कल्पवृक्षनुं होन्-

५ नमहीशनात्मजेयु मालियब्बरसिगे कामराजगं सद्गुतमूर्ति होन्ननृपनात्मसबान्-

६ धव मंगराजनुं मन्मथरूप हरिहरनृपालकनातन पुत्र हैवणरसंगे मनःप्रियान्-

७ गनेयु सान्तलदेवि समाधिकालदोलु आकेय गुरुगलु लोकख्यातियनार्न्तिद् अनन्-

८ तवीर्यरु रतिसंकाशसोबगेनिसि सन्दिर्दा कान्तेगे हैवणरस वल्लभनादं । स्मररूपं

९ सूद्रकंगो पुरदोलु कीर्तिवेत्त बोम्मणसेट्टिय वरवनिते बोम्मकंगं वरसुगु-

१० णि सान्तलरसि पुट्टिदल्लागल्। अरसप्पोडेयर तनूजे वरगुणि
बोम्मकनाकेयात्मजे सान्तकरसि-
११ यु परमन पदमं स्मरियिसि सुरलोकवेय्दि सुखदिन्दिर्दलु
अर्हन्तन पादाम्बुजमं
१२ स्मरयिसुतं नम्बि(?) पदम नालगेयोलु उच्चरिसुत्त सान्तकरसि
शरीरमं पत्तेण्टुदिन-
१३ दोलु सन्दलु वरवत्सर तारणदोलु सुरुचिर-फाल्गुणद शुद्ध
पाडिवतिथियोलु हरिदश्र-
१४ दिनदि सान्तकरसियु स्वर्गस्थलादल् आकेनिमित्तं माडिसिद
निषिधिय कल्लिगे मंगल महाश्री-

[यह निषिधि-लेख रानी सान्तलदेवीके समाधिमरणका स्मारक है। इसकी तिथि फाल्गुन शु० १, रविवार, तारण संवत्सर ऐसी थी। यह देवी बोम्मणसेट्टिकी कन्या तथा हैवणरसकी पत्नी थी। हैवणरसका पिता मंगराज था जो कामराज और मालियब्बरसिका पुत्र था। मालियब्बरसिके पिता गेरसोप्पेके राजा होन्न थे। उसका एक और पुत्र हरिहर नृपाल था। सान्तलदेवीकी माता बोम्मक्का अरसोप्पोडेयकी कन्या थी।]

[ए० रि० मै० १९२८ पृ० ९९]

५४०

सालूर (मैसूर)

कन्नड

१ श्रीमत्परमगंभीरस्याद्वादा-
२ मोघलांछनं।···
३ ···शासनं जिनशा···
४ सनं श्री···चन्द्रनाथदेव-

५ र गुड्डि नादोव्वेय···
६ ···नागय्यंगलु निलि-
७ सिद कल्लु···सालियूर
८ ····महाजनं····

[इस निषिधिलेखमे चन्द्रनाथदेवकी शिष्या नादोव्वेके समाधिमरण तथा नागय्य-द्वारा इस निषिधिकी स्थापनाका उल्लेख किया है।]

[ए० रि० मै० १९२७ पृ० १२९]

५४१

सक्करेपट्टण (मैसूर)

कन्नड

१ श्रीमत्परमगंभीरस्याद्वादामोघलांछनं। जीया-
२ त् त्रैलोक्यनाथस्य शासनं जिनशासनं। श्रीमद् राजगुरु
३ ····मौनपाचार्य श्री होसूर शिष्य नूलवागि-
४ सेट्टिय मग नूलवन्दिसेट्टिय निषिधि
५ शार्वरि संवत्सरद ६ आषाढ सुध १४ आदि

[यह निषिधिलेख होसूरके राजगुरु मौनपाचार्यके शिष्य नूलवागि-सेट्टिके पुत्र नूलवन्दिसेट्टिका स्मारक है। तिथि आषाढ शु० १४, रविवार, शार्वरी संवत्सर, इस प्रकार बतलायी है।]

[ए० रि० मै० १९२७ पृ० ६३]

५४२

तिरुनिडंकोण्डै (मद्रास)

तमिल

[इस लेखमें अप्पाण्डार (चन्द्रप्रभ) मन्दिरके इस गोपुरका निर्माण परमजिनदेवजीयर्-द्वारा किये जानेका उल्लेख है। लेखकी तिथि पंगुणि

द्वितीया, रेवती नक्षत्र, रविवार, युव संवत्सर इस प्रकार दी है। लिपि आधुनिक है।

[रि० सा० ए० १९३९-४० क्र० ३१५ पृ० ६७]

५४३

मुत्तगदहोसूर (मैसूर)

कन्नड

१ सिद्धजिनालय

२ सान्तेऔवेय बसदि

३ बगे माडिसिदनु

[इस छोटे-से लेखमें सान्तेऔवे नामक महिला-द्वारा एक जिनमन्दिरके निर्माणका उल्लेख है।]

[ए० रि० मै० १९२४ पृ० २३]

५४४

उम्मत्तूर (मैसूर)

१ स्वस्ति श्री····राज- २ भटाररु····नोन्तु

३ सन्यसनं गेटटु मुडि ४ पिदर् कल्ल निलिसिंद ज्ञा-

५ न····पण्डितं····

[इस लेखमें···राज भट्टारकके समाधिमरण तथा ज्ञान···पण्डित-द्वारा इस निषिधिकी स्थापनाका उल्लेख है।]

[ए० रि० मै० १९२८ पृ० ४७]

५४५

कम्मनहल्लि (मैसूर)

कन्नड

१ श्रीमत्परमगंभीरस्याद्वादामोघलांछनं जीयात् त्रैलोक्यनाथस्य शासनं जि····

२ ····श्रीमति मूलसंघ····संघोद्भवे····शुभे देशीगणे

३ ····स्याद्वादारिनगाशनि····कैवल्यजन्मावनिः

४ ····मयचन्द्रकरुणा····कलियुगे···

५ ····बुल्लप····शोभते····

६ ····जिनपदसेवेयोलुचितदानदोलु····यिन्तु सुख····

७ जिनेश्वरनाम····मनदोल् ····बुल्लपं

८ ····प्रभवसंवत्सर····देवाल····

९ माडिसि····(ा) हारदानक्कं

[यह लेख बहुत घिस गया है। प्रभवसंवत्सरमें बुल्लप-द्वारा किसी मन्दिर-निर्माणका तथा उसमे आहारदानके लिए कुछ व्यवस्थाका इसमें उल्लेख है। मूलसंघ-देशीगणके अभयचन्द्र आचार्यका भी उल्लेख हुआ है।]

[ए० रि० मै० १९२८ पृ० ८७]

५४६

गोणिबीड (मैसूर)

कन्नड

१ स्वस्ति श्री-　　२ मतु अ-

३ नन्तन उ-　　४ द्यापनेय

५ चउवीस तीर्थंक ६ र प्रति-
७ मे मंगल

[यह चौबीसतीर्थंकरमूर्ति अनन्तव्रतके उद्यापनके समय स्थापित की गयी थी। इस समय बन्नि महाकाली मन्दिरमें सुनारों-द्वारा इसकी पूजा की जाती है।]

[ए० रि० मै० १९२७ पृ० ७४]

५४७

कल्लहल्लि (मैसूर)

कन्नड

१ स्वस्ति श्रीमूलसंग देसिगण पुस्तकगत्स कुण्डकुन्दान्ववायं····
श्रीजयदेवभ-
२ ट्टारकदेवर प्रियसिस्यरु श्रीअनन्तवीर्यदेवर प्रियगुड्डगलु जीय-
३ गौड मल्लिगौडन मग मुद्दिगौडन मग राय-
४ गौड माडिसिद आदिपरमेश्वरप्रतिमेश्वररु मंगल म-
५ हाश्री श्री श्री रूवारि बूपोजन मग रूवारि नागोज माडिद

[इस लेखमें देसिगणके जयदेवभट्टारकके शिष्य अनन्तवीर्यदेवके शिष्य रायगौड-द्वारा आदितीर्थंकरकी मूर्तिकी स्थापनाका उल्लेख है। यह मूर्ति रूवारि बूपोजके पुत्र रूवारि नागोजने उत्कीर्ण की थी।]

[ए० रि० मै० १९२५ पृ० ९३]

५४८-५५६

तंगले (मैसूर)

कन्नड

[यहाँ एक शिलाखण्डपर कुछ मुनियोंकी मूर्तियाँ उत्कीर्ण हैं तथा उनके नीचे इस प्रकार नाम दिये हैं – १ नमोर्हते अजितकीर्तिगलु २

देवनन्दिव्रतिगलु ३ गुणसागरभटारकरु ४ कीर्तिसागरभटाररु ५ अजितसेन-भटारकरु ६ प्रभाचन्द्रदेवरु ७ विमलगुणव्रतिगलु ८ अजितसेनभटाररु ९ शुभचन्द्ररु ।]

[ए० रि० मै० १९२५ पृ० ५१]

५५७

कनकरायनगुड्ड (मैसूर)

कन्नड

१ श्रीकोण्डय्यसेट्टियर् २ मूलस्थानवसदिय स्था-

३ नक्के''''कन्तियर मगल् ४ विजयक्कं कोट्ट मण्णु

५ मू-

[इस लेखमें कोण्डय्य सेट्टि-द्वारा निर्मित मूलस्थान जिनालयके लिए विजयक्का-द्वारा कुछ भूमि दान दी जानेका उल्लेख है ।]

[ए० रि० मै० १९२५ पृ० ३८]

५५८

हुलदेनहल्लि (मैसूर)

कन्नड

१ परमेश्वर पृथ्वीराज्य--

२ रसारपुर वूरवेल्लिय--

३ योल्कट्टि किलगणकेरे--

४ नन्दियडिगल् पडेदरातद--

५ रु साक्षि सिडिलवडु तोरेदे--

६ पालु अरुगोल केरेय केलग--

७ ण देसे एलु मने तार इदके सा--

८ वत्तरु तेकल्नाड एल्पत्तारु द--

[इस लेखका ऊपरका और दाहिना भाग टूटा है। नन्दियडिगल् आचार्यको कुछ भूमि दान दिये जानेका इसमें उल्लेख है।]

[ए० रि० मै० १९२६ पृ० ८३]

५५९

तोलल्लु (मैसूर)

कन्नड

१ श्रीमत्परमगंभीरस्याद्वादा-
२ मोघलांछनं जीयात् त्रैलोक्यना-
३ थस्य शासनं जिनशासनं । स्वस्ति यमनि-
४ यमस्वाध्यायगुणसम्पन्नरप्प अभयच-
५ न्द्रदेवरु सर्गगामिगलाद परोक्ष-
६ यममागल् पद्मावतियक्क माडिसिद सास-
७ नं ॥ अरेवेसनागिरद बसदियं माडि-
८ सिदरु देवर मनेय परिसूत्रद गट्टुं कट्टि-
९ यिसिदरु मनेयं माडि नडुम्मरनुमं नट-
१० रु इनिसक्कं यिक्कि पूजिसिद गद्याणवेप्प-
११ त्तु । इन्तप्पुदक्के साक्षि मुद्दगवुण्डनु भास-
१२ गवुण्डनुं तम्मडिय····र्रु । बिट्टियणनुं ने-
१३ मणनुं ईस्तानकोडेयरु ।

[इस लेखमें कहा है कि आचार्य अभयचन्द्रकी मृत्यु होनेपर उनकी शिष्या पद्मावतियक्काने एक अधूरे जिनमन्दिरको पूर्ण किया। इस कार्यमें ७० गद्याण खर्च हुए। इस मन्दिरके व्यवस्थापक बिट्टियण तथा नेमण थे। मुद्दगवुण्ड तथा भासगवुण्ड इसके साक्षी थे।]

[ए० रि० मै० १९२६ पृ० ४२]

५६०–५६१

यलवट्टि (जि० धारवाड, मैसूर)

कन्नड

[यहाँ दो लेख हैं । एकमें मूलसंघ-देशीयगणके सकलचन्द्रदेवके गृहस्थ शिष्य सेनबोव केतय्यकी मृत्युका उल्लेख है । इसकी तिथि मार्गशिर शु० ८ शुक्रवार, आनन्द संवत्सर ऐसी दी है ।

दूसरे लेखमें मूलसंघ-देशीगण-पोस्तक गच्छ – कोण्डकुन्दान्वयके देवकीर्ति भट्टारकके एक शिष्यकी मृत्युका उल्लेख है । इसकी तिथि श्रावण कृ० ९ रविवार, साधारण संवत्सर ऐसी है ।]

(रि० सा० ए० १९४४-४५ एफ् ६०-६१)

५६२

शाबल (जि० धारवाड, मैसूर)

कन्नड

[इस लेखमें देशीयगणके बालचन्द्र त्रैविद्यदेवके एक गृहस्थ शिष्यकी मृत्युका उल्लेख है । मार्गशिर कृ० ३, व्यय संवत्सर ऐसी तिथि दी है ।]

(रि० सा० ए० १९४४-४५ एफ् ५४)

५६३

दानवुलपाडु (जि० कडप्पा, आन्ध्र)

कन्नड

[इस लेखमें कनककीर्तिदेवके शिष्यकी – जो पेनुगोण्टका एक व्यापारी था – निसिधिका उल्लेख है ।]

(इ० म० कडप्पा १४९)

५६४

मुल्कि (दक्षिण कनडा, मैसूर)

कन्नड

[जैन बसदिके आगे मानस्तम्भकी दक्षिण बाजूपर। इसमें तीर्थंकरों-की प्रशंसामें पाँच श्लोक लिखे गये हैं।]

(इ० म० दक्षिण कनडा ९३)

५६५

मद्रास (म्यूजियम)

कन्नड

[यह लेख शान्तिनाथकी मूर्तिके पादपीठपर है। महाप्रधान ब्रह्मदेवण-द्वारा स्थापित किये हुए येरग जिनालयमें यह मूर्ति थी। मूलसंघ, कुण्ड-कुन्दान्वय, काणूरगण, तिन्त्रिणि गच्छके महामण्डलाचार्य सकलभद्र भट्टारक ब्रह्मदेवणके गुरु थे।]

(इ० म० मद्रास ३२४)

५६६

मद्रास (म्युजियम)

कन्नड व संस्कृत

[इस लेखमें साहित्यप्रिय साल्व-राजा द्वारा शास्त्रोक्त रीतिसे शान्ति-नाथकी मूर्तिके निर्माणका तथा स्थापनाका निर्देश है।]

(इ० म० मद्रास ३२५)

५६७

कोगलि (बेल्लारी, मैसूर)

कन्नड

जैन मन्दिरमें एक मूर्तिके पादपीठपर

[चैत्र शु० १४, रविवार, परिधावि संवत्सरमें अनन्तवीर्यदेवके शिष्य ओबेयमसेट्टि-द्वारा इस मूर्तिकी स्थापनाका इस लेखमे निर्देश है ।]

(इ० म० बेल्लारी १९०)

५६८

कीलक्कुडि (मदुरा, मद्रास)

तमिल

[गुहामे जैन मूर्तिके पादपीठपर ।

गुणसेनदेवके शिष्य वर्धमानव पण्डितके शिष्य गुणसेनपेरियडिगल-द्वारा यह मूर्ति खुदवायी गयी ऐसा इस लेखमें निर्देश है । यहाँकी अन्य दो मूर्तियोंके लेखोंमे भी गुणसेनदेवका उल्लेख है ।]

[इ० म० मदुरा ३९]

५६९

कुण्डघाट (जि० मोंघीर, बिहार)

संस्कृत–गौडीय

जैन मन्दिरमें महावीरमूर्तिके पादपीठपर

[इस लेखमें वीरेश्वरक-द्वारा इस मूर्तिके दिये जानेका निर्देश है ।]

[रि० इ० ए० १९५०–५१ क्र० ९]

५७०

पेनुकोण्ड (जि० अनन्तपुर, आन्ध्र)

कन्नड

पार्श्वनाथमन्दिरके समीप एक कुँएके पास शिलापर

[यह जिनभूषणभट्टारकदेवके शिष्य नागय्यका समाधि लेख है ।]

[इ० म० अनन्तपुर १६७]

५७१

कायाम्पट्टि (मद्रास)

तमिल

[यह लेख शमणर् तिडल् नामक भग्न जिनमन्दिरके पास है। जयवीर पेरिलमैयान्-द्वारा तिरुवेण्णायिल् स्थित ऐन्नूरुवपेरुम्पल्लि (जिन-मन्दिर) के आगे फ़र्श बनवानेका इसमें उल्लेख है ।]

[इ० पु० क्र० १०८३ पृ० १५१]

५७२–५७३

मलैयकोविल् (मद्रास)

तमिल

[इस लेखमें जैन आचार्य गुणसेनका नाम दिया है। साथमें परवा-दिनिदा यह उपाधि है । स्थानीय गुहामन्दिरके पास पाषाणपर यह लेख उत्कीर्ण है । ऐसा ही लेख तिरुमय्यम्के सत्यगिरीश्वरमन्दिरके एक पाषाण-पर भी है ।]

[इ० पु० क्र० ४-५ पृ० १]

५७४

तेणिमलै (मद्रास)

तमिल

[यह लेख एक पाषाणपर उत्कीर्ण जिनमूर्तिके नीचे है। यह मूर्ति (तिरुमेणि) श्रिवल्ल उदण सेरुवोट्टि-द्वारा उत्कीर्ण थी ऐसा लेखमे कहा है।]

[इ० पु० क्र० १० पृ० १]

५७५

पूण्डि (जि० उत्तर अर्काट, मद्रास)

तमिल

पोन्निनाथ जैन मन्दिरके पश्चिमी दीवालपर

[इस लेखमें शम्बुवरायका उल्लेख है। वीरवीरजिनालय नामक मन्दिरकी स्थापनाका तथा उसे एक गाँव दान देनेका उल्लेख इस लेखमे है।]

[इ० म० उत्तर अर्काट २१०]

५७६

मूडबिदुरे (मैसूर)

कन्नड

[इस ताम्रपत्रके तीन भाग हैं। पहला भाग वृषभ २२, गुरुवार, तारण संवत्सरके दिनका है। इसमें चन्द्रकीर्तिदेव-द्वारा २४ तीर्थंकरोंको पूजाके लिए २०० होन्नु अर्पण किये जानेका उल्लेख है। यह रक़म विष्णु कलुम्बरुको क़र्ज़ दी गयी थी। उसने अपनी कुछ ज़मीन गिरवी रखकर इस रक़मके ब्याजके रूपमें १६ मन चावल देना स्वीकार किया था। दूसरा भाग कर्क ९, बुधवार, स्वर्भानु संवत्सरके दिनका है। इसमें श्रीधर पडि-

कोदि-द्वारा ज़मीन गिरवी रखकर २१०० वीररायफण क़र्ज़ प्राप्त करनेका उल्लेख है। इसके ब्याजके रूपमे २८ मुडे चावल देना स्वीकार किया था। इसका उपयोग गेरुसोप्पेकी ललितादेवी-द्वारा स्थापित बसदिमे पूजाके लिए होना था। तीसरा भाग मेष १, रविवार, नन्दन संवत्सरके दिनका है। इसमें तीन बन्धुओं-द्वारा पार्श्वनाथबस्तिसे कुछ क़र्ज लेनेका तथा उस-पर कुछ निश्चित रक़म ब्याज देनेका उल्लेख है।]

[रि० सा० ए० १९४०-४१ क्र० ए ९]

५७७

मूडबिदुरे (मैसूर)

कन्नड

[इस ताम्रपत्र-लेखमें चारुकीर्ति पण्डितदेव-द्वारा निर्मित चण्डोग्र पार्श्वनाथबसदिके लिए कर्बरबलिके बर्मनन्द तथा उनके बन्धु कुंगिय बर्मिसेट्टि-द्वारा ७०१ गद्याण दान दिये जानेका निर्देश है। लेखकी तिथि वृषभ १५, रविवार, दुर्मुखि संवत्सर ऐसी दी है।]

[रि० सा० ए० १९४०-४१ क्र० ए ७]

५७८

निट्टूर (मैसूर)

कन्नड

१ चित्रभानु २ संवत्सर ३ द फाल्गुण
४ द शुद्ध ८ ५ यु सोम ६ वार बोम्मण्ण
७ गलु स्वर्गस्त ८ राद निषिधि

[इस निषिधिलेखमें फाल्गुन शु० ८, चित्रभानु संवत्सरके दिन बोम्मण्णके समाधिमरणका उल्लेख है।]

[ए० रि० मै० १९३० पृ० २५७]

५७९

तलकूर (मैसूर)

कन्नड

१ भावसंवत्सरद श्राव- २ ण शुद्ध त्रयोदसि आ-
३ दिवारदंदु स्वस्ति ४ श्रीमद्····अजितेश्व-
५ रदेवर····महाजनं··· ६ ····वागि···
७ ···केशवदेवर बम्म- ८ ब्बे तोटदिं···
९ ····वागि म्कम२··· १० कोण्डु····
११ ····येनुल्ल

[यह लेख काफी अस्पष्ट हुआ है। श्रावण शु० १३, रविवार, भावसंवत्सरके दिन किसी ग्रामके महाजनों द्वारा अजितेश्वर देवके मन्दिरके लिए कुछ भूमि दान दी गयी ऐसा इसमें उल्लेख है। केशवदेवकी कन्या बम्मब्बेके उद्यानके समीपकी २ कम्म जमीन भी इस दानमें सम्मिलित थी।]

[ए० रि० मै० १९३० पृ० ११३]

५८०

अंबले (मैसूर)

कन्नड

१ जिनचंद्रदेवरु २ ····मुडि(पि)···

[इस छोटे-से लेखमें जिनचन्द्रदेवके समाधिमरणका उल्लेख है।]

[ए० रि० मै० १९३० पृ० १३३]

५८१-५८४

हैदराबाद (म्युजियम) (आन्ध्र)

संस्कृत-कन्नड

[ये चार मूर्तिलेख हैं जो घिसनेसे अस्पष्ट हुए हैं। एकमें मूलसंघके किसी व्यक्तिका उल्लेख है। दूसरेमे एक मूर्तिकी स्थापना फाल्गुन शु० १५, बुधवार, शर्वरी संवत्सरके दिन किये जानेका उल्लेख है। तीसरेमें पण्डित मल्लिसेनका उल्लेख है। चौथेमें नेमिचन्द्रदेवके शिष्य कुमार मायिदेव महामण्डलेश्वर-द्वारा पार्श्वनाथ मूर्तिकी स्थापनाका उल्लेख है। इन लेखोंका समय निश्चित नहीं है।]

[रि० इ० ए० १९४६-४७ क्र० १४९, १५०, १५२, १५४]

५८५

भोसे (सातारा, महाराष्ट्र)

कन्नड

[इस लेखमें मूलसंघ-काणूरगणके वामनन्दि व्रतीश्वरका उल्लेख है। लेख बहुत घिस गया है। समय निश्चित नहीं है।]

[रि० इ० ए० १९४६-४७ क्र० २४३]

५८६

बेलगामे (मैसूर)

संस्कृत-कन्नड

१ गणप्राच्यमहीभृदर्कः श्री-
२ मव्याब्धिवर्धिष्णुशशांकमूर्तिः

[यह लेख एक जिनमूर्तिके पादपीठपर है और इसका आधा भाग अस्पष्ट हो जानेसे अधूरा हुआ है। इसमें किसी गणके एक आचार्यका उल्लेख रहा है।]

[ए० रि० मै० १९२९ पृ० १२६]

५८७

कारकल (मैसूर)

संस्कृत

[यह लेख गोम्मट मूर्तिके सम्मुख ब्रह्मस्तम्भके समीप उत्कीर्ण पादुकाओंके पास है। लिपि आधुनिक है –
(मूल-) श्रीगणधरपादम्।]

[रि० इ० ए० १९५३-५४ क्र० ३३८ पृ० ५२]

५८८

कोप्पल (रायचूर, मैसूर)

कन्नड

[इस लेखमें चावय्य-द्वारा जटासिंगनन्दि आचार्यकी पादुकाओंकी स्थापनाका उल्लेख है।]

[रि० इ० ए० १९५४-५५ क्र० १६१ पृ० ४१]

५८९

बादंगट्टि (धारवाड, मैसूर)

कन्नड

[यह लेख बोम्मिसेट्टिके समाधिमरणका स्मारक है।]

[रि० इ० ए० १९४७-४८ क्र० १६९ पृ० २२]

५९०

बालेहल्लि (धारवाड, मैसूर)

कन्नड

[इस लेखमें मार्गशिर व० १०, शुक्रवार, शुभकृत् संवत्सरके दिन माधवचन्द्रदेवके शिष्य नागगौडकी पत्नी सायिगवुडिके समाधिमरणका उल्लेख है।]

[रि० इ० ए० १९४७-४८ क्र० १९१ पृ० २३]

५९१

गुडुगुडि (धारवाड, मैसूर)

कन्नड

[यह लेख सरस्त (सूरस्त) गणके किसी आचार्यकी शिष्या नागवेके समाधिमरणका स्मारक है।]

[रि० इ० ए० १९४७-४८ क्र० २०० पृ० २४]

५९२

मन्तगि (धारवाड, मैसूर)

कन्नड

[यह लेख टूटा है। हरिकेसरिदेव, हरिकान्तदेव तथा तोयिमरस द्वारा विभिन्न बसदियोंको दिये गये भूमिदानोंका इसमें उल्लेख है। इनमें बंकापुरकी उम्पंटाट्चण बसदि तथा कोन्तिमहादेविय बसदिका भी समावेश है।]

[रि० इ० ए० १९४७-४८ क्र० २०८ पृ० २५]

५९३

मन्तगि (धारवाड, मैसूर)

कन्नड

[इस लेखमें फाल्गुन – ? – बडुवार, सर्वधारि संवत्सरके दिन सूरस्तगणके सहस्रकीर्तिदेवके शिष्य तथा मल्लिगुण्डके महाप्रभु विठगौडके समाधिमरणका उल्लेख है ।]

[रि० इ० ए० १९४७-४८ क्र० २१० पृ० २५]

५९४

येलबर्गि (रायचूर, मैसूर)

कन्नड

[यह लेख एक भग्न मूर्तिके पादपीठपर है । इसमें मूलसंघ, सूरस्तगण तथा कन्निसेट्टिका उल्लेख है ।]

[रि० इ० ए० १९५५-५६ क्र० २२५ पृ० ३९]

५९५

तिरुप्परंकुण्डम् (मदुरै, मद्रास)

तमिल (?) – ब्राह्मी

[यहाँ पहाड़ीपर दो गुहाओंमे निम्न पंक्तियाँ खुदी है । ये गुहाएँ जैन श्रमणोंके लिए उत्कीर्ण की गयी थीं –

(१) न य (२) मा ता ये व

(३) अ न तु वा ण को टु पि ता वा ण]

[रि० इ० ए० १९५१-५२ क्र० १४०-४२ पृ० २२]

५९६

देवत्तूर (मदुरा, मद्रास)

वट्टेलुत्तु

[यह लेख बहुत अस्पष्ट है। इसमें किसी पल्लि (जैन वसति) तथा तुंग पल्लवरैयन्का उल्लेख है।]

[रि० सा० ए० १९३१-३२ क्र० ५९ पृ० १२]

५९७

अक्कूर (धारवाड, मैसूर)

कन्नड

[यह लेख वीरभद्र मन्दिरकी एक भग्न मूर्तिके पादपीठपर है। इसमें शान्तिनाथ, सोमदेव तथा वसुधाकरदेवकी स्तुति की है। सातोज-रामोज-द्वारा इस बसदिके निर्माणका उल्लेख है।]

[रि० सा० ए० १९३२-३३ क्र० ई० ७ पृ० ९२]

५९८

हावेरी (धारवाड, मैसूर)

कन्नड

[इस लेखमें मादरस-द्वारा जिनमन्दिरकी सीढ़ियाँ बनवाये जानेका उल्लेख है। इस समय यह लेख वीरभद्र मन्दिरमें लगा है।]

[रि० सा० ए० १९३२-३३ क्र० ई० ९६ पृ० १०१]

५९९-६०२

इंगलेश्वर (बिजापूर, मैसूर)

कन्नड

[ये चार समाधिलेख हैं। पहलेकी तिथि तारण, अमावास्या, शुक्रवार यह है। यह सत्यण्णकी समाधि है। दूसरा लेख अग्गलसेट्टिके पुत्र शान्ति-

सेट्टिकी समाधिपर है। तिथि आंगिर संवत्सर, चैत्र १, सोमवार यह है। तीसरी समाधि शान्तिदेव मुनिकी है। तिथि प्रमादि संवत्सर, ····मास व ६, शुक्रवार यह है। चौथी समाधि माघनन्दि मुनिपकी है। तिथि श्रावण शु० ११, शुक्रवार, युव संवत्सर है।]

[रि० सा० ए० १९३०-३१ क्र० ई १५-१८ पृ० ८५]

६०३

कागिनोल्लि (धारवाड, मैसूर)

कन्नड

[यह लेख एक स्तम्भपर है। इसमें दानविनोद वैरिनारायण लंक-मसण आदित्यवर्माकी स्तुति की है तथा उसके द्वारा काणूरगण, मेषपाषाण-गच्छकी बसदिमें एक स्तम्भकी स्थापनाका उल्लेख है।]

[रि० सा० ए० १९३३-३४ क्र० ई० २८ पृ० १२१]

६०४

माकनूर (धारवाड, मैसूर)

कन्नड

[इस लेखमें खर संवत्सर, कार्तिक शु० (?), शुक्रवारके दिन मूल संघ-सूरस्थगणके नन्दिभट्टारकके शिष्य बोप्पगौडके समाधिमरणका उल्लेख है।]

[रि० सा० ए० १९३४-३५ क्र० ई ५० पृ० १५१]

६०५

लक्कुण्डि (धारवाड, मैसूर)

कन्नड

[यह लेख एक भग्न जिनमूर्तिके पादपीठपर है। इसकी स्थापना त्रैविद्य नरेन्द्रसेनके शिष्य वैश्य जेमिसेट्टिकी कन्या राजब्बेने की थी।]

[रि० सा० इ० १९३४-३५ क्र० ई ७५ पृ० १५४]

६०६

देवूर (बिजापूर, मैसूर)

कन्नड

[इस लेखमें मूलसंघ-देसिगण-इंगलेश्वर बलिके नेमिदेव आचार्यके शिष्य सिंगिसेट्टि, देविसेट्टि, पदुमव्वे तथा सिंगेयके समाधिमरणका उल्लेख है।]

[रि० सा० ए० १९३६-३७ क्र० ई २२ पृ० १८३]

६०७

शिरूर (जमखंडी, मैसूर)

कन्नड

[इस लेखमें यापनीय संघ-वृक्षमूलगणके कुसुमजिनालयमें कालिसेट्टि-द्वारा पार्श्वनाथमूर्तिकी स्थापनाका वर्णन है।]

[रि० सा० ए० १९३८-३९ क्र० ई ९८ पृ० २१९]

६०८

इडैयालम् (द० अर्काट, मद्रास)

तमिल

[यहाँ जैन मन्दिरके समीप पाषाणोंपर चरणपादुकाएँ उत्कीर्ण हैं तथा निम्न नाम खुदे हैं –

(१) मल्लिषेणमुनीश्वर (२) विमलजिनदेव
(३) अप्पाण्डार् नायिनार् (४) इडैयालम्के जिनदेवर्]

[रि० सा० ए० १९३८-३९ क्र० ३११-१४ पृ० ४२]

६०९

तोरनगल्लु (बेल्लारी, मैसूर)

कन्नड

[यह लेख अकलंकदेवके शिष्य बयिचिसेट्टिके समाधिमरणका स्मारक है।]

[रि० सा० ए० १९२२-२३ क्र० ७२९ पृ० ५१]

६१०

लोकिकेरे (बेल्लारी, मैसूर)

कन्नड

[यह लेख श्री रत्नभूषण भट्टारकके प्रिय शिष्य लोकेयकेरे निवासी मरगोण्डके समाधिमरणका स्मारक है।]

[रि० सा० ए० १९२४-२५ क्र० २९९ पृ० ४९]

६११-६१२

गरग (धारवाड, मैसूर)

कन्नड

[यह लेख यापनीय संघ-कुमुदिगणके शान्तिवीरदेवके समाधिमरणका स्मारक है। तिथि श्रावण व० ४, गुरुवार, विकृति संवत्सर ऐसी दी है। यहींके एक अन्य लेखमें भी यापनीय संघ-कुमुदिगणका उल्लेख है। अन्य विवरण लुप्त हुआ है।]

[रि० सा० ए० १९२५-२६ क्र० ४४१-४४२ पृ० ७६]

६१३

कुमठ (उत्तर कनडा, मैसूर)

कन्नड

[स्थानीय जैन बसदिमें पार्श्वनाथमूर्तिके पादपीठपर यह लेख है। मूलसंघ, सूरस्तगण, चित्रकूट गच्छके मुकुन्ददेव-द्वारा इस मूर्तिकी स्थापना की गयी थी।]

[रि० इ० ए० १९४७-४८ क्र० २३७ पृ० २७]

६१४

कुमठ (उत्तर कनडा, मैसूर)

कन्नड

[इस लेखमें पुष्य शु० (?) क्रोधन संवत्सरके दिन क्राणूरगणके गंजिय मलधारिदेवकी शिष्या कंचलदेवीके समाधिमरणका उल्लेख है। इसके पतिका नाम त्रिभुवनवीर था तथा कदम्ब राजाओंकी उपाधियाँ उसे दी गयी हैं।]

[रि० इ० ए० १९४७-४८ क्र० २४२ पृ० २८]

६१५

रायद्रुग (बेल्लारी, मैसूर)

कन्नड

[यहाँके निसिधि लेखोंमें निम्न व्यक्तियोंके नाम हैं – मूलसंघके चन्द्रभूति, आपनीय संघके चन्द्रेन्द्र, बादय्य तथा तम्मण। एक लेखपर माघ शु० १ सोमवार, प्रमाथि संवत्सर यह तिथि दी है।]

[रि० सा० ए० १९१३-१४ क्र० १०९ पृ० १२]

६१६-६१७

कोगलि (बेल्लारी, मैसूर)

कन्नड

[इस मूर्तिलेखमें अनन्तवीर्यदेवके शिष्य ओडेयमसेट्टि-द्वारा इस मूर्तिकी स्थापनाका उल्लेख है। यहाँके एक स्तम्भपर जिनमूर्तियोंके अभिषेकके लिए कई व्यक्तियों-द्वारा दिये गये दानोंका उल्लेख है। प्रथम लेखकी तिथि चैत्र शु० १४ रविवार, परिधावि संवत्सर ऐसी दी है।]

[रि० सा० ए० १९१४-१५ क्र० ५२०-२१ पृ० ५३]

६१८

मुलगुन्द (धारवाड, मैसूर)

कन्नड

[इस लेखमें देसिगण-हनसोगे अन्वयके ललितकीर्ति भट्टारकके शिष्य सहस्रकीर्तिकी मृत्युका उल्लेख है। मुस्लिमों-द्वारा पार्श्वनाथबसदिपर आक्रमणके समय उनकी मृत्यु हुई थी।]

[रि० सा० ए० १९२६-२७ क्र० ई ९२ पृ० ८]

६१९

कलकेरि (धारवाड, मैसूर)

कन्नड

[इस लेखमें मूलसंघ-काणूरगण-तिंत्रिणी गच्छके भानुकीर्ति सिद्धान्तदेवके शिष्य हलिगावुण्ड-द्वारा कलिकेरेके अकलंकचन्द्रभट्टारकके लिए एक बसदिके निर्माण तथा पार्श्वनाथमूर्तिकी स्थापनाका उल्लेख है।]

[रि० सा० ए० १९२७-२८ क्र० ई ५१ पृ० २४]

६२०

कम्मरचोडु (बेल्लारी, मैसूर)

कन्नड

[इस लेखमें पद्मप्रभमलधारिदेवके प्रियशिष्य महावड्डव्यवहारि रायर-सेट्टिकी पत्नी चन्दव्वे-द्वारा इस जिनमूर्तिके जीर्णोद्धारका वर्णन है। इस समय यह मूर्ति हिन्दू देवताके रूपमें पूजी जाती है।]

[रि० सा० ए० १९१५-१६ क्र० ५६० पृ० ५५]

६२१-६२२

कोद्दशीवरम् (अनन्तपुर, आन्ध्र)

कन्नड

[यह लेख एक स्तम्भपर है। काणूर गणके पुष्पनन्दि मलधारिदेवके शिष्य दावणन्दि आचार्य-द्वारा एक बसदिके निर्माणका इसमें उल्लेख है। यहींके एक अन्य लेखमें काणूरगणके (?) आचार्यकी शिष्या इरुंगोल राजाकी रानी आलपदेवी-द्वारा इस बसदिकी रक्षाका उल्लेख है।]

[रि० सा० ए० १९१६-१७ क्र० २०-२१ पृ० ७२]

६२३-६२६

अमरापुरम् (अनन्तपुर, आन्ध्र)

कन्नड

[यहाँके निसिधिलेखोंमें निम्न व्यक्तियोंके नाम हैं—(१) प्रभाचन्द्र-देवके शिष्य कोम्मसेट्टि (२) पोतोज तथा उसका पुत्र सयबि मारय (३) मूलसंघ-देसियगणके बालेन्दु मलधारिदेवके शिष्य विरूपय तथा मारय (४) मूलसंघ-सेनगणके प्रसिद्ध वादि भावसेन त्रैविद्यचक्रवर्ति (५) इंगलेश्वरके प्रभाचन्द्र भट्टारकके शिष्य बोम्मिसेट्टियर वाचय्य (६) बेरिसेट्टिके पुत्र सम्बिसेट्टि। यहाँके एक अन्य लेखमें इंगलेश्वरके त्रिभुवनकीर्ति राउलके शिष्य देशियगणके बालेन्दु मलधारिदेव-द्वारा एक बसदिके निर्माणका उल्लेख है।] [रि० सा० ए० १९१६-१७ क्र० ४१-४७ पृ० ७४]

६३०

तम्मदहल्लि (अनन्तपुर, आन्ध्र)

कन्नड

[इस लेखमें मूलसंघ-देसियगणके चारुकीर्ति भट्टारकके शिष्य चन्द्रांक भट्टारकके समाधिमरणका उल्लेख है ।]

[रि० सा० ए० १९१६-१७ क्र० ४८ पृ० ७४]

६३१

रामपुरम् (अनन्तपुर, आन्ध्र)

कन्नड

[इस लेखमें मूलसंघ-देसियगणके देवचन्द्रदेवके शिष्य बेट्टिसेट्टिके पुत्र कृष्णसेट्टिके समाधिमरणका उल्लेख है ।]

[रि० सा० ए० १९१७-१८ क्र० ७१४ पृ० ७४]

६३२

रामतीर्थम् (विजगापटम्, आन्ध्र)

तेलुगु

[यह लेख एक भग्नजिनमूर्तिके पादपीठपर है । ओंगेरुमार्गस्थित चनुद (व्रो) लु निवासी प्र (मि) सेट्टि-द्वारा इस मूर्तिकी स्थापना हुई थी ।]

[रि० सा० ए० १९१७-१८ क्र० ८३२ पृ० ८५]

६३३

वेलूर (द० अर्काट, मद्रास)

तमिल

[इस लेखमें जयसेन-द्वारा इस जिनमन्दिरके जीर्णोद्धारका उल्लेख है । लिपि उत्तरकालीन है ।]

[रि० सा० ए० १९१८-१९ क्र० १२४ पृ०५९]

६३४
निडुगल (मैसूर)
कन्नड

[इस लेखमें बेल्लुम्बट्टेके भव्यों-द्वारा—जो मूलसंघदेसिगणके नेमिचन्द्र भट्टारकके शिष्य थे—पार्श्वनाथ मूर्तिकी स्थापनाका उल्लेख है।]

[ए० रि० मै० १९१८ पृ० ४५]

६३५-६३६
नेल्लिकर (द० कनडा, मैसूर)
संस्कृत-कन्नड

[यह लेख स्थानीय अनन्तनाथवसदिमें है। इसके मण्डपका निर्माण मंजण कोन्नभूप-द्वारा किया गया ऐसा कहा है। यहींके दूसरे लेखमें इस मन्दिरका निर्माण ललितकीर्ति भट्टारकदेवके शिष्य कल्याणकीर्तिदेवकी सम्पत्तिसे देवचन्द्र-द्वारा किये जानेका उल्लेख है।]

[रि० सा० ए० १९२८-२९ क्र० ५२०-५२१ पृ० ४८-४९]

६३७
मुनुगोडु (गुण्टूर, आन्ध्र)
तेलुगु

[इस लेखमें बिल्लम नायक-द्वारा पृथिवीतिलकबसदिके लिए कुछ भूमि दान दिये जानेका उल्लेख है।]

[रि० सा० ए० १९२९-३० क्र० १९ पृ० ६]

६३८-६३९
लक्कुण्डि (धारवाड, मैसूर)
कन्नड

[ये दो लेख हैं। एकमें मूलसंघ—देवगणके शंखदेव-द्वारा एक जिन-

मूर्तिकी स्थापनाका उल्लेख है। दूसरेमें वसुधैकबान्धवजिनालयके त्रिभुवन-तिलक शान्तिनाथदेवके लिए एक दानशालाके समर्पणका उल्लेख है।]

[रि० सा० ए० १९२६-२७ क्र० ई ३१, ३४ पृ० ३]

६४०

जावूर (धारवाड, मैसूर)

कन्नड

[इस लेखमे बीचिसेट्टि-द्वारा सकलचन्द्र भट्टारकको जावूरु ग्रामके पुनः दानका उल्लेख है। नविलगुन्दमे जयकीर्तिदेव-द्वारा निर्मित ज्वाला-मालिनीवसदिके लिए मल्लिदेवने पहले यह गाँव अर्पण किया था।]

[रि० सा० ए० १९२८-२९ क्र० ई २२८ पृ० ५५]

६४१

कोमरगोप (धारवाड, मैसूर)

कन्नड

[इस लेखमें त्रिभुनतिलक जिनालयमे आहारदानादिके लिए बालचन्द्र सिद्धान्तदेवके शिष्य पेर्गडे वासियण्णकी पत्नी चामिकब्बे-द्वारा सुवर्णदानका उल्लेख है।]

[रि० सा० ए० १९२८-२९ क्र० ई २३० पृ० ५५]

६४२-६५०

गुण्डकेर्जिगि (बिजापूर मैसूर)

कन्नड

[यहाँ भग्न मूर्ति-पाषाणोंपर निम्न नाम खुदे हैं। (१) देशियगण-इंगलेश्वर (वलि) के चन्द्रकीर्तिदेव तथा जयकीर्तिदेव (२) अपराजिता देवी (३) वृषभयक्ष (४) पातालयक्ष (५) कुबेरयक्ष (६) महानसीयक्षी (७) अनन्तमती (८) चक्रेश्वरी (९) (शा) न्तनाथस्वामी]

[रि० सा० ए० १९२९-३० क्र० ई १६-१७ पृ० ६६]

६५१

हुलूर (बिजापूर)

कन्नड

[इस लेखमें कण्डूर गणकी एक बसदिके लिए पुलुवरणिके महाजनों-द्वारा भूमिदानका उल्लेख है।]

[रि० सा० ए० १९२९-३० पृ० ६७ क्र० ई २९]

६५२

तम्मदहहि (बिजापूर, मैसूर)

कन्नड

[इस निसिधि लेखमें इंगलेश्वरतीर्थकी बसदिके आचार्य देवचन्द्र भट्टारकके शिष्य बोगगावुण्डके समाधिमरणका उल्लेख है।

[रि० सा० ए० १९२९-३० क्र० ई ७० पृ० ६९]

६५३

तुम्बिगि (बिजापूर, मैसूर)

कन्नड

[यह लेख पुष्य शु० १०, सोमवार, ईश्वरसंवत्सर, राज्यवर्ष ८ का है। राजाका नाम लुप्त हुआ है। इस समय बोचुवनायककी निसिधिकी स्थापना की गयी थी तथा तदर्थ पार्श्वदेवको कुछ भूमि अर्पित की गयी थी।]

[रि० सा० ए० १९२९-३० क्र० ई० ७४ पृ० ६९]

६५४

हुविन हिप्परगि (बिजापूर, मैसूर)

कन्नड

[इस लेखमें हबु रेमरस तथा रेचरस-द्वारा ऋषियोंके आहारदानके लिए देवचन्द्र भट्टारकको कुछ भूमि दान देनेका उल्लेख है। इंगलेश्वरके देवकीर्ति भट्टारकका भी उल्लेख है।]

[रि० सा० ए० १९२९-३० क्र० ई ९१ पृ० ७१]

परिशिष्ट १

श्वेताम्बर लेखोंकी सूचना

